अध्यापक : सबसे पहले समुद्रयात्रा करने वाले पुर्तगाली थे। भारत और चीन के लिए एक समुद्री मार्ग खोजना पुर्तगाली राजकुमार हेनरी के जीवन की बड़ी अभिलाषा थी। इसके लिए एक नौसेना स्कूल खोला। जिससे वह 'हेनरी-दी- नेविगेटर' नाम से लोकप्रिय हो गया। उसका प्रोत्साहन भौगोलिक खोजों के लिए प्रेरणादायक रहा।

हेनरी 'स्कूल ऑफ नेविगेशन' स्कूल का संस्थापक था। प्रति वर्ष अफ्रीका के पूरे पश्चिमी तट की समुद्र यात्रा का आयोजन स्कूल की ओर से किया जाता था। 16वीं शताब्दी की शुरुआत तक नाविकों ने हवाएँ, समुद्र की लहरों और ज्वार-भाटा के बारे में बहुत कुछ जानकारी हासिल की थी। यूरोप के प्रमुख नाविक, खगोलविद् और भू-वैज्ञानिक इस स्कूल की सूचना निर्माण प्रक्रिया के सहयोगी थे।

रमेश : नाविकों ने किन-किन भू-भागों की तलाश की?

अध्यापक : • बार्टीलोमीयो डयास नामक पुर्तगाली नाविक जो पुर्तगाली राजाश्रय में समुद्रयान से अफ्रीका के दक्षिणी भूमि की छोर (केप) पहुँचा (1488), उस प्रदेश में उनकी नावें हवाओं की चपेट में आ गयीं। इसलिए उन्होंने उस प्रदेश को 'केप ऑफ स्टॉर्म' नाम से पुकारा। किंग जॉन- 2 ने अफ्रीका के दक्षिणी छोर को 'तूफ़ानों की भूमि का सिरा' नहीं, बल्कि 'आशा की भूमि का सिरा' (केप ऑफ गुड होप) कहा, अगली यान का वादा किया।


वास्को डी गामा

• **वास्को डी गामा :** एक और पुर्तगाली नाविक वास्को-डी-गामा डयाम के मार्ग से हो कर 'गुडहोप की भूमि के सिरे' तक पहुँचा। तदुपरांत वह आफ्रिका के पूर्वी तट पर मेलिंदा द्वीप पहुँचा। वहाँ के एक

NOT TO BE REPUBLISHED © KTBS

गुजराती व्यापारी की सहायता से उसने हिंद महासागर तथा अरब सागर को पार किया। फिर भारत के पश्चिम तट पर कालीकट (1498) पहुँचा। इस प्रकार भारत के लिए नए जलमार्ग का आविष्कार हुआ। भारत से लौटते समय वह अपनी यात्रा के व्यय से साठ गुना मूल्य का सामान भारत से ले गया।

वास्को-डी-गामा वास्तव में कालीकोट से लगभग दस की.मी दूर पर स्थित 'काप्पड़' नामक स्थान पर पहुँचे तब कालीकोट पर जामोरिन शासकों का प्रशासन था।



क्रिस्टोफर कोलंबस

स्पेन के एक नाविक **क्रिस्टोफर कोलंबस** ने 'भूमि गोल' है इस दृढ.विश्वास के साथ पश्चिम की ओर एक यात्रा शुरू की। उन्होने नौकायान के लिए स्पेनिश राजा फर्डिनेंड और रानी इसाबेला की मदद ली। अटलांटिक महासागर को पार करके बहामास द्वीप पर पहुँचा। उसे ही 'इंडिया' मानकर, वहाँ के लोगों को 'रेड इंडियन' कहा। यही वेस्ट इंडीज द्वीपसमूह था। आश्चर्य की बात यह है कि उसे अपनी मृत्यु तक इसकी जानकारी नहीं थी कि उसने एक नये भू-भाग की खोज की है।

© MTBS NOT TO BE REPUBLISHED

क्रिस्टोफर कोलंबस : वे अटलांटिक महासागर को पार कर पश्चिमाभिमुख भारत पहुँचने का लक्ष्य रखते थे। तीन जहाजों पर 88 नाविकों के साथ, कोलंबस ने अगस्त 1492 में पालोस बंदरगाह से अटलांटिक सागर की ओर प्रस्थान किया। लगभग दो महीने की यात्रा के बावजूद, भी उसे जमीन नहीं दिखी। साथी नाविक उनके खिलाफ हो गये। कोलंबस ने उनको प्रेरणा देते हुए कहा कि. एक साल का वेतन और एक विशेष पुरस्कार उन्हें दिया जाएगा, जो तीन दिन में पहले जमीन देख पाएगा। इससे प्रेरित होकर नाविक यात्रा जारी रखते हैं। आखिरकार 12 अक्टूबर 1492 की सुबह उन्होंने धरती देखी।

दक्षिणी अमेरिका की खोज : कप्तान पेड्रो केब्राल के नेतृत्व में एक पुर्तगाली नौका समूह भारत की ओर निकला। लेकिन तेजी हवाओं के लपेटों से जहाज रास्ता भूलकर पश्चिम की ओर बढगाया और दक्षिणी अमेरिका के पूर्वी तट पर जा पहुँचा। इस प्रकार केब्राल ने अचानक इस घटना से दक्षिण अमेरिका के वर्तमान ब्राजील की खोज की।

इटली के अमेरिगो वेस्पुस्सी कोलंबस के मार्ग का ही अनुसरण करते हुए दक्षिण अमेरिका महाद्वीप पर पहुँच गया। अमेरिगो ने पता लगाया कि कोलंबस द्वारा खोजा गया भू-भाग भारत नहीं है, बल्की वह एक 'नई दुनिया' है। इसलिए जर्मन भूवैज्ञानिक मार्टिन वॉलड सीमुल्लर ने सुझाव दिया कि वेस्पूची की याद में नई दुनिया का नाम 'अमेरिका' रखें। वही नाम मान्य और स्वीकृत हो गया।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

● **फर्डिनेंड मैगलन :** वह एक महान पुर्तगाली साहसी नाविक था। नौकायान द्वारा विश्व पर्यटन अभियान शुरु करने वाले सर्व प्रथम फर्डिनेंड मैगलन था। पाँच पाल जहाजों (सेलोबोटस) में 267 साथियों के साथ स्पेन से निकल कर (1519) मैगलन, दक्षिण अमेरिका के दक्षिणी सिरे का उपयोग करके, प्रशांत म हासागर को पार कर फर्डिनेंड मैगलन फिलिपींस पहुँचा। लेकिन वहाँ के मूल निवासियों के साथ घटित



फर्डिनेंड मैगलन

युद्ध में मैगलन की मृत्यु हो गई। उसके अन्य साथी 'विक्टोरिया' नाम के जहाज.में लौटे, इससे यह स्पष्ट हो गया कि 'भूमि गोल' है।

फर्डिनेंड मैगलन ने सोचा कि 'दुनिया गोल है'। वह पश्चिम से निकल कर पूर्वी देशों को जल मार्ग पता लगाना चाहता था। उन्होंने अटलांटिक महासागर के माध्यम से यात्रा की और दक्षिण अमेरिका के दक्षिण में संकीर्ण जलसंयोगी को पार किया और शांत महासागर में प्रवेश किया। मैगलन द्वारा पार किये इस जलसंधि को 'मैगलन जलसंधि' नाम से और सागर को पेसिफिक (प्रशांत) महासागर के नाम से आगे पुकारा गया। 'विक्टोरिया' भू-परिक्रमा करने वाला पहला जहाज था।

माइकल : भौगोलिक खोजों के क्या-क्या परिणाम हैं?

अध्यापक : भौगोलिक खोजों का न केवल यूरोपीय सभ्यता पर, बल्कि एशिया, अफ्रीका अमेरिका के लोगों और संस्कृतियों पर भी गहरा प्रभाव पड़ा है।

● **वाणिज्य का विस्तार** : नये खोजे गये भू-प्रदेशों को यूरोपियों ने अपने वाणिज्यिक उपनिवेशों में परिवर्तित कर दिया। जिससे वैश्विक व्यापार का बहुत विस्तार हुआ। एशियाई सामग्रियों को यूरोप में एक व्यापक बाज़ार प्राप्त हुआ। इन व्यापारिक गतिविधियों से प्राप्त सभी लाभ यूरोपीयों का था।

● **गुलामों का व्यापार** : यूरोपियनों ने वेस्ट इंडीज, मैक्सिको, पेरू और ब्राजील के मूल निवासियों को गुलाम बना दिया। क्रमशः गुलामों को वस्तुओं के समान बेचा गया। आगे 'गुलामों का कारोबार' अमानवीय स्थिति पर पहुँचा। गुलामों से कड़ी मेहनत कराने के अलावा, उनके साथ क्रूरता का व्यवहार किया जाता था।

● **ईसाई धर्म का प्रसार** : इस विकास के कारण पूरी दुनिया में ईसाई सिद्धांतों का प्रसार हुआ । इस विकास ने निपटान प्रणाली को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

● **राजनीतिक परिणाम**: यूरोपीय देशों में उपनिवेशों और उसमें मौजूद संपत्ति के अधिग्रहण के लिए गहरी प्रतिस्पर्धा थी। यूरोपीयन देशों ने एशिया, अफ्रिका और अमेरिका में अपने उपनिवेश स्थापित किए।

© IITBS NOT TO BE REPUBLISHED

औपनिवेशीकरण का अर्थ है, एक देश का दूसरे देश की भूमि पर राजनीतिक और आर्थिक नियंत्रण है। उदाहरण : स्वतंत्र पूर्व में भारत एक अंग्रेजी उपनिवेश था।

मुख्य घटनाएँ:

1488 - बाटीलोमीय डयास अफ्रीका के दक्षिणी सिरे पर पहुँचे ।

1498 - वास्को डी गामा काली कोट पहुँचे।

1492 - कोलंबस अमेरिका पहुँचे।

1519-1522 - मैगलन - भू-पर्यटन भ्रमण।

अभ्यास:

I. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :

1. पुनर्जागरणकाल ———— में शुरू हुआ ।
2. पुनर्जागरणकाल के प्रसिद्ध चित्रकार ———— है ।
3. कोलंबस ने अमेरिका के मूल निवासियों को ———— कहा ।
4. विश्व का चक्कर लगाने वाला पहला जहाज ———— था।
5. जर्मनी में धार्मिक सुधार आंदोलन ———— द्वारा शुरू किया गया था।

II. एक शब्द या वाक्य में उत्तर दें।

6. पुनर्जागरण के दो लक्षण क्या हैं?
7. प्रिंटिंग प्रेस ने पुनर्जागरण को कैसे प्रेरित किया?
8. पुनर्जागरण काल के तीन प्रसिद्ध साहित्यकार कौन-कौन थे?
9. विलियम शेक्सपियर कौन था?
10. पुनर्जागरण के दो प्रसिद्ध वैज्ञानिक कौन-कौन थे?
11. प्रति सुधार क्या है?

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

12. मार्क पोलो कौन है ?

13. कॉपरनिकस की खोजों का वर्णन कीजिए ।

चर्चा कीजिए :

14. पुनरुत्थान आंदोलन द्वारा कला, साहित्य और विज्ञान के क्षेत्र में प्राप्त योगदानों की चर्चा कीजिए।

15. धार्मिक सुधार आंदोलन में मार्टिन लूथर की क्या भूमिका है?

16. भौगोलिक खोज के परिणामों पर चर्चा कीजिए।

गतिविधियाँ

- पुनर्जागरण काल के वास्तुशिल्प, मूर्तिकला और वर्ण चित्रों को इकट्ठा कर एक विवरणात्मक ऑलबम बनाइए।
- निम्नलिखित धर्मगुरुओं के बारे में अधिक जानकारी एकत्रित कीजिए - जॉन विक्लिफ, इग्नेशियस लोयोला,
- नए भूमि की खोज करने वाले प्रमुख नाविकों के बारे में अधिक जानकारी एकत्रित कीजिए।
- बी.जी.एल. स्वामी द्वारा लिखित 'साउथ अमेरिका इन आवर स्टमक' (हमारे पेट में दक्षिण अमेरिका) पुस्तक पढें और यूरोपियों द्वारा भारत में लाए गए फलों और सब्जियों के नामों की सूची बनाइए।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

☆ ☆ ☆

अध्याय 3	भारत को यूरोपियनों का आगमन

C9X2Z9

पाठ परिचय

सा.श. 1498 मई 17 को वास्कोडिगामा ने केरल का कल्लीकोटे पहुँचकर, भारत की ओर नया जलमार्ग ढूँढ़ लिया। यह युरोपियों को भारत आने का कारण बना। इस समुद्री मार्ग का खोज के कारण पुर्तगाली, डच्च, अंग्रेज तथा फ्रान्सीसी व्यापार करने यहाँ आए ।

सामर्थ्य :

1. भारत में यूरोपियों का प्रारंभिक कार्य-कलापों के बारे में जानेंगे ।
2. भारत में यूरोपियों के बीच का संघर्ष को समझेंगे ।
3. भारत में आए यूरोप के व्यापारी कंपनियों के बारे में जानेंगे ।
4. अंत में अंग्रेज यहाँ स्थायी होने का कारण जानेंगे ।
5. भारत के मानचित्र में यूरोपीयन व्यापारियों के ठिकाने पहचानेंगे ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पुर्तगाली (सा.श. 1498-1961)

सा.श. 1498 मई 17 को वास्कोडिगामा ने केरल का कल्लीकोटे पहुँचकर, भारत के लिए नया जलमार्ग ढूँढ़ा । इस जलमार्ग से भारत आए यूरोपियों में पुर्तगाली पहले हैं। पूर्व देशों के साथ व्यापार का एकाधिपत्य कायम किया। उपनिवेशों का साम्राज्य बनाना, ईसाई धर्म का प्रचार करना इनके मूल उद्देश थे ।

पुर्तगालियों का अभिवृद्धि के कारण

- कल्लीकोटे का राजा जामोरिन् ने पुर्तगाली नाविक वास्कोडिगामा को व्यापार करने का अनुमति दिया ।

- सा.श. 1509 में अल्बुकर्क भारत का गवर्नर वायसराय नियुक्त हुआ। सा.श. 1510 में विजयपुर सुल्तान ने गोवा को अपने वश में ले लिया। पुर्तगालियों के भारत छोड़कर जाने तक गोवा ही पुर्तगालियों की राजधानी थी ।
- अल्बुकर्क के बाद आए गवर्नर दियु, दमन, साल्सेट्, वेस्सीन, चौल, मुंबई सानथोम तथा बंगाल हूग्ली आदि में अपने उपनिवेशों की स्थापना की ।

पुर्तगालियों की अवनति के कारण

- सुहढ़ नौकाबल के साथ डच्च तथा अंग्रेज पुर्तगालियों के प्रबल प्रतिस्पर्धी थे।
- पुर्तगाली सरकारी नौकरों ने भ्रष्ट होकर, स्वामिनिष्ठा खो दी । इस तरह धीरे-धीरे सरकार हीनस्थिति को प्राप्त हुई ।
- मतांधता पुर्तगालियों के पतन का मुख्य कारण था । उन्होंने यहाँ के विविध धर्मियों को बलपूर्वक से मतांतर करवाया ।
- विजयनगर साम्राज्य की अवनति से उनका व्यापार कुंठित हो गया ।

पुर्तगाली प्रान्सिस्को-डी-अल्मेडा भारत का प्रथम गवर्नर (वायसराय) था। भारत में सबसे पहले आनेवाले तथा भारत से सबसे अंत में जानेवाले यूरोपी पुर्तगाली ही हैं। अंत तक सिर्फ गोवा, दियु और दमन पुर्तगालियों के वश में रहे। अंग्रेजों का राज 1947 में अंत होने पर भी पुर्तगाली हमारी ज़मीन से नहीं हटे। गोवा विमोचन के लिए वहाँ के भारतीय अहिंसात्मक आंदोलन प्रारंभ किया। लेकिन पुर्तगाली आंदोलनकारों को अमानवीय रीति से हिंसा दी गई। आखिर सा.श. 1961 में भारतीय सेना द्वपारा कुछ ही दिनों में पुर्तगालियों को खदेड़ने के बाद गोवा का विमोचन हुआ।

डच (सा.श. 1596-1792)

पुर्तगालियों के बाद भारत आए युरोपियों में नीदरलैंड देश के डच्च प्रमुख हैं । सा.श. 1602 में 'डच्च ईस्ट इंडिया कंपनी' की स्थापना हुई । इस कंपनी ने पूर्व देशों से व्यापार करने का एकाधिपत्य प्राप्त किया। इन प्रदेशों में युद्ध करने और शांति समाधान करने का अधिकार पा लिया। 'पुलिकाट' डच्चों की राजधानी थी ।

© DTERT NOT TO BE REPUBLISHED

डच्चों का व्यापारिक केन्द्र : भारत के आग्रा, मचलीपट्टण, सूरत, नागपट्टणम्, कोच्चि आदि डच्चों के व्यापारिक केन्द्र थे।

डच्चों की अवनति : डच्च अंग्रेजों के साथ संघर्ष करने लगे। लेकिन अंग्रेजों ने उन्हें हरा दिया। डच्च भारत में अंग्रेजों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सके। तब उन्होंने एशिया द्वीप राष्ट्रों की ओर ध्यान दिया।

दक्षणपूर्वी एशिया के द्वीप : इंडोनेशिया, मलय, थाईलैंड, फिलिपाइन्स, कांबोडिया ।

अंग्रेज (सा.श. 1600-1947)

शांतिपूर्ण व्यापार ही अपनी नीति बताकर अंग्रेज उसी का अनुसरण करते आए। लेकिन भारत की बिगड़ी राजनीतिक परिस्थिति का लाभ उठाकर, राजनीतिक सार्वभौमत्व की स्थापना की ।

इंग्लेंड के व्यापारियों ने पूर्व देशों के साथ व्यापार संपर्क करने हेतु सा.श. 1600 में 'ईस्ट इंडिया कंपनी' की स्थापना की। एलिजबेथ रानी की अनुमति से भारत के साथ व्यापारिक संपर्क बढ़ाया।

प्रारंभ में ईस्ट इंडिया कंपनी के जहाज सूरत बंदरगाह में ठहरते थे। सर् थामस् रो ने सा.श. 1615 में मुगल साम्राट जहांगीर से अनुमति पाकर अहमदाबाद तथा ब्रोच में व्यापारिक केन्द्र स्थापित किया। बाद में मद्रास, कलकत्ता तथा मुंबई में भी अपने व्यापारिक केन्द्र खोले। कलकत्ता अंग्रेजों की पहली राजधानी थी।

कुछ ही समय में कंपनी का लाभ भी गणनीय मात्रा में बढ़ता गया। मुगल साम्राट फरूक शियार से बंगाल प्रांत (आज का बंगाल, बिहार तथा उडिसा) और सूरत में शुल्क रहित व्यापार करने का 'दस्तक' पाकर, इनकी सहायता से अंग्रेज देशीय व्यापारियों से प्रबल हो गए ।

शुल्क रहित मुक्त व्यापार करने के लिए व्यापारियों को दिया विशेष अनुमति पत्र 'दस्तक' कहलाता था ।

© KSEEBS NOT TO BE REPUBLISHED

अंग्रेजों ने अपना अधिपत्य बढ़ाने के लिए अपने आवासीय प्रदेशों के चारों ओर किला बनवाया। किलों की रक्षा के लिए वे सैनिक, बारूद आदि रखने लगे। बहुत जल्द अंग्रेजों का सेनाबल दृढ हो गया ।

फ्रान्सिसी (सा.श. 1664-1954)

व्यापार करने भारत आए युरोपियों में फ्रांसिसी ही अंतिम हैं। वे सा.श. 1664 में 'फ्रेन्च ईस्ट इंडिया कंपनी' की स्थापना की। फ्रांसिसी भारत में अपना प्रथम व्यापार कोठी सा.श. 1668 में सूरत में खोला। कुछ ही दिनों में भारत के विविध भागों में अपने व्यापारी केन्द्रों की स्थापना की ।

फ्रासिसी व्यापारी केन्द्र : फ्रांसिसी अपने व्यापारी केन्द्र पांडिचेरी, मचलीपट्टण, कल्लीकोटे, माहे, कारैकल् और चंद्रनगर में खोले। पांडिचेरी फ्रांसिसियों की राजधानी थी।

फ्रांसिसी गवर्नर डूप्ले ने चतुरता से हैदराबाद तथा कर्नाटिक (तमिलनाडु का पूर्वभाग) राज्यों में फ्रांसिसियों का प्रभाव बढ़ाया। व्यापार करने भारत आए अंग्रेज तथा फ्रांसिसी के बीच राजनीतिक और वाणिज्य अभिवृद्धि के लिए कई युद्ध हुए। उन्हें कर्नाटिक् युद्ध कहा जाता है ।


©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

फ्रांसिसी पतन के कारण

- भारत में स्थिय फ्रांसिसी सेना नायकों को फ्रान्स सरकार ने संपूर्ण समर्थन नहीं दिया।
- फ्रान्स में राजनीतिक संघर्ष तथा क्रांति हो रही थी। यह भारत में उनकी अवनति का कारण बना ।
- अंग्रेजों का नौकाबल फ्रांसिसी नौकाबल से प्रबल था।

काल गणना (सा.श)

- अंग्रेज ईस्ट इंडिया कंपनी : 1600
- डच्च ईस्ट इंडिया कंपनी : 1602
- फ्रेन्च ईस्ट इंडिया कंपनी : 1664



NOT TO BE REPUBLISHED @KTE

अभ्यास:

I. इन प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।

1)व्यापार करने समुद्र मार्ग से आया पहला यूरोपीय कौन था?

2)भारत आने के लिए जलमार्ग का खोज किसने की ?

3)डच्चों की राजधानी का नाम बताइए ।

4)अंग्रेज ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना कब हुई ?

5)फ्रांसिसी व्यापारिक केंद्रों का नाम बताइए ।

6)अंग्रेजों को किस मुगल सम्राट ने 'दस्तक' दिया ?

II. समूह में चर्चा करके उत्तर दीजिए ।

7) भारत में फ्रांसिसी अवनति के कारण बताइए ।

8)भारत में पुर्तगालियों की अवनति के कारण क्या थे?

III. नीचे के 'ए' और 'बी' सूची के विषयों को जोड़कर लिखिए ।

ए		**बी**
1. पुर्तगाली	अ)	पांडिचेरी
2. डच्च	आ)	कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता)
3. फ्रांसिसी	इ)	पुलिकाट्
4. अंग्रेज	ई)	गोवा

कार्यकलाप :

भारत के मानचित्र में यूरोपीयों के प्रारंभिक व्यापारिक केन्द्रों को पहचानिए।

☆ ☆ ☆

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अध्याय 4	अठारहवीं सदी का भारत (सा. श. 1707-1757)

V3A1R7

पाठ परिचय

भारतीय इतिहास में 18 वीं सदी एक संक्रमण काल था। भारत में राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। राजनीतिक रूप से मुगलों के प्रभावहीन होने के साथ-साथ, भारत में स्थानीय राजनीतिक ताकतों, अपने प्रभुत्व को पुनर्स्थापना और विस्तार कार्य में आगे बढ़े। मराठा, हैदर, टीपू, सिख आदि ने अपने राजनीतिक प्रभुत्व बढ़ाने के लिए आगे बढ़े । लेकिन अंग्रेजों ने सभी देशीय शक्तियों को अपनी स्वार्थ लालसा के उपयोग से ही हरा दिया। आर्थिक रूप से, अंग्रेजों ने स्थायी जमींदारी, महलवारी और किसान जैसे दूरगामी नकारात्मक प्रभावों को लागू करके भारत का शोषण करने में लग गए। एक ऐसा समय था जब समग्र रूप भारत विविध संघर्षो में था।

सामर्थ्य :

1. भारत में राजनीतिक स्थित्यंतर काल की व्यवस्था को जानना।
2. मुगलों के पतन और मराठों की अधिकार-स्थापना के लिए पूरक अंश की सूची बनाना ।
3. कर्नाटिक युद्धों की पृष्ठभूमि और भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की स्थापना के मजबूत बुनियादि प्लासी लड़ाई के कारण और परिणामों को जानना।

© MTRS NOT TO BE REPUBLISHED

बच्चों, भारतीय इतिहास में 18 वीं सदी में महत्वपूर्ण परिवर्तन का समय था। औरंगजेब (1707) के बाद मुगल साम्राज्य तेजी से पतन हुआ। मुगलों के पतन के कारण ये हैं: औरंगजेब के बाद आये राजा लोग दुर्बल और विलासी जीवन बिताते थे। फारसी के राजा नादिरशाह ने मुगल साम्राज्य पर हमला किया और बची हुई संपति

को अपने देश ले गया (1739) । इसमें प्रसिद्ध मयूर सिंहासन और सबसे मूल्यवान कोहिनूर हीरा शामिल था।

इसी तरह अहमद शाह अब्दाली के हमले ने भी भारी चोर पहुँचायी । प्रहार हुआ। इन सभी घटनाओं से मुगल राज्य उबर नहीं पाया।

गतिविधि: कोहिनूर हीरा मुगलों को कहाँ से मिला था? नादिरशाह से वह किसके वश में गया था ? यह अभी कहाँ है? शिक्षक के मार्गदर्शन में, विषय एकत्रित कीजिए और कोहिनूर हीरे का चित्र संग्रहित कीजिए ।

मराठों का प्रभुत्व :

मराठा राज्य का संस्थापक शिवाजी है। जब मुगल साम्राज्य और बहमनी राज्य राजनीतिक रूप से अपने चरम पर थे तब शिवाजी उनके बराबर एक स्वतंत्र राज्य स्थापना करने में सफल हो गए। उनके सफल प्रशासन निभाने में सहायक हैं 'अष्टप्रधान' नामक आठ मंत्री थे। इनमें से पेशवा सबसे प्रमुख था।

इतिहासकार 18 वीं सदी को 'मराठों का परमाधिकार काल' मानते हैं। इस अवधि में मराठों ने पेशवाओं के नेतृत्व में भारत में एक बृहत राजनीतिक और सेनाशक्ति के रूप में उभरकर आया।

पेशवे का मतलब है, मराठा राजा का प्रधानमंत्री । राजा लोग दुर्बल होने पर पेशवे ही प्रशासन करते थे । लगभग सौ वर्षों की अवधि में (1713-1818) सात पेशवें ने दक्कन और उत्तर भारत के कुछ भागों पर प्रशासन किया।

मराठा पेश्वाओं में से तीन प्रमुख हैं, वे हैं -

- **बालाजी विश्वनाथ (1713-20):** उन्होंने मुगल सम्राट के साथ दिल्ली की संधि की थी। इसके परिणामस्वरूप, उसने दक्कन के छह सूबाओं से कर वसूल करने का अधिकार प्राप्त कर लिया।
- **प्रथम बाजीराव (1720-40):** बाजीराव शासन के समय मात्र बीस वर्ष के युवक थे। वह एक मजबूत और एक निपुण राजनीतिज्ञ थे। मुगल

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

साम्राज्य की राजनीतिक दुर्दशा का उपयोग करते हुए, उन्होंने भारत में एक विशाल साम्राज्य बनाने की योजना बनाई। उन्होंने शुरू में हैदराबाद, फिर मालवा, गुजरात और बुंदेलखंड पर विजय प्राप्त की।

बाजीराव की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि सेना सहित उत्तर भारत और दिल्ली पर आक्रमण कर 'द्वितीय शिवाजी' 'नामक कीर्ति प्राप्त' करना थी।

- **बालाजी बाजीराव (1740-61):** उन्होंने केवल दक्षिण भारत में ही नहीं बल्कि उत्तर भारत में भी मराठा राज्य का विस्तार करने का प्रयास किया। मराठा सेना उत्तर-पश्चिम के पंजाब तक सफलतापूर्वक आगे बढ़ी। पूर्व में उडीसा, दक्षिण में तमिलनाडू के कुछ भागों पर इन्होंने विजय प्राप्त की। इस प्रकार मराठा भारत में एक प्रमुख राजनीतिक शक्ति बन गए।


बालाजी बाजीराव

उत्तर भारत में राज्य के विस्तार में लगे मराठों ने अफगान आक्रमणकारी अहमद शाह अब्दाली का सामना किया। 1761(14 जनवरी) को उनके बीच एक निर्णायक जंग छिड़ गई। यही तीसरा पानीपत युद्ध है। मराठा, युद्ध में हार गए। इसके परिणामस्वरूप मराठा सैन्य शक्ति घट गयी। मराठों का पतन से ब्रिटिश व्यापारियों के लिए भारत में अपना राजनीतिक प्रभाव बढ़ाने का अवसर मिला।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTRS

कर्नाटिक युद्ध (1746-63)

मुगल साम्राज्य का एक प्रांत कर्नाटिक था, जो कोर मंडला तट (वर्तमान तमिलनाडू और आंध्र प्रदेश का तट था) और यूरोपीयों द्वारा इसके आँचलिक प्रदेश को 'कर्नाटिक' (Carnatic) कहा जाता था।

ब्रिटीश और फ्रांसिसियों के बीच दक्षिण भारत के व्यापार पर प्रतिबंधन के लिए संघर्ष हुआ। थोडे समय में ही यह युद्ध का रुख पकड लिया। इस संदर्भ में तीन युद्धों के लिए कर्नाटिक प्रदेश मुख्य भूमिका बन गया। इसलिए इन लड़ाइयों को इतिहास में कर्नाटिक लड़ाई के रूप में पहचाना जाता है।

युद्धों के कारण: अर्काट(तमिलनाडू) कर्नाटक की राजधानी थी। आर्काट के नवाब की मृत्यु के बाद, अर्काट के नवाब के उत्तराधिकार के लिए चंदासाहेब और मुहम्मद अली के बीच विवाद उत्पन्न हुआ। चंदासाहेब ने फ्रांसिसियों से, मुहम्मद अली ने अंग्रेजों से मदद माँगी। अंग्रेजों और फ्रांसिसियों ने इस संघर्ष में हस्तक्षेप किया। उनके दूरगामी राजनीतिक हित ही हस्तक्षेप का कारण थे।

चालक रॉबर्ट क्लाइव अंग्रेजी सेना का नेता था। महत्वाकांक्षी गवर्नर डूपले एक फ्रांसिसि का सेनानायक था। अंततः तीसरे कर्नाटिक युद्ध में अंग्रेज़ों की विजय हुई। परिणामस्वरूप, भारत में फ्रांसिसी नेपथ्य हो गए।

प्रथम कर्नाटिक युद्ध में फ्रांसिसियों की जीत हुई। 'एक्से ला-चापेल' समझौते के साथ इसका अंत हुआ।

द्वितीय कर्नाटक युद्ध के अंत तक, अंग्रेजों ने आर्काट में, फ्रांसिसियों ने हैदराबाद में अपना प्रभुत्व बनाए रखा।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

फ्रांसिसि की पराजय के कारण :


डूपले

- फ्रांसिसियों ने व्यापार को नजरअंदाज कर दिया और राजनीति में अधिक रुचि दिखाने लगे। लेकिन अंग्रेजों ने व्यापार पर अधिक ध्यान केंद्रित किया और व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए राजनीति में प्रवेश किया।
- फ्रांसिसी नौसेना की तुलना में अंग्रेजी नौसेना शक्तिशाली थी।
- अंग्रेजी अधिकारियों ने एक दूसरे का सहयोग दिया और कंपनी के हितों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया। फ्रांसिसी अधिकारी बिना सहयोग के आपसी झगड़े में लग गए।
- अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी निज़ी थी, जबकि फ्रेंच ईस्ट इंडिया कंपनी सरकार के अधीन थी।

बंगाल में अंग्रेजी शासन की शुरुवात :



सिराज उद्दौला

कर्नाटिक युद्धों के परिणाम स्वरूप दक्षिण भारत में एक राजनीतिक शक्ति के रूप में अंग्रेजों ने उभरे और बंगाल में भी उन्होंने अपना शासन स्थापित किया। बंगाल मुगल साम्राज्य का एक समृद्ध प्रांत था। इसके प्रांतीय अधिकारी, अलीवर्दी खाँ, मुगल साम्राज्य का पतन के समय स्वतंत्र हो गए। उसके बाद सिराज उद्दौला बंगाल का नवाब बन गया।

नवाब सिराज युवक था, इसलिए अंग्रेजों ने उनकी उपेक्षा की और उसकी इजाजत के बिना कलकत्ता में फोर्ट विलियम किले को मजबूत किया। वे व्यापारिक सहूलियत का दुरुपयोग कर रहे थे। उसने लगाकि अंग्रेज, उनके आदेशों को अवहेलना करके, उनके दुश्मनों के साथ मिलकर षड्यंत्र कर रहे हैं। अतः उससे क्रोधित होकर अंग्रेजों के व्यापार केंद्रों को अपने हाथ में ले लिया। यही प्लासी युद्ध का कारण बन गया ।

प्लासी युद्ध (1757) : नवाब सिराज उद-दौला के हमले की खबर सुनकर मद्रास कंपनी के अधिकारियों ने राबर्ट क्लैव के नेतृत्व में एक सेना कलकत्ते भेजी। बंगाल की हालत को समझकर क्लैव ने, नवाब के खिलाफ षड्यंत्र की रचना की। सिराज के सेनापति मीर जाफर को नवाब के लालच देकर एक गुप्त समझौता किया।



राबर्ट क्लैव



मीर जाफर

© KSEEB NOT TO BE REPUBLISHED

नवाब के सेनापति मीर जाफर ने नवाब बनने की आशा में अंग्रेजों के साथ समझौता किया। उसके अनुसार उसे नवाब होते ही अंग्रेजों को 17 करोड 70 लाख रु. देना था। इस काले धंधे में अमीनाचंद नामक व्यापारी ने मध्यस्थता किया।

अंग्रेजों और सिराज उद-दौला की सेना के बीच प्लासी में 1757 में युद्ध छिड़ गया। युद्ध में मीर जाफर ने अंग्रेजों की सहायता की। अंततः सिराज उद-दौला पराजित हुआ और मारा गया। मीर जाफर के विश्वासघात से अंग्रेजों की जीत हुई।

परिणाम : अंग्रेजों की कृपा से मीर जाफर बंगाल का नवाब बना। लेकिन वह अंग्रेजों की कठपुतली बना रहा। कंपनी की विपुल संपत्ति और 'चौबीस परगण' नामक जिले की जमींदारी का अधिकार प्राप्त किया । यह कंपनी द्वारा भारत में अधिग्रहित सर्वप्रथम भू-भाग था। प्लासी की लड़ाई बक्सर की लड़ाई का कारण बनी। व्यापारी रूप में आए अंग्रेज एकाएक शासन के हकदार बने। प्लासी की जीत ने भारत में ब्रिटिश साम्राज्य की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया।

प्रमुख कालः

1711-1761 - भारत में मराठों के परमाधिकार का काल।

1739 - नादिरशाह ने मुगल राज्य पर आक्रमण किया।

1757 - प्लासी युद्ध

1761 - तीसरा पानीपत युद्ध

अभ्यासः

I. रिक्त स्थानों को उपयुक्त शब्दों से भरिए :

1. ———— पेश्वा को दूसरे शिवाजी के रूप में सम्मानित किया गया था।
2. कर्नाटिक की राजधानी ———— थी ।
3. प्लासी का युद्ध ———— में हुआ था।
4. तीसरा पानीपत का युद्ध ———— में हुआ था।

@RTES NOT TO BE REPUBLISHED

II. एक शब्द या वाक्य में उत्तर लिखिए :

5. इतिहासकारों ने किस सदी को 'मराठों का परमाधिकार काल' कहा है?
6. तीसरा पानीपत का युद्ध किन-किन के बीच हुआ था?
7. कर्नाटिक युद्धों में अंतिम जीत किसकी हुई ?
8. प्लासी का युद्ध किसके बीच हुआ था?

III. दो या तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

9. पेश्वा प्रथम बाजीराव की उपलब्धियों के बारे में बताइए ।
10. प्लासी युद्ध के कारण क्या थे ?

गतिविधिः रॉबर्ट क्लैव और डूप्ले के बारे में अधिक जानकारी संग्रहीत कीजिए।

☆ ☆ ☆

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अध्याय 5	ब्रिटिश प्रबलता का विकास

Y2F8X6

1758–1856

पाठ परिचय

भारत में 1758 से 1856 तक की कालावधि में ब्रिटिश लोग राजनीतिक और आर्थिक शक्ति के रूप में कैसे उभर आये? यही इस पाठ का मुख्य विषय है। इस संबंध में निर्णायक बक्सर युद्ध, दीवानी अधिकार की प्राप्ति, आंग्लो मैसूरु, आंग्लो सिख, और आंग्ल मराठा, युद्धों का निरुपण किया गया है ।'सहायक सेना पद्धति' और दत्तक पुत्रों के लिए अधिकार नहीं है, जैसे ब्रिटिश की कुटिल नीतियों का वर्णन है। ब्रिटिशों की नीतियों से अतृप्त होकर भारतीयों ने 1857 में विद्रोह क्यों किया? इसके लिए यह पाठ पृष्ठभूमि है।

सामर्थ्य :

1. दीवानी अधिकार की प्राप्ति में राजनीतिक और आर्थिक आयामों को जानना।
2. मैसूर, सिख, और मराठा, युद्ध के अंतिम परिणामों को समझना।
3. वेल्लेस्ली और डलहौसी के दो मुख्य कुटिल नीति के उद्देश्यों को जानने में समर्थ होना।
4. भारत के मानचित्र में 1805 से लेकर 1856 तक ब्रिटिशों के अधीन में रहने वाले भू-भागों की तुलना करना और पहचानना।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

ईस्ट इंडिया कंपनी ने रॉबर्ट क्लाइव को बंगाल का प्रथम गवर्नर के रूप में नियुक्त किया। (1758)भारत में ब्रिटिश के परम आधिकार की नींव डालने का यश क्लाइव को जाता है । क्लाइव दो वर्ष के बाद अपनी मातृभूमि को लौटा। भारत से लूटी संपत्ति से वह बहुत बड़ा अमीर बन गया।

अंग्रेजों का कुप्रशासन :

रॉबर्ट क्लैव के निर्गमन के बाद कंपनी के नौकरों ने निजी व्यापार में संलग्न होकर अत्यधिक लाभ प्राप्त किया। उनके लालच का अंत ही नहीं था।

ब्रिटिश गवर्नर के सहित कंपनी के नौकर घूसखोर थे । इनके कुशासन से लोग निराशा हो चुके थे। इस अवधि को ब्रिटिश इतिहासकार ने 'खुली और बेशर्म लूट का समय' कहा। इससे बंगाल की संपत्ति शीघ्र ही घटने लगी।

अंग्रेज समझ गये कि मीरजाफर उनकी माँगों को पूरा करने में असमर्थ हैं। इसलिए अंग्रेजों ने उसे पद्च्यूत कर उसके दामाद मीर कासिम को नवाब का पद दिया। इसके लिए मीर कासिम ने अंग्रेजों को तीन जिलों की जमींदारी का अधिकार अंग्रेजों को सौंप दिया।

बक्सर युद्ध (1764)- कारण और परिणाम:

मीर कासिम स्वतंत्र मानसिकता का व्यक्ति था। ब्रिटिश द्वारा 'दस्तकों' के दुरुपयोग को देखकर बंगाल के सब व्यापारियों को कर मुक्त कर दिया। इससे क्रोधित होकर ब्रिटिश ने उसे नवाब पद से निष्कासित किया। इससे कृपित होकर मीर कासिम ने अवध के नवाब और मुगल के बादशाह के साथ मिलकर एक सैनिक समझौता कर लिया। इस मैत्रीकूट को अंग्रेजों ने 'बक्सर युद्ध' में पराजित किया। इस युद्ध के परिणामस्वरूप ब्रिटिश और प्रबल बन गये। कमज़ोर मुगल बादशाह ने ब्रिटिशों से आश्रय की याचना की।

दीवानी अधिकार की प्राप्ति (1765) :

कंपनी के व्यवहार को सुव्यवस्थित करने हेतु ब्रिटिश सरकार ने क्लैव को पुनः एक बार गवर्नर जनरल बनाकर भारत भेजा। उसने यहाँ आते ही कंपनी के अधिकार को कानून के अनुरूप करके मुगल बादशाह द्वितीय शाह आलम के साथ समझौता किया। (1765) इस समझौते के दौरान कंपनी द्वारा हर साल ₹26 लाख रुपय मुगल बादशाह को देना तय हुआ। इसके अनुरुप ब्रिटिशों ने बंगाल (असम के साथ) बिहार तथा उडिसा के दीवानी अधिकार प्राप्त किया।


दीवानी का अर्थ भू-राजस्व को संग्रह करने का अधिकार था।

© KSEEB NOT TO BE REPUBLISHED

दीवानी के परिणाम :

ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपनी दीवानी अधिकार द्वारा बंगाल में अधिकृत अधिपत्य पाया। वह कर लगाने और संग्रह करने के संबंध में स्वतंत्र था। इससे बंगाल में तीव्र आर्थिक शोषण होने लगा। कंपनी ने कर के रूप में करोड़ों रुपए संग्रह करके अपना खजाना भर लिया।

1767 में रॉबर्ट क्लाइव इंग्लैंड लौटा । बंगाल में कुप्रशासन चलता ही रहा। इसी समय भयंकर अकाल पड़ने से बंगाल के करीब एक तिहाई भाग के लोग भूख से मारे गए थे। इस संदर्भ का लाभ उठाने हेतु कंपनी ने बाजार में उपलब्ध सब चावल खरीदकर, अधिक मूल्य में बेचकर, अधिकतम लाभ पाया। यह अंग्रेजों का आर्थिक दुराचार का एक अन्य पहलू था।



ब्रिटिश के अधीन प्रदेश 1805

© KSTBS NOT TO BE REPUBLISHED

रेग्युलेटिंग एक्ट(1773)

ईस्ट इंडिया कंपनी में काम करने वाले ब्रिटिश अधिकारी अनैतिक मार्ग से पैसा लूटते थे। इस कारण इंग्लैंड की सरकार ने कंपनी की गतिविधियों को व्यवस्थित करने और कंपनी पर अपने नियंत्रण बनाए रखने के लिए ब्रिटिश सांसद रेग्युलेटिंग एक्ट नामक कानून लागू किया। इस कानून के अनुसार 'वारन हेस्टिंग्स' प्रथम गवर्नर जनरल के रूप में नियुक्त हुआ। इसके बाद 20 से भी अधिक गवर्नर जनरल ने शासन किया। इस काल में ब्रिटिशों ने कोलकत्ता को अपने आधिकार के केंद्र के रूप में परिवर्तित करके प्रांतीय सरकार के कार्य रूपों को अपने वश में कर लिया।

रेग्युलेटिंग कानून के दोषों को सुधारने के लिए 1784 में सरकार ने पिट्स इंडिया कानून जारी किया।


आंग्लों मैसूर युद्ध (1767 से 1799) :

बच्चों, हैदरअली और टीपू सुल्तान द्वारा ब्रिटिश के विरुद्ध लड़े 4 युद्धों के बारे में आप अगले अध्यायों में विस्तृत रुप से जानेंगे। इस युद्धों के परिणाम स्वरूप टीपू के अधीन के मैसूर राज्य को ब्रिटिशों ने कब्जा कर चार भागों में विभाजित किया। एक भाग को ब्रिटिशों ने अपने पास रखा और एक भाग निजाम को और दूसरे भाग को मराठों के लिए और तीसरे भाग को मैसूर ओडयर घराने को सौंपा दिया । इससे दक्षिण भारत में ब्रिटिश की शक्ति धीरे-धीरे बढ़ती गई।

आंग्लो मराठा युद्ध (1775-1818)

तीसरी पानीपत युद्ध में परास्त हुआ मराठे पुनः चेतनशील हुए। किंतु कुछ समय में ही उनमें अंत:कलह होने लगा। इसका लाभ उठाने के लिए अंग्रेजों कई प्रकार की युक्तियों का उपयोग किया। साथ ही मराठों के साथ तीन बार युद्ध किया। इनको आंग्ल मराठा युद्ध कहते हैं । अंत में पेशवे ब्रिटिश को शरणागत हुए। इन युद्धों में मराठे हार गए और उनके समस्त प्रदेश अंग्रेजों के वश में आ गया। अंग्रेजों ने पेशवे की गद्दी को रद्द कर दिया।

NOT TO BE REPUBLISHED © KTBS



ब्रिटिश अधीन प्रदेश 1856

© VTBS NOT TO BE REPUBLISHED

आंग्लो- सिख युद्ध

18 वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में सिखों में कई शाखाएँ थीं। इन शाखाओं को 'मिसल' (MISL) कहते हैं । रणजीत सिंह नामक पराक्रमी युवक एक मिसल के नेता थे। यह अपनी अट्ठारह वर्ष की उम्र में लाहौर (पंजाब) का राजा बने। सिखों को एकत्रित करके प्रबल राजनीतिक शक्ति के रूप में परिवर्तित करने का श्रेय, इन्हें मिलता है। करीब 4 दशक तक पंजाब राज्य का शासन करने वाला यह आधुनिक भारत का एक स्मरणीय महाराजा है।


रणजीत सिंह

रणजीत सिंह की मृत्यु के बाद (1839) राज्य में राजनीतिक अव्यवस्था हुई। ऐसी परिस्थिति की ताक में ब्रिटिश थे। ब्रिटिश और सिक्खों के बीच चार युद्ध हुए। अंत में सिक्खों की हार हुई और पंजाब राज्य ब्रिटिशों के वश में आया। (1849)


रणजीत सिंह आफगन बादशाह का राजनीतिक आश्रयदाता था, इसके बदले में उसने कोहिनूर हीरा भेंट के रूप में रणजीत सिंह को दिया था।

© KTES NOT TO BE REPUBLISHED

अंग्रेजों की कुटिल नीतियाँ

सहायक सेना पद्धति

लॉर्ड वेल्लस्ली(1799 से 1805) नामक गवर्नर जनरल ने ब्रिटिश के प्रभुत्व को स्थापित करने के लिए एक युक्ती अपनायी। अपने पड़ोसी राजाओं से कोई परेशाती (संरट) न हो, इसलिए अंग्रेजी सेना की सहायता पाने के लिए भारत के राजाओं को प्रेरित किया। इस तरह कई बार वह राजाओं पर दबाव भी डालता था।इस पद्धति को मानते वाले राजा इंग्लिश सेना को अपने राज्य में रखकर,उनपर किये जाने वाले खर्च को नगद रुप या संपत्ति के रूप में अंग्रेजों



लॉर्ड वेल्लस्ली

को देते थे। अन्यथा उनके राज्य के भू-भागों को ब्रिटिशों के हाथों में सौंपना था। अंग्रेजों की इस नीति को सहायक सेना पद्धति कहते हैं। इसको स्वीकार करने वाले भारतीय संस्थान अंग्रेजी सेना के खर्च को स्वयं भरते थे ।

सहायक सेना पद्धति के परिणाम :

- सेना पर किये जानेवाले अधिक खर्च ने भारत के राज्यों को आर्थिक रूप से दुर्बल बनाया।
- अंग्रेजों ने विशाल भू-भागों को अपने कब्जे में लिया, इस पद्धति को स्वीकार करने वाले राजा अप्रत्यक्ष रूप से ब्रिटिश के अधीन बन गये थे।
- इस नीति के अंतर्गत आने वाले राज्य अपने अधिकार खो बैठे।

दत्तक पुत्र को अधिकार न होने की नीतिः



लॉर्ड डालहौसी

दत्तक पुत्र को अधिकार न होने की नीति, को लॉर्ड डालहौसी नामक (1848-1856) गवर्नर जनरल ने लागू किया । यह एक विलक्षण नीति थी। किसी भारत के राजा को पुत्र ना होने पर दत्तक पुत्र को राजा बनने का अधिकार नहीं है । यह घोषणा उसने की थी। इस प्रकार पुत्र संतान के बिना मृत्यु को प्राप्त राजाओं के राज्यों को ब्रिटिश अपने वश में कर लेते थे। यह कदम प्राचीन काल से भारत में गोद लेने की प्रथा के खिलाफ भी था। इस कुटिल नीति के परिणाम स्वरुप अवध, सतारा, नागपुर और झान्सी आदि 11 राज्य प्रत्यक्ष रूप से ब्रिटिशों के वश में आए। अंत में 1856 में डालहौसी के स्वदेश वापस जाते समय भारत का दो तिहाई भू-भाग ब्रिटिश आधिपत्य के अंतर्गत था।

भारत में ब्रिटिशों की विजय उनके राजनीतिक सच्ची चेतना तथा सेनाबल की विजय थी। इस विजय के लिए स्थानीय आंतरिक कलह और एकता का अभाव कारण था। अंग्रेज, ऐसा कभी नहीं समझते थे कि लोगों के हित में अपने हित समझना उनकी जिम्मेदारी है। उनका प्रमुख उद्देश्य संपत्ति और अधिकार था। इससे क्रोधित

©KSTB NOT TO BE REPUBLISHED

लोगों ने 1857 में व्यापक रूप से भारत में विद्रोह किया। इसे कुछ लेखकों ने भारत का प्रथम स्वतंत्र संग्राम कहा है।

प्रमुख घटनाएँ :

1764 -बक्सार युद्ध

1765- दीवानी अधिकार की प्राप्ति

1799 - 1805 - वेल्लेस्सी का प्रशासन-सहायक सेना पद्धति

1848- डालहौसी का प्रशासन। - दत्तक पुत्रों को अधिकार न होने की नीति

अभ्यास

I. रिक्त स्थान सही शब्दों से भरिए :

1. सहायक सेना पद्धति को _____ ने जारी किया ।
2. राबर्ट्र क्लैव _____ के साथ समझौता किया ।
3. रेगुलेटिंग ऑक्ट _____ वर्ष में लागू हुआ ।
4. 'दत्तक पुत्र को अधिकार नहीं' । इस नीति को _____ ने जारी किया।

II. एक पद या वाक्य में उत्तर लिखिए :

5. बक्सार का युद्ध किन-किन के बीच हुआ?
6. दीवानी अधिकार क्या है?
7. रणजीत सिंह कौन है?

III . 2-3 वाक्यों में उत्तर लिखिए :

8. दीवानी अधिकार को अंग्रेज किस तरह पाए? उसका परिणाम क्या हुआ?
9. सहायक सेना पद्धति के परिणाम बताइए?
10. दत्तक पुत्रों को अधिकार न होने की नीति, नीति युक्त नहीं थी। क्यों ?

☆ ☆ ☆

NOT TO BE REPUBLISHED ©KTBS

अध्याय 6	अंग्रेजी प्रशासन का परिणाम

U8H7Q7

पाठ परिचय

अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी 1600 से 1757 तक सिर्फ एक व्यापारिक कंपनी थी। व्यापार के उद्देश्य से आए अंग्रेज ने धीरे-धीरे भारत की राजनीति की ओर मुड.गए । अंग्रेजों ने प्रारंभ में भारत के विविध राजनीतिक शक्तियों से अनुरोध कर अपनी व्यापारिक इच्छा शक्ति बढाई। क्रमशः उन्होने अपने अनुरोध सूत्र के बदले युद्ध सूत्र को अपना लिया। इससे वे राजनीति में भी शक्तिशाली हुए। युद्धों से जीते हुए भारत को बौद्धिक रूप से भी अपने अधीन लेने का उपाय किया। दूरगामी सपने को साकार बनाने के लिए राजनीतिक सुधार को अपनी साधना का मार्ग बना लिया। राजनीति, अर्थव्यवस्था तथा सामाजिक क्षेत्र में विविध कानूनों को पारित किया। उनकी बहुमुखी इच्छाशक्ति ही प्रधान विषय थी। परंतु, पारित किये गए कानूनों को ''सुधार'' नाम दिया। प्रारंभ में भारतीयों ने भी वैसा माना। परंतु उनसे पारित कानूनों से यदि भारतीय समाज पर उत्तम परिणाम हुआ है तो उसे आकस्मिक मान सकते हैं। इस पाठ में सुधार से संबंधित 6 क्षेत्रों पर विवेचना की गयी है। ये छः: क्षेत्र हैं -कर विभाग, प्रशासन, न्यायांग व्यवस्था, राजस्व, अंग्रेजी शिक्षा, व्यापार-वाणिज्य तथा सामाजिक सुधार।

NOT TO BE REPUBLISHED © BSTBS

सामर्थ्य :

1. राजस्व विभाग में जारी किए कायम शाश्वत जमीनदारी पद्धति, महलवारी पद्धति, रैतवारी पद्धतियों के गुण तथा दोषों को पहचानना।
2. भारत में अंग्रेजी शिक्षा पद्धति के बारे में जानकारी पाना।
3. वित्तीय प्रभावों की सूची तैयार करना।
4. शासनात्मक विकास से अवगत होना।

भू-राजस्व- नीतिः एक निर्दिष्ट मात्रा का आय सरकारी खजाने में आने के लिए अंग्रेजों ने राजस्व- नीति जारी किया। इसके अलावा भारत में होनेवाले युद्धों का खर्च भरने के लिए अंग्रेज अधिकारियों को तृप्त वेतन देने के लिए और अन्य उद्देशों के लिए कंपनी को अपार धन की आवश्यकता थी । इसके लिए कंपनी ने भारतीय किसानों से भारी राजस्व वसूल किया ।

गवर्नर जनरल वारेनहेस्टिंग्स ने अपने अधिकार काल में राजस्व वसूल करने के लिए नीलामी प्रक्रिया की व्यवस्था जारी की । नीलामी के अवसर पर जमीनदार परस्पर स्पर्धा द्वारा राजस्व देने के लिए तैयार होते थे। फिर तो भी बाद में वसूली में असफल हो जाते थे । इस तरह राजस्व की मात्रा में उतार-चढ़ाव होता था । अपनी समस्या के समाधान के रूप में अंग्रेजों ने अन्य तीन प्रकार के राजस्व पद्धतियों को जारी किया।

स्थायी जमींदारी पद्धति (सा.श. 1793)



गवर्नर जनरल कार्नवालिस ने बंगाल, बिहार, उडीसा राज्यों में राजस्व को कायम करना चाहा। राजस्व संग्रह के लिए कार्नवालिस ने जमींदारों से जो समझौते किया था, उसे स्थायी 'जमींदारी पद्धति' कहते हैं। इस पद्धति के अनुसार जमींदारों ने अंग्रेजों के एजेंट की तरह काम किया। कंपनी को मिलनेवाला किराया कायम रूप में निश्चित हो गया था। इस तरह अंग्रेज सरकार को निर्दिष्ट मात्रा में आय मिलती थी। राजस्व वसूली के लिए सरकार का खर्च कम हो गया। भू-मालिक प्रबल जमीनदारों ने कई कठिन संदर्भों में सरकार का समर्थन किया। अंग्रेजों ने अपने समर्थन और प्रोत्साहन के लिए अनेक नये वर्गों की सृष्टि की।

किसानों पर परिणाम : महँगा राजस्व वसूल करने के लिए जमींदारों ने किसानों पर दबाव डाला। भू-मालिकों ने कृषि उत्पादन बढाने में कोई रुचि नहीं दिखाई। फसल का नुकसान होने पर भी किसानों को राजस्व देना पड़ता था। वास्तव में कायम जमींदारी पद्धति से कृषि क्षेत्र क्षीण हो गया । अपने उद्योगों के

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

लिए वाणिज्य फसल उगाने के लिए किसानों पर दबाव डालते हुए उनको और गरीब बनाया गया। इससे ''दास पद्धति'' तीव्र गति से बढ़ गयी ।

रैतवारी पद्धति (1801 सा.श.):

मध्यवर्ती के बिना सीधा सरकार को राजस्व देने की पद्धति को ही 'रैतवारी पद्धति' है। सरकार तथा किसान का सीधा संबंध ही रैतवारी पद्धति का प्रमुख लक्षण है। इस पद्धति को दक्षिण तथा पश्चिम भारत में जारी किया गया। परिणाम स्वरूप यह कायम जमीनदारी पद्धति से अलग नहीं था।

रैतवारी पद्धति में ज़मीन को मापकर, जमीन के उपजाऊ, सिंचाई सुविधा आदि देखकर राजस्व निर्धारित किया गया। उत्पादन का 50% हिस्सा राजस्व के रूप में देना पड़ता था। कालक्रमानुसार राजस्व निर्धारित किया जाता था। निर्धारित राजस्व बहुत ही ज्यादा रहता था। अकाल या बाढ़ से फसल का नुकसान होने पर भी किसानों को राजस्व चुकाना पड़ता था। इस पद्धति को मद्रास प्रांत में सर थामस मनरो ने 1801 में जारी किया।

महलवारी पद्धति (सा.श.1833):

महल का अर्थ है 'गाँव' या 'एस्टेट'। महल को राजस्व निर्धारित किया जाता था। स्थानीय जमीनदार सभी किसानों के राजस्व की जिम्मेदारी लेता था। 19वीं शताब्दी में आई यह पद्धति उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश के कुछ भाग और पंजाब में लागू की गई।

राजस्व पद्धति का कुल परिणाम-

* अंग्रेजों ने जमीन को बेचनेवाली वस्तु बना दिया।
* ज़मीन को बेचने तथा नीलामी के प्रकरण बढ़ गए।
* राजस्व को निश्चित रूप देने के कारण धन का महत्व ज्यादा हो गया।

NOT TO BE REPUBLISHED ©KTBS

* आय बढाने के उद्देश्य से जमीनदार खाद्य पदार्थों के बदले में कपास, जूट, मूंगफली, गन्ने जैसे वाणिज्य फसल उगाने के लिए किसानों पर दबाव डाला गया। वाणिज्य फसलें निर्यात के योग्य होने के कारण अंग्रेजों ने लाभदायक समझा। इसके फलस्वरूप खाद्य पदार्थों की कमी हो गई।

* ज़मीनदारी पद्धति में ही अनेक नए किसान वर्गों का जन्म हुआ।

अंग्रेजी शिक्षा :

शिक्षा हर एक व्यक्ति को स्वतंत्र बनाने का साधन है। शिक्षा द्वारा मिलनेवाले ज्ञान से जीवन को सुंदर बनाना संभव होता है। अंग्रेजी सरकार, ईसाई मशीनरियाँ तथा कई भारतीय अंग्रेजी शिक्षा के प्रचार में भागीदार बन गए। अंग्रेज सरकार तथा ईसाई मशनरियाँ प्रशासन निर्माण और धर्म प्रचार के लिए अंग्रेजी शिक्षा को लागू किया। वे अंग्रेजी - शिक्षा को सार्वत्रीकरण करने से भारतीयों को उसका लाभ मिला। सभी वर्गों को शिक्षा मिली ।

1813 के चार्टर कानून में भारतीयों की शिक्षा के लिए एक लाख रुपए आरक्षण किया गया। लेकिन 1823 तक सरकार ने इन रुपयों में एक पैसा भी शिक्षा के लिए खर्च नहीं किया था। भारतीय चिंतक तथा विदेशी ईसाई मत प्रचारकों ने आधुनिक शिक्षा देने के पक्ष में आंदोलन किया । इस दिशा में कंपनी की धारणा अलग थी। अपने प्रशासन में निम्न वर्ग के सरकारी नौकर बनकर,काम करनेवाले, अंग्रेजी-परिचित कम वेतन के भारतीय चाहिए थे। उनके विश्वसनीय भारतीय शिक्षित वर्ग की सृष्टि करना, उनका उद्देश था। नई शिक्षा नीति जारी करने का श्रेय लार्ड मेकाले तथा चार्ल्स वुड़ को जाता है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



लार्ड मेकाले



चार्ल्स वुड़

शिक्षा माध्यम पर विवाद :

शिक्षा माध्यम से जुडे.कुछ अंग्रेज विद्वानों ने भारतीय भाषाओं द्वारा भारतीय विषयों को सिखाने पर जोर दिया और कई लोगों ने पाश्चात्य विज्ञान तथा साहित्य को अंग्रेजी में सिखाने पर जोर दिया। यह विवाद खत्म होकर निर्णय के रूप में (1835 में) गवर्नर जनरल विलियम बेंटिक ने पाश्चात्य विज्ञान तथा अंग्रेजी माध्यम के पक्ष में शिक्षा नीति की घोषणा की।

कुछ यूरोपीय विद्वानों ने प्राचीन भारत की सांस्कृतिक विशेषताओं को पश्चिमी दुनिया से परिचय कराया। 1784 में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बनकर आए सर विलियम जोन्स ने कोलकोत्ता में 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' की स्थापना की । संस्कृत भाषा का महत्व बताया। सर चार्ल्स विल्किन्स ने 1785 में भगवद्गीता का अंग्रेजी भाषांतरण किया । मैक्समूलर ने ऋग्वेद और कई कृतियों का अनुवाद किया ।

बेंटिंक की घोषणा को उसका कार्यकारी समिति का सदस्य मेकाले का टिप्पणी ही आधार था। मेकाले एक पक्का अंग्रेजी भाषावादी था। उसके विचार में भारतीय ज्ञान बहुत तुच्छ था। संस्कृत व्याकरण का उपहास किया। 'भारतीयों को उनके सांस्कृतिक जडों से दूर करना ही उसका लक्ष्य था।' युरोपीय ग्रंथालय की एक अलमारी की एक पंक्ति की किताबों से मिलनेवाला ज्ञान, समस्त पूर्व ज्ञान की बराबरी नहीं कर सकता' ये बातें उसके पूर्वाग्रह को दिखाती हैं।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

1854 में अंग्रेज भारत के लिए एक नई शिक्षा नीति का निर्माण किया। यह चार्ल्स वुड़ की टिप्पणी पर आधारित थी । कुछ ही समय में कोलकोत्ता, मुंबई तथा मद्रास में विश्वविद्यालय की स्थापना (1857) की गयी। प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय, कॉलेज, विश्वविद्यालय इस प्रकार धीरे-धीरे शिक्षा की व्यवस्थ जारी हुई। शिक्षा क्षेत्र के परिशीलन के लिए शिक्षा विभागों को प्रांतों में निर्मित किया गया। 1844 में अंग्रेजी भाषा प्रशासन की अधिकृत भाषा बन गई ।



मुंबई विश्वविद्यालय



मद्रास विश्वविद्यालय

1. पाश्चात्य शिक्षा का परिणाम : पारंपरिक शिक्षा पद्धति क्रमशः नष्ट होती गई नई शिक्षा पद्धति से विविध भाषा बोलनेवाले भारतीयों को अंग्रेजी में संवहन आसान हो गया। यह लोगों में राष्ट्रीय भावना बढाने में सहायक हुई। युरोप के बौद्धिक चिंतन, ने क्रमशः भारतीय समाज में प्रवेश द्वारा दूरगामी परिणाम पैदा किये। भारतीय साहित्य पर भी गंभीर परिणाम होने के कारण नये साहित्यांदोलनों के लिए यह शिक्षा- पद्धति ही कारण बनी। इससे कई वर्गों में नई सामाजिक जागृति आई। इतिहासकारों का कहना है कि इस शैक्षणिक दृष्टि को से पैदा हुई जागृति भारत के सामाजिक तथा राजनीतिक स्थितिगतियों की वैज्ञानिक पहचान में भी बाधा है।

2. आर्थिक प्रभाव : 18 तथा 19 वीं शताब्दी में संपन्न इंग्लैंड के औद्योगिक (दस्तकारी) क्रांति ने भारत के व्यापार तथा वाणिज्य पर गहरा प्रभाव डाला। 1600 से 1757 तक कंपनी केवल व्यापारी कंपनी थी । प्लासी युद्ध के (1757) बाद उसने भारत का व्यापार तथा उत्पादन पर अपना एक स्वामित्व पाने के लिए बंगाल के राजनीतिक अधिकार का अच्छी तरह उपयोग किया। उसी समय कच्चा कपास के व्यापार पर भी अपना एक स्वामित्व स्थापित किया । परिणामस्वरूप कपड़े बुननेवालों को कच्चा-माल ज्यादा पैसे देकर खरीदना पड़ा । अंग्रेज वाणिज्य नीति का लक्ष्य सिर्फ अंग्रेज दस्तकारी की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के अलावा और कुछ नहीं था। कंपनी का मुख्य लक्ष्य यह था कि

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

भारत को ब्रिटेन के यंत्र निर्मित वस्तुओं का आयात करना और ब्रिटेन को यहाँ से कच्चे वस्तुओं का निर्यात करना था । मुक्त व्यापार नीति जारी करने के कारण भारत के घरेलू उद्योगों में अवनति आयी।


दादाबाई नवरोजी

अंग्रेज प्रशासन के समय भारत की संपत्ति इंग्लैंड जाने के कारण देश में गरीबी छा गई। दादाभाई नवरोजी ने कहा कि संपत्ति का रिसाव ही (drain of wealth) भारतीयों के गरीब होने का कारण है। भारत में स्थित ब्रिटिश नागरिकों के विविध क्षेत्रों में पूंजी लगाकर कमाने वाले लाभ भी संपत्ति के रिसाव का दूसरा स्रोत था।

संपत्ति के रिसाव के परिणाम स्वरूप भारत गरीब राष्ट्र बन गया।इससे यहाँ पूंजी का अभाव हुआ। यहाँ का दस्तकारी अभिवृद्धि में बाधा पड़ी। 'अर्थशास्त्र के पितामह एडम स्थित' ने भारत में शासन करनेवाले अंग्रेजों को 'बलपूर्वक वसूली करनेवाल' कहा है।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

विधायी विकास

रेगुलेटिंग एक्ट (सा. श. 1773)

यह कहा जा सकता है कि भारत में संवैधानिक सुधारों की शुरुआत ब्रिटिश शासन के दौरान हुई । रेगुलेटिंग एक्ट इस देश में संवैधानिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारत में गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग्स ने 1773 में यह कानून बनाया। यह अधिनियम भारत में ब्रिटिश शासन की नींव था। इसने ईस्ट इंडिया कंपनी के लिए संविधान प्रदान किया ।

पिट इंडिया एक्ट (सा. श. 1784)

ब्रिटिश सरकार भारत के शासन के तरीके से संतुष्ट नहीं थी। इस पर अधिक ध्यान देने का निर्णय लिया, इस अधिनियम ने ईस्ट इंडिया कंपनी को ब्रिटिश साम्राज्य का एक प्रभाग बना दिया। बाद में अंग्रेजों द्वारा कई कानून जारी किये गये।

मार्ले मिंटो सुधार (सा. श. 1909)

लार्ड मिंटो भारत में वायसराय थे। उसी अवधि के दौरान लॉर्ड मार्ले राज्य सचिव थे। मार्ले मिंटो सुधार लॉर्ड कर्जन के अहंकारी शासन और भारतीय क्रांतिकारियों के हिंसक आंदोलन, आदि के कारण लाए गए थे। इस अधिनियम ने भारतीयों को सरकारी कार्यक्रमों में शामिल करने की अनुमति दी। केन्द्रीय विधान सभा में सदस्यों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया गया। प्रांतीय विधान सभा का विस्तार किया गया ।

मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार (सा. श. 1919)

मार्ले मिंटो के सुधारों से भारतीयों को राहत नहीं मिलती। 1917 में तत्कालीन सेक्रेटरी ऑफ स्टेट, मोंटेग्यू ने एक उद्घोषणा जारी की। उन्होंने इस घोषणा में स्पष्ट कर दिया कि ब्रिटिश सरकार की नीति भारतीयों को प्रशासन में बड़ी भूमिका देना और स्वशासी संस्थाओं का विकास करना है। भारत के तत्कालीन वायसराय लॉर्ड मिंटो ने इस अधिनियमों को भारत में लागू किया। राज्य सचिव की भारत परिषद में सदस्यों की संख्या बढ़ा दी गई । उनका कार्यकाल पाँच साल के लिए तय किया गया था, लंदन में भारत का एक उच्चायुक्त नियुक्त किया गया ।

© MBS NOT TO BE REPUBLISHED

सा. श. 1935 का अधिनियम :

मार्ले मिंटो के सुधारों से भारतीय संतुष्ट नहीं हुए। लोगों को शांत करने के लिए 1935 के भारत सरकार अधिनियम ने एक महत्वपूर्ण बदलाव किया। भारत संघ का गठन प्रांतों और राज्यों को मिलाकर किया गया था। केंद्र सरकार में दो-स्तरीय शासन प्रणाली शुरू की गई । प्रांतीय सरकार में उत्तरदायी सरकारें अस्तित्व में आई । यह कानून भारत के घटनापूर्ण इतिहास में एक मील का पत्थर है ।

अभ्यास:

I निम्नलिखित प्रश्नों के लिए एक वाक्य में उत्तर लिखिए:

1. (स्थायी) कायम जमीनदारी पद्धती को किसले लागू किया?
2. रैतवारी पद्धति किसे कहते हैं?
3. 1813 कें चार्टर अधिनियम में भारतीय शिक्षा के लिए निश्चित धनशारी कितनी थी?
4. भारत में रेग्युलेटिंग अधिनियम किसने और कब लागू किया?
5. 1857 में स्थापित भारत के विश्वविद्यालय कौन-कौन से हैं?

II दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

6. कायम ज़मीनदारी पद्धति ने किसानों पर कौन कौन-से परिणाम डाले?
7. पाश्चात्य शिक्षा के परिणाम लिखिए।
8. भारत के प्रमुख प्रशासनिक सुधारों के नाम लिखिए।

III नीचे सूची 'अ' से संबंधित सूची 'ब' की सामग्री का मिलान करें और लिखें।

'अ'		'ब'
1. वारेन हेस्टिंग्स	अ)	स्थाई जमींदारी प्रथा
2. कार्नवालिस	आ)	अंग्रेजी शिक्षा नीति
3. थॉमस मोनरो	इ)	राजस्व संग्रहण की नीलामी प्रणाली
4. विलियम बेंटिक	ई)	धन का रिसाव सिद्धांत
5. दादाबाई नवरोजी	उ)	रैतवारी पद्धति

IV चर्चा कीजिए :

1. ब्रिटिश काल के दौरान राजस्व प्रणाली और प्रचलित राजस्व प्रणाली ।

☆ ☆ ☆

@KTRS NOT TO BE REPUBLISHED

अध्याय 7	मैसूरु तथा अन्य संस्थान



पाठ परिचय

इस पाठ में मैसूर के ओडेयर राजवंश का परिचय देकर प्रारंभ के प्रसिद्ध राजा चिक्क देवराजा के जनप्रिय नीतियों को बताया गया है। बाद में आने वाले हैदरअली तथा टीपू सुल्तान के मध्यंतर प्रशासन,आंग्लो- मैसूर लडाइयाँ तथा उनकी उपलब्धियों का परिचय दिया गया है।

विजयनगर के पतन के बाद कर्नाटक प्रमुख रूप से तीन प्रशासन के अधीन में आ गया। वे हैं-विजयपुर,केलदी तथा मैसूर। विजयपुर राज्य के पतन के बाद कर्नाटक के बहुत-से भागों में मुगल और मराठों का प्रशासन था। इन दोनों की प्रतियोगिता के बीच भी अपने राज्यों की आजादी को बचायें, केलदी तथा मैसूर राज्य विजयनगर की परंपरा को अपने प्रदेश में आगे बढाये। इनके अलावा चित्रदुर्ग, यलहंका, (बेंगलुरु) आदि में स्वतंत्र संस्थान विकसित हुए। इस पाठ में केलदी, चित्रदुर्ग के नायकों तथा यलहंका के नाडप्रभुओं की उपलब्धियों का विवरण है।

कर्नाटक में प्रशासित राजवंशों के बृहद इतिहास का ज्ञान जितना प्रमुख है, उतना ही प्रमुख है, कर्नाटक के छोटे-छोटे प्रदेशों के इतिहास का ज्ञान। क्योंकि प्रादेशिक इतिहास के बिना पूरे कर्नाटक का इतिहास अर्थहीन हो सकता है। इस दृष्टि से कोडगू, कित्तूरु, तुलुनाडू तथा हैदराबाद- कर्नाटक के इतिहास के प्रधान बिंदु पाठ में हैं।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

सामर्थ्य :

1. चिक्क देवराजा की जनोपयोगी योजनाओं को पसंद करना।
2. अंग्रेजों के खिलाफ हैदरअली और टीपू सुल्तान के संघर्ष के कारण तथा परिणाम को समझना।
3. हैदर तथा टीपू की उपलब्धियों को समझना।
4. मानचित्र में मैसूर राज्य के ऐतिहासिक प्रदेशों को पहचानना।
5. बुजुर्ग वेंकटप्पा नायक और शिवप्प नायक की उपलब्धियों को समझना।

6. रानी चेन्नम्मा जी की वीर गाथाओं की प्रशंसा करना।
7. केलादी के नायकों के धर्म सहिष्णुता को पसंद करना।
8. चित्रदुर्ग के पाँचवें मदकरी नायक के शौर्य तथा उपलब्धियों को पसंद करना।
9. यलहंका के नाडप्रभुओं में प्रथम केंपेगौडा और द्वितीय केंपेगौडा की उपलब्धियों को समझना।
10. कोडगू के इतिहास के प्रमुख पहचाना का परिचय देना।
11. अंग्रेजों के खिलाफ कित्तूरु की रानी चेन्नम्मा तथा उनके अनुयायी संगोल्ली रायण्णा के अप्रतिम संघर्ष को पसंद करना।
12. तुलुनाडू को इतिहास, संस्कृति तथा उनकी देन को समझना।
13. हैदराबाद- कर्नाटक के प्रदेशों में निजाम तथा स्थानीय जमींदारों के खिलाफ अंग्रेजों के साथ हुए संघर्ष को समझना।


© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

7.1 मैसूर के ओडेयर :

मैसूर शहर चामुंडी पहाड़ के पास विस्तृत है। पहाड़ के ऊपर चामुंडेश्वरी देवी मैसूर ओडेयर की कुलदेवी है। ओडेयर वंश के राजाओं ने विजयनगर की परंपरा को आगे बढाया। समाज तथा संस्कृति की अपार सेवा की। अपने सुदीर्घ प्रशासनकाल में लोगों के प्यार तथा गौरव के पात्र बने।

ओडेयर की राजधानी मैसूर थी। राज्य का प्रतीक 'गंडबेरुंडा' (दो सिर वाला काल्पनिक पक्षी) था। मैसूर का नवरात्री उत्सव (दशहरा) वैभव का प्रतीक है। वहाँ का राजमहल भारत के भव्य राजमहलों में एक है। राजमहल तथा सिंहासन के चित्रों को देखिए।

मैसूर के नये राजमहल का 1912 में निर्माण हुआ । इससे पहले की लकड़ी के राजमहल के आग से जल जाने के कारण नये राजमहल निर्माण के लिए देश -विदेशों से कारीगिर आए थे। राजमहल के सभा भवन (दरबार आँगन) को प्रसिद्ध चित्रकार राजा **रविवर्मा** ने अपनी कला से सजाया था।




1894 से पहले का नया महल



1912 में बनाया गया नया महल



आज का मैसूर का राजमहल



सिंहासन

चिक्क देवराजा ओडयर

आरंभिक के राजाओं में चिक्क देवराजा ओडयर प्रसिध्द राजा थे। वे बहुत शूर थे। इन्होंने राज्य का विस्तार किया।

जनप्रिय योजनाएँ: चिक्क देवराज ओडयर की जनप्रिय योजनाएँ अनेक हैं। उन्होंने राजधानी में 18 शाखाओं से युक्त मुख्य प्रशासनिक कार्यालय की स्थापना की। यही 'अठारह कचहरी' है। लोगों को धोखा न हो, इसलिए माप और तोल के निर्दिष्ट नियम बनाये। प्रशासन में रिश्वतखोरी नियंत्रण के लिए कई कदम उठाए।



अठारह कचहरी, मैसूरु

चिक्क देवराज ने मुगलों को तीन लाख मुहर देकर बेंगलुरु का ठेका लिया।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

श्रीरंगपट्टण के पास पश्चिम में कावेरी नदी पर बांध का निर्माण करके कृषि की सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया। प्रशासन में मितव्ययता लाकर राज्य के अपार संपत्ती को संचित करके 'नवकोटि नारायण' उपाधि भी पाई। सरकारी कागजातों को बाँटने के लिए डाक व्यवस्था की स्थापना की।

चिक्क देवराय के काल में मैसूर समृद्ध राज्य था। वे दक्षिण भारत के प्रसिद्ध राजा भी थे।

चिक्क देवराजा के दरबार में स्थित 'सिगरार्य' ने कन्नड.का पहला नाटक 'मित्रविंदा गोविंदा' की रचना की। हदिबदेय धर्म 'नामक काव्य' संचि होन्नम्मा की कृति है। यह तांबूल की थाली को राजा के पास ले जाने का कार्य करती थी। इसलिए इनका नाम 'संचि होन्नम्मा' कहकर रूढ़िगत हुआ ।

चिक्कदेवराजा के उपरांत दुर्बल राजाओं ने प्रशासन किया। इससे दलवाई नामक अधिकारियों ने राजा के नाम से प्रशासन करना शुरू किया।

हैदरअली :



हैदरअली

हैदरअली दलवाई नंजराजा की सेना में समर्थ सेनानी था। उसने शूर-वीर होने के कारण युद्धों में जीत हासिल करके धीरे-धीरे अपनी सेना शक्ति और धनबल को म जबूत किया। जल्दी ही बेंगलुरु में मराठों को हराने का मौका पाकर कर राजा से सम्मान प्राप्त किया। मैसूर राज्य को संदिग्ध राजनितिक परिस्थिति से पार किया। राजधानी में सैनिकों के विद्रोह होते देख कर हैदरअली ने दलवायी नंजराजा को अवकाश दिलाकर राज्याधिकार को अपने हाथ में ले लिया। इस तरह मैसूर संस्थान में एक शक्तिशाली राजा के रूप में उभरा। स्वयं को राजा का कार्यकर्ता बताकर द्वितीय कृष्णाराज ओडेयर को पीछे धकेल दिया।

अधिकार पाते ही हैदरअली राज्य विस्तार करने लगा। केलदी के राजाओं को हरा दिया। वहाँ से अपार धन-राशि अपने वश में लेकर, अपने धन-बल को और समृद्ध बनाया।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अंग्रेजों के साथ संघर्ष :

व्यापारी के रूप में भारत आए अंग्रेज धीरे-धीरे राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरने लगे। हैदरअली का दक्षिण में राज्य विस्तार करना उन्हें असह्य था। इस तरह हैदर तथा अंग्रेजों के बीच संघर्ष अनिवार्य हो गया।

हैदरअली तथा उसके पुत्र टीपू सुल्तान के अंग्रेजों के साथ हुए चार युद्धों को 'मैसूर युद्ध' अथवा 'आंग्लो- मैसूर युद्ध' कहते हैं।

प्रथम आंग्ल-मैसूर युद्ध में हैदलअली के आक्रमण से अंग्रेजों को भारी क्षति उठानी पड़ी। अतः अंग्रेज मद्रास संधि के साथ आगे आये । मद्रास संधि का मुख्य विषय यह था कि हैदरअली या अंग्रेजों पर किसी भी दुश्मन राज्य द्वारा हमले की स्थिति में दोनों राज्यों को एक-दूसरे की सहायता के लिए आना चाहिए। इस संधि ने हैदरअली की गरिमा को बढ़ाया ।

कुछ वर्ष बाद मराठों ने मैसूर पर आक्रमण कर दिया। उस मामले में, मद्रास संधि के अनुसार, अंग्रेज हैदलअली की सहायता के लिए आगे बढ़े बिना तटस्थ रहे। इसके साथ ही हैदरअली आग बबूला हो गया और अंग्रेजों को युद्ध में घसीट लाये। यह युद्ध दूसरा आंग्ल-मैसूर युद्ध था। जब युद्ध चल रहा था तब हैदरअली की बीमारी से मृत्यु हो गई । टीपू सुल्तान ने युद्ध जारी रखा ।

हैदरअली की उपलब्धियाँ :

हैदरअली अनपढ़ होने के बावजूद भी कन्नड़ तथा कई भाषाएँ जानता था। उसने मैसूर राज्य के विस्तार को दुगना किया। वह शूर योद्धा होने के साथ दक्ष प्रशासक भी था। हैदरअली को कर्नाटक के इतिहास में प्रमुख स्थान है। बेंगलुरु के सुंदर उद्यान वन लालबाग का निर्माण इसी ने करवाया।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

टीपू सुल्तान (सा.श. 1782-1799)



टीपू सुल्तान

हैदर अली का पुत्र ही टीपू सुल्तान था। अपने पिता के समय के युद्ध में भाग लेकर विजय प्राप्त करने वाला टीपू वीर युवक था।

पिता की मृत्यु के बाद उस समय जारी युद्ध को टीपू ने आगे बढ़ाया। कोई भी इसकी सहायता के लिए आगे नहीं आया। टीपू ने अकेले अंग्रेजों का सामना किया । अंततः अंग्रेजों ने मंगलुरू शांति समझौता कर लिया। यह समझौता दोनों पक्षों को लाभदायक था। दोनों पक्षों द्वारा जीते गये प्रदेशों को वापस दिया, आपस में युद्ध के कैदियों को लौटा दिया। इससे टीपू का मान बढ़ा ।

अल्पकाल में ही टीपू तथा अंग्रेजों में और दो युद्ध हुए। टीपू तथा अंग्रेजों के बीच का द्वेष तथा अविश्वास ही इन युद्धों के मूल कारण था।

तृतीय आंग्लो मैसूर युद्ध में अंग्रेजों ने आक्रमण करके श्रीरंगपट्टण को घेर लिया। अन्य मार्ग न दिखने के कारण उसने अंग्रेजों के साथ शांति का समझौता कर लिया। इस समझौते के अनुसार टीपू को अपना आधा राज्य अंग्रेजों को सौंपना पडा। समझौते के अनुसार अपार मात्रा में धनराशी युद्ध के नुकसान के रूप में अंग्रेजों को देना पड़ा। अपने दो बच्चों को भी अंग्रेजों के पास गिरवी रखना पड़ा।

इस युद्ध के परिणाम स्वरूप टीपू का बड़ा अपमान हुआ। उसने अंग्रेजों को भारत से खदेड़ने का संकल्प किया। यही चौथे आंग्लो मैसूर युद्ध की नींव बनी। युद्ध में श्रीरंगपट्टण को घेर लिया गया।

इस युद्ध में टीपू ने अंग्रेजों से वीरतापूर्वक युद्ध किया और वीरगति को प्राप्त हुए। इसके अलावा, कुछ गाथाओं के वर्णन में लोगों ने टीपू को मैसूर के बाघ के रूप में वर्णित किया। कोडागु पर टीपू के आक्रमण की प्रकृति की इतिहासकारों द्वारा आलोचना और समीक्षा की गई है ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


टीपू सुल्तान की मृत्यु के बाद मैसूर राज्य अंग्रेजों के वश में आ गया। अंग्रेजों ने ओडेयर वंश के मुम्मडी कृष्णराज ओडेयर को राज्य सौंप दिया परंतु मैसूर राज्य अंग्रेजों का आश्रित राज्य बना।

टीपू का व्यक्तित्व एवं उपलब्धियाँ : उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्धियों का अच्छा ज्ञान था। उनके पास एक अच्छी ग्रंथालय था। टीपू ने बैंगलोर का महल, श्रीरंगपट्टनम का ग्रीष्मकालीन महल (दरियादौलत) बनवाया । ग्रीष्मकालीन महल की दीवारों, छत और खंभों पर ऐतिहासिक तथ्यों को आकर्षक ढंग से चित्रित किया गया है ।

टीपू ने राज्य की समृद्धि के लिए बहुत मेहनत किया। उनकी मुख्य उपलब्धि राज्य में रेशम उत्पादन को व्यापक रूप से लोकप्रिय बनाना था। फ्रांसीसी अधिकारियों की सहायता से उसने अपनी सेना का आधुनिकीकरण किया। श्रीरंगपट्टनम में तोपों को साँचे दिए जा रहे थे। रॉकेट तकनीक में महारथ हासिल करना टीपू की खासियत है ।



बेंगलूर का राजमहल




दरिया दौलत, श्रीरंगपट्टण



जुम्मा मस्जिद, श्रीरंगपट्टण

© BOOKEBS NOT TO BE REPUBLISHED

- टीपू ने कुछ हिंदू मंदिरों को दान दिया, शृंगेरी मठ को दान दिया। उन्होंने भूमि स्वामित्व में सुधार किया और किसानों को आसान किस्तों पर ऋण प्रदान करने सहित कई सुविधाएँ प्रदान कीं ।
- श्रीरंगपट्टनम में हैदलअली का मकबरा और जुम्मा मस्जिद, टीपू की शानदार इमारतें, मस्जिद के ऊँची मीनारें आकर्षक हैं, श्रीरंगपट्टनम और बेंगलूरू में टकसाल (मुद्राओं का निर्माण) बनाए गए ।


टीपू सुल्तान काल के मैसूर (सा.श 1789)
कित्तूर
नरगुंद
धारवाड
गजेंद्रगड
कर्नूल
बल्लारी
गुत्ती
कारवार
अंकोला
सोदे
बिलगी
इकेरी
केलदी
बिदनूर
चित्रदुर्ग
कडप
सिरा
गुरमकोंड
बेंगलूरु
मद्रास
मंगलूरु
मडीकेरी
बेकल
श्रीरंगपट्टण
मैसूरु
मलवल्ली
पाँडीचेरी
तलचेरी
माहे
इरोडू
श्रीरंग
अरबी समुद्र
बंगाल की खाड़ी
उ
@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

मुम्मुडी कृष्णराज वडेयर (सा. श. 1799-1831)

मैसूरू इतिहास में टिप्पू की मृत्यु के साथ संघर्ष युग की समाप्ति हुई । अंग्रेजों ने मैसूरू संस्थान को वश में लेकर चार विभागों में विभाजित करके अंग्रेज तथा उनके मित्र मराठा तथा निजामों में बाँट दिया। बचा हुए एक भाग को मैसूरु वडेयर को दिया। मुम्मडी कृष्णराज वडेयर को अधिकार दिया। कृष्णराज केवल पाँच साल का बालक था। इसलिए शासन का भार पूर्णय्या को सौंप, उसे दीवान नियुक्त किया गया ।

मुम्मुडी कृष्णराज ओडेयर ने शिवमोग्गा जिले के नगर (बिदनूरू) प्रदेश के दंगे को ठीक से दमन नहीं किया, यह कारण बताकर अंग्रेजों ने 1831 में उसे अधिकार से वंचित कर दिया। मैसूरु संस्थान में कमीशनर शासन जारी किया ।

कमीशनर शासन (सा. श. 1831-1881)

मार्क कब्बन (सा.श. 1834-1861)

मार्क कब्बन ने राज्य में अनेक शासनात्मक सुधार लागू किए। इन्होंने राजधानी को मैसूरु से बेंगलूरु स्थानांतरित किया। मैसूरू को अनेक इकाइयों में विभाजित करके, उन्हें सुपरिटेंडेंटों की निगरानी में रखा गया। शासित इकाइयों को जिला तथा तालूकों में बाँटा गया था। न्यायांग तथा पुलिस विभागों का उत्तम रीति से संघटित किया। कन्नड के शासन का माध्यम रूप में लागू किया।




मार्क कब्बन

नए रास्तों का निर्माण हुआ। परिणामस्वरूप राज्य के प्रमुख नगर बेंगलूरू से सीधा संपर्क में आए। पुलों का निर्माण हुआ, तथा टेलिग्राम तारों को भी लगाया गया। 1859 में बेंगलूरु तथा जोलारपेट के बीच में रेल मार्ग बनवाए गए। यह मैसूरु राज्य का पहला रेल मार्ग था। मार्क कब्बन ने 1861 में कमीशनर पद को त्यागपत्र दिया। इसके नाम पर बैंगलूरू का कब्बन उद्यानवन है ।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

लुई बेंथाम् बौरिंग (सा.श. 1862-1870)



लुई बेंथाम बौरिंग

लूई बेंथाम बौरिंग ने 1862 में मुख्य कमीशनर का अधिकार स्वीकार किया। इन्होंने मैसूरू राज्य के संपूर्ण शासन का पुनर्गठन किया। नंदीदुर्ग तथा अष्टग्राम शासन की शासन को इकाई थे। इन इकाइयों की देखरेख कमीशनर ही करते थे। भू-लगान में सुधार हुआ। न्यायांग तथा पुलिस विभागों का व्यवस्थित रूप से संघटित किया गया। सार्वजनिक शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा में अनेक सुधार किए गए। 1870 में बौरिंग ने कमीशनर पद को त्यागपत्र दिया। इन कमीशनरों ने मैसूर राज्य की अभिवृद्धि की पक्की नींव डाली ।

दसवा चामराज ओडेयर (सा.श. 1881-1894)



दसवा चामराज ओडेयर

1881 में दसवे चामराज ओडेयर को अंग्रेजों ने पुनः शासन भार सौंप दिया। इसे पुनर्दान कहते हैं। दसवें चाम राज ओडेयर की सहायता के लिए सी. रंगाचार्लु तथा के. शेषाद्रि अय्यर ने दीवान बनकर शासन का निर्वाह किया। दसवें चामराज ओडेयर के काल में 'प्रजाप्रतिनिधि सभा' का (1881) आरंभ हुआ ।

नाल्वडी कृष्णराज ओडेयर (सा.श. 1902-1940)



नाल्वडी कृष्णराज ओडेयर

दसवें चामराज ओडेयर जब कलकत्ता गए थे, तब वहीं अस्वस्थता के कारण उनका देहांत हो गया। नाल्वडी कृष्णराज ओडेयर उनके उत्तराधिकारी बने। अधिकार स्वीकार करते समय (1895) वे सिर्फ ग्यारह साल के थे। इसलिए माताजी केंप नंजम्मण्णी ने शासन का भार संभाला। 1902 से नाल्वडी राजा का सीधा शासन प्रारंभ हुआ। इन्होंने उत्तम रीति से पढ़े-लिखे होने के कारण अपने सुदीर्घ शासन काल में मैसूरु संस्थान को

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

एक आदर्श संस्थान का रूप दिया। वे दूरदर्शी तथा दीन-दलितों के बारे में चिंता करनेवाले व्यक्ति थे। समाज के सभी वर्गों के लोगों को प्रशासन में स्थान के लिए सिफारिश हेतु मिल्लर आयोग की रचना की ।

नाल्वडी कृष्णराज ओडेयर की प्रमुख उपलब्धि -

- बेंगलूरू में विज्ञान संस्थान की स्थापना के लिए जे.एन. टाटा को 371 एकड जमीन तथा 5 लाख से भी ज्यादा धन सहायता दी।
- 1907 में 'न्याय विधायक सभा' की स्थापना करके, जन प्रतिनिधियों द्वारा लोगों की समस्याओं पर चर्चा करने का अवसर दिलाया।
- वर्तमान मैसूर के राजमहल का निर्माण सा.श. 1910 में पूर्ण हुआ।
- कृष्ण राजसागर (के.आर.एस.) बाँध निर्मित करवाकर संस्थान में कृषि अभिवृद्धि की।
- सा.श.1911 में मैसूर संपत अभ्युदय परिषद (दि मैसूरु एकनामिक काफ्ररेंस) प्रारंभ किया।
- पिछले वर्गों को सरकारी सेवा में विशेष प्रातिनिधित्व देने की आज्ञा दीया।
- पहली बार स्त्रियों को भी मत चलाने का अवसर दिया।

इस तरह नाल्वडी कृष्णराज ओडेयर शिक्षा, उद्योग, बैंक आदि क्षेत्रों की अभिवृद्धि तथा प्रेरक शक्ति बने। अपने दूरदर्शी योजनाओं को क्रियारूप देने के लिए राज्य की प्रगति में सहायक होनेवाले प्रतिभावान लोगों को दीवान नियुक्त किया। इनमें एम्. विश्वेश्वरय्या तथा सर् मिर्जा इस्माइल प्रमुख हैं ।

महात्मा गाँधीजी ने नाल्वडी कृष्णराज ओडेयर का मैसूर संस्थान को 'रामराज्य' कहकर प्रशंसा की है । नाल्वडी को 'राजर्षि' कहा। 20वीं शतब्दी के पूर्वार्ध में नाल्वडी कृष्णराज जैसा कोई प्रबुद्ध संस्थानिक राजा भारत में ही नहीं था।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

कृष्णराजसागर (के.आर.एस) बाँध बनाते वक्त नाल्वडी कृष्णराज को आर्थिक समस्या हुई तो राजपरिवारों के आभूषण मुंबई के बाजार में बेचकर, प्राप्त पैसों से बाँध का काम पूरा करवाया ।



मैसूर राजमहल

© TEXTBOOK NOT TO BE REPUBLISHED

सर.एम. विश्वेश्वरय्या (सा.श. 1912-1918)



सर्.एम्. विश्वेश्वरय्या

सर.एम. विश्वेश्वरय्या को ''आधुनिक मैसूरु शिल्पी तथा निर्माता'' कहा जाता है।

प्रतिभावान इंजिनियर विश्वेश्वरय्या ने 1909-1912 तक मैसूरु संस्थान का मुख्य इंजिनियर बनकर कार्य निर्वाह किया। नाल्वडी कृष्णराज ओडेयर ने इन्हें 1912 में मैसूरु का दिवान नियुक्त किया। नाल्वडी कृष्णराज ओडेयर की दूरदर्शिता का अनुसरण करके इनके काल में मैसूरू की सर्वतोमुख अभिवृद्धि हुई ।

'औद्योगिकीकरण या विनाश' यह सर.एम्. विश्वेश्वरय्या की घोषणा थी। भद्रावती में लोहे का कारखाना, मैसूरू में चंदन के तेल का कारखाना, बेंगलूरू में साबुन कारखाना, केन्द्र औद्योगिक कार्यागार, चमड़े को पक्व बनाने का कारखाना तथा लोहे का कारखाना प्रारंभ किया। व्यापार तथा वाणिज्य के क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए बेंगलूरू में 'मैसूर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' की स्थापना की। व्यापार तथा वाणिज्य की अभिवृद्धि के लिए 1913 में मैसूरु बैंक की स्थापना की गई । हर देश की प्रगति मुख्य रूप से उस देश की शिक्षा पर निर्भर रहती है, इस बात पर विश्वेश्वरय्या को दृढ़ विश्वास था। उन्होंने अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा जारी की। तकनीक शिक्षा को महत्व दिया गया। बेंगलूरू के हेब्बाल में कृषि विद्यालय प्रारंभ कि। 1916 में स्थापित मैसूरू विश्वविद्यालय शैक्षणिक क्षेत्र को इनकी बहुमूल्य देन है। 1915 में बेंगलूरू में कन्नड साहित्य परिषद की स्थापना की । कृष्णराजसागर बाँध का निर्माण इनके काल में आगे बढ़कर 1932 में पूर्ण हुआ। मैसूरू-अरसीकेरे और बौरिंगपेट-कोलार रेल-मार्ग प्रारंभ हुआ। नाल्वडी कृष्णराज ओडेयर की दूरदर्शी योजनाओं को विश्वेश्वरय्या ने कार्यरूप में परिवर्तित किया। अंत में 1918 में विश्वेश्वरय्या ने दिवान पद त्याग दिया। अंग्रेज सरकार ने इनकी सेवा के लिए 'सर्' की उपाधि से पुरस्कृत किया। 1955 में भारत सरकार ने इन्हें 'भारतरत्न' पुरस्कार से पुरस्कृत किया। इस प्रशस्ती को पानेवाले पहले कन्नड भाषी व्यक्ति विश्वेश्वरय्या है। यह हमारे लिए गौरव की बात है ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



कन्नड साहित्य परिषद, बेंगलूरू



स्टेट बैंक ऑफ मैसूरू



कृष्णराजसागर बाँध

सर्.मिर्जा इस्मायिल् (सा.श. 1926-1941)



सर्. मिर्जा इस्मायिल्

दिवान बनकर सेवा करते वाले सर् मिर्जा इस्मायिल् को भी आधुनिक मैसूरु का निर्माता कहा जाता है। नाल्वडी कृष्णराज ओडेयर के इच्छानुसार उद्योगों को प्रोत्साहन देकर कई उद्योगों का प्रारंभ किया गया । बेंगलूरू में हिन्दुस्तान एरोनाटिक्स लिमिटेड, काँच का कारखाना, चीनी मिट्टी से सामान बनाने का कारखाना, बेलगोल में रासायनिक खाद तैयार करने का कारखाना, मंड्या में चीनी कारखाना, शिवमोग्गा में दियासलाई बनाने का कारखाना, भद्रावती में इस्पात तथा कागज के कारखाना आदि की स्थापना करवाई। जक्कूर में हवाई अड्डा प्रारंभ किया। आकाशवाणी (रेडियो) केन्द्रों को बेंगलूरू तथा मैसूरू में प्रारंभ किया। इन्होंने ग्रामीण उद्योगों को अधिक प्रोत्साहन दिया। बदनवाल में खादी उत्पादन केंद्र की स्थापना की। इर्विन नाले का निर्माण करवाकर मंड्या जिले की कृषि योग्य जमीन को पानी देने का काम किया। मैसूरू को फूलों के बाग-बगीचों से उद्यान नगर बनवाए। कृष्णराज सागर जलाशय के पीछे-वृंदावन उद्यानवन का निर्माण करवाया ।



वृन्दावन उद्यानवन

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

बेंगलूरु में 'राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य तथा नाडीरोग शस्त्रचिकित्सा संस्था' (निम्हान्स), कोलार में नरसिंहराज अस्पताल, शिवमोग्गा में मेग्गान अस्पताल तथा मैसूरू में वाणीविलास अस्पताल आदि इन्हीं के काल में आरंभ हुए।

शिक्षा का प्रोत्साहन के लिए प्राथमिक शिक्षा कानून जारी करके, गैर सरकारी शालाओं को अनुदान दिया गया। माध्यमिक विद्यालयों में कन्नड माध्यम शिक्षा प्रारंभ किया। इस तरह मैसूरू की अभिवृद्धि में मिर्जा इस्मायिल का बड़ा हाथ रहा । नाल्वडी कृष्णदेवराज ओडेयर के सहपाठी मिर्जा इस्मायिल नाल्वडी के दूरदर्शी योजनाओं को कार्यरूप में लाकर सफल हुए।

नाल्वडी कृष्णराज ओडेयर की मृत्यु के बाद जयचामराज ओडेयर को अधिकार मिला। ये ही मैसूर के अंतिम राजा थे।

भारत की स्वतंत्रता के बाद एकता में मैसूरु संस्थान विलीन होने के लिए के.सी. रेड्डी के नेतृत्व में राजमहल के सामने सत्याग्रह आरंभ हुआ। इस सत्याग्रह के कारण जयचामराजेन्द्र ओडेयर भारत में विलीन होने के लिए मान गए। परिणामस्वरूप के. सी. रेड्डी के नेतृत्व में 1947 अक्तुबर 24 को जिम्मेदार सरकार अस्तित्व में आयी। जयचामराजेन्द्र ओडेयर ने मैसूर राज्य के राज्यपाल बनकर कार्य निर्वाह किया ।

काल गणना (सा.श)

- चिक्क देवराज ओडेयर : 1673 - 1704
- हैदर अली : 1761 - 1782
- टिप्पू सुल्तान : 1782 - 1799
- पहला आंग्लो मैसूर युद्ध : 1767 - 1769
- दूसरा आंग्लो मैसूर युद्ध : 1780 - 1784
- तीसरा आंग्लो मैसूर युद्ध : 1790 - 1792
- चौथा आंग्लो मैसूर युद्ध : 1799
- मार्क कब्बन : 1834 - 1861

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

- लूयी बेंथाम् बौरिंग : 1862 - 1870
- दसवां चामराज ओडेयर : 1881 - 1894
- नाल्वडी कृष्णराज ओडेरयर : 1902 - 1940
- सर्.एम्. विश्वेश्वरय्या : 1912 - 1918
- सर्. मिर्जा इस्मायिल् : 1926 - 1941

अभ्यास

I. रिक्त स्थानों को उचित शब्दों से भरिए ।

1. मैसूरू ओडेयर प्रारंभिक राजधानी _____ थी।
2. दूसरे आंग्लो मैसूर युद्ध के बाद अंग्रेजों ने टिप्पू सुल्तान के साथ _____ समझौता कर लिया ।
3. ''मैसूरु का बाघ'' नाम से प्रसिद्ध व्यक्ति _____ थे।
4. मुम्मडी कृष्णराज ओडेयर के दिवान _____ थे।
5. मैसूरु संस्थान में न्याय विधायक सभा _____ में आरंभ हुई।
6. मैसूरु संस्थान को गांधीजी ने _____ कहकर प्रशंसा की ।
7. 'भारतरत्न' पानेवाले पहले कन्नड भाषी व्यक्ति _____थे।
8. इर्विन नाले का निर्माण _____ दिवान ने करवाया ।

II . नीचे के प्रश्नों को एक वाक्य में उत्तर दीजिए ।

9. अठारा कचहरी के निर्माता कौन थे ?
10. दरिया दौलत कहाँ है ?
11. लालबाग उद्यानवन कहाँ है? उसे किसने प्रारंभ किया ?
12. टिप्पू की मृत्यु के बाद मैसूर प्रशासन किसे मिला ?
13. मैसूरु संस्थान में कमीशनर शासन क्यों जारी हुआ ?
14. मैसूरु के प्रमुख कमीशनरों के नाम बताइए ।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

15. पुनर्दान किसे कहते हैं ?

16. प्रजापतिनिधि सभा का प्रारंभ कब हुआ ?

17. कन्नड साहित्य परिषद कहाँ है? इसकी स्थापना कब हुई ?

18. राजमहल सत्याग्रह के नेता कौन थे ?

III . समूह में चर्चा करके उत्तर दीजिए ।

19. हैदरअली की उपलब्धियों के बारे में बताइए ।

20. तीसरे आंग्लो मैसूरु युद्ध का परिणाम क्या हुआ ?

21. टिप्पू सुल्तान की उपलब्धियों के बारे में बताइए ।

22. नाल्वडी कृष्णराज ओडेयर की प्रमुख उपलब्धियों की सूची बनाइए ।

23. सर्. एम्. विश्वेश्वरय्या की उपलब्धियों कौन कौन सी हैं?

IV . नीचे के 'ए' सूची और 'बी' सूची के विषयों को जोड़कर लिखिए ।

ए	**बी**
1. चिक्कदेवराज ओडेयर	अ) राजर्षि
2. टिप्पू सुल्तान	आ) भारतरत्न
3. नाल्वडी कृष्णराज ओडेयर	इ) नवकोटि नारायण
4. सर्.एम्. विश्वेश्वरय्या	ई) पहला राज्यपाल
5. जयचामराज ओडेयर	उ) मैसूरु का बाघ

कार्यकलाप

1. मानचित्र में मैसूरु राज्य के ऐतिहासिक स्थानों को पहचानिए।
2. टिप्पू सुल्तान ने भारत से अंग्रेजों को खदेडने का प्रयत्न किया। फिर भी सफल नहीं हुआ, क्यों? चर्चा करके उत्तर लिखिए ।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

7.2 केलदी, चित्रदुर्ग और यलहंका

केलदी के नायकः

नायक : विजयनगर साम्राज्य के अधीन में अनेक छोटे-मोटे राजा थे। इनको ही नायक या मांडलिक कहते हैं। मांडलिकों के वश में स्थित प्रदेशों को 'पालेयपट्टू' कहते थे। नायकों में केलदी और चित्रदुर्ग के नायक प्रसिद्ध हैं।

विजयनगर के काल में शिवमोग्गा जिले में केलदी राज्य की स्थापना हुई । वही आगे जाकर स्वतंत्र हुआ। केलदी के नायक कर्नाटक के तटवर्ती तथा पश्चिमी घाट के प्रदेशों पर प्रशासन करते थे।

केलदी संस्थान विशाल तथा समृद्ध था। शिवमोग्गा, दक्षिण-कन्नड, उडुपी, कासरगोडू, (केरल) कोडगू, हासन, तुमकूरु, चित्रदुर्ग, धारवाड. तथा उत्तर कन्नड.जिलों के भागों पर विस्तृत था।

बुजुर्ग वेंकटप्पा नायक : वेंकटप्पा नायक केलदी के राजाओं में ही अत्यंत प्रसिद्ध थे। उनके काल में केलदी संपूर्ण स्वतंत्र हुआ। इसने तटवर्ती भाग में चंद्रगिरि नदी तक विजय यात्रा की। उल्लाल की रानी अब्बक्का की सहायता से पुर्तगाली सेना को मंगलूर में हराया। विजयपुर के आदिलशाही की सेना को हराकर हानगल में विजय स्तंभ की स्थापना की। हर धर्म को प्रोत्साहित किया।

शिवप्प नायक :

शिवप्प नायक केलदी वंश का प्रसिद्ध राजा था। तटवर्ती प्रदेश में इसने पुर्तगाली किले को वश में करके 'पडुगडलोडय' (पश्चिम सागर का मालिक) नामक उपाधि पाई थी। साम्राज्य की रक्षा के लिए बेकल तथा चंद्रगिरि में (केरल तथा मंगलूरु) मजबूत किलों को बनवाया। धर्म पर श्रद्धा होने के कारण उसने वाजपेय तथा अन्य वैदिक यज्ञ कार्य भी कराया था।



शिवप्प नायक

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

व्यापार की अभिवृद्धि के लिए गोवा के व्यापारियों को अपने राज्य में आकर बसने के लिए बहुत मदद की। गोवा के ईसाई खेती-बाडी में निपुण होने के कारण उनको भी अपने राज्य में आकर बसने के लिए प्रोत्साहित किया। उनको ज़मीन भेंट के रूप में दी। उसने आदेश दिया कि अपने राज्य में पादरियों का पद स्थानीय लोगों को ही मिलना चाहिए।



शिवप्पा नायक का राजमहल, शिवमोग्गा

शिवप्प नायक का 'सिस्तु' :

शिवप्प नायक की कर (लगान) की व्यवस्था को 'शिस्तु' पन कहा गया है। इस 'कर' (लगान) व्यवस्था के अनुसार जमीन के उपजाऊ पन आधार पर लगान वसूल किया जाता था। मिट्टी की गुणवत्ता, सिंचाई की सुविधा आदि अंश वर्गीकरण के प्रमुख तत्व थे। खेती के आय के $\frac{1}{3}$ भाग को लगान के रूप में संग्रहीत किया जाता था । ऐसे ही व्यवस्थित 'कर-व्यवस्था' को ही 'शिवप्पा नायक का शिस्तु' कहते हैं। 'शिस्तु' घाटीय (मलेनाडु) इलाके की समृद्धि का कारण बना।



अघोरेश्वर मंदिर, केलदी

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

रानी चन्नम्मा जी:

शिवप्पा नायक के बाद उनकी बहू रानी चेन्नम्मा जी ने केलदी पर प्रशासन किया। उसने मुगल सेना को हराकर शिवाजी के बेटे छत्रपति राजाराम की रक्षा की। कन्नड प्रदेश के शौर्य तथा त्याग का संकेत रही चेन्नम्मा ने मैसूर की सेना के साथ भी युद्ध किया। केलदी के राजाओं ने मंदिरों, अग्रहारों तथा वीरशैव धर्मशालाओं की स्थापना की। केलदी का अघोरेश्वर मंदिर शिल्पकला के लिए प्रसिद्ध है। धर्मशालाएँ दासोह (उचित भोज) तथा शिक्षा का केंद्र थी। सभी धर्मों को अपार दान- दक्षिणाएँ दी। चेन्नम्मा जी ने मंगलूर में एक ईसाई मंदिर के लिए निवेश (भूमि) दान में दिया था।

मैसूर राज्य के साथ हुए निरंतर संघर्ष तथा आंतरिक कलहों के कारण केलदी राज्य बलहीन होता गया। बाद में इस राज्य को हैदरअली ने अपने वश कर लिया।

चित्रदुर्ग के नायक

मैसूर तथा केलदी राजाओं के बाद चित्रदुर्ग के नायकों को कर्नाटक के इतिहास में सम्मान का स्थान मिला है। इन्होंने 16 से 18 वीं शताब्दी तक मांडलिक के रूप में प्रशासन किया।

मदकरी नायक :

ये चित्रदुर्ग के नायकों में प्रबल तथा प्रसिद्ध राजा थे। केवल 12 वर्ष की उम्र में ही वह सिंहासन पर बैठा। मदकरी नायक ने हैदरअली को कई युद्धों में सहायता की थी। परंतु हैदर मदकरी नायक की शूरता से अंदर ही अंदर जलता था। उसे समाप्त करने के लिए चित्रदुर्ग के किले को घेर लिया। परंतु इस सात दीवारों से व्यापित मजबूत अभेद्य किले को वश करना हैदरअली के लिए असंभव था। इसलिए हैदर के सैनिक किले के अंदर प्रवेश करने के लिए गुप्त मार्ग की खोज की। जब किले का पहरेदार नहीं था तब गुप्त मार्ग से किले के अंदर प्रवेश करने की कोशिश की। उस समय किले की पहरेदार की पत्नी ओबव्वा ने अपने मूसल की सहायता से कई लोगों को मार डाला। आज भी चित्रदुर्ग के किले के पश्चिम भाग में वीर नारी ''ओबव्वान किंडी'' (obavva's kindi) मौजूद है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



मूसल की ओबव्वा।



चित्रदुर्ग का किला

इस हार को हैदर ने स्वीकार नहीं किया, और पुनः एक बार चित्रदुर्ग को घेर लिया। भीषण युद्ध में मदरकरी नायक की हार हुई। मदकरी नायक को बंदी बनाकर उसे मार दिया गया। मदकरी नायक की मौत के साथ ही चित्रदुर्ग के नायकों का वंश समाप्त हो गया।

चित्रदुर्ग एक आकर्षणीय गिरिदुर्ग है। यह किला सात (7) घेरों की दीवार से बना है। इसके अंदर कई निवेश में मंदिर तथा तालाब हैं। चित्रदुर्ग के नायकों ने कई मंदिरों का निर्माण कराया। भरम-सागर तथा भीम सागर बाँध इन्हीं की देन हैं। वे अपने शौर्य और साहस के लिए प्रसिद्ध थे। इस वंश की समृद्धि के बारे में अनेक लोकसाहित्य हैं।

© KEBS NOT TO BE REPUBLISHED

यलहंका के नाडप्रभू :

केंपेगौडा के वंशज के नाम से प्रसिद्ध राजा यलहंका के नाडप्रभू आधुनिक बेंगलुरु के निर्माता थे। ये विजयनगर के मांडलिक थे। आगे जाकर 16- 18 वीं शताब्दी में बेंगलुरु के अधिकांश भागों पर इनका प्रशासन था। पहले बेंगलुरु बाद में मागड़ी इनकी राजधानी रही।



गड़िगोपुर, बेंगलूरु

प्रथम केंपेगौडा: इसको बेंगलुरु का निर्माता कहते हैं। इसने बेंगलुरु में एक किले का निर्माण करके वहाँ से प्रशासन प्रारंभ किया। बेंगलुरु के बसवनगुडी के बसवा मंदिर, हलसूरू के सोमेश्वर मंदिर का निर्माण तथा

गविगंगाधरेश्वर मंदिरों का निर्माण इसकी उपलब्धियाँ हैं । बेंगलुरु में कई तालाबों को निर्माण करने का श्रेय इसी को जाता है।

प्रथम केंपेगौड़ा इनसे निर्मित चार तालाब इस प्रकार हैं-केंपांबुधी, धर्मांबुधी, हलसूरू तथा संपंगी।

'प्रथम केंपेगौडा' ने कई धर्मशालाएँ तथा अग्रहारों का निर्माण कराया। धर्मप्रभू के रूप में शासन करनेवाले इन्हें 'प्रजा वत्सल' नामक उपाधि प्राप्त थी।



प्रथम केंपेगौडा

द्वितीय केंपेगौडा प्रथम केंपेगौडा का बेटा था। केंपेगौडा के वंशज, ने मागडी को राजधानी बनाकर प्रशासन किया। इसलिए इस घराने के राजाओं को 'मागडी केंपेगौडरु' कहने की प्रथा है।

द्वितीय केंपेगौडा ने बेंगलुरु शहर की सीमाओं को पहचान कर चार सीमा गोपुरों (गडि.गोपुरों)का निर्माण कराया। इसके समय में बेंगलुरु कपड़े बुनने का बडा केंद्र था। अपने पिता के जैसे इन्होंने भी नये ग्राम, मंदिर तथा तालाबों का निर्माण कराया। आगे चलकर यह राज्य मैसूर संस्थान में विलीन हो गया।

7.3 कोडगू, कित्तूरु, तुलुनाडू तथा हैदराबाद-कर्नाटक :

कोडगूः पश्चिम घाटियों की तराई में स्थित जिला ही कोडगू है। यहाँ ज्यादातर लोगों बोल द्वारा जाते वाली भाषा है 'कोडवा'और 'अरेभासे' (अरेभाषे) है।



तलकावेरी


NOT TO BE REPUBLISHED © SCERT

कर्नाटक जनता की 'जीवनदी' कावेरी है। तलकावेरी कावेरी नदी का उद्गम स्थान है।

लाखों लोग तलकावेरी की आराधना करते हैं। कोडागू वन संपदा से भरा है। यहाँ 'नागरहोले' नामक राष्ट्रीय उद्यान है।

हालेरी राजघराना।

कोडागु पर प्रशासन करनेवाले प्रमुख राजघराना ही हालेरी राजघराना है। 17 वीं शताब्दी के प्रारंभ में इसकी स्थापना वीरराज ने की। आगे चलकर मुद्दुराजा ने 'मुद्धुराजकेरी' का निर्माण कराकर उसे राजधानी बनाया। यही मुद्धूराजकेरी ही 'मडिकेरी' बना है।



मडिकेरी का किला

18 वीं सदी के उत्तरार्ध में हैदर तथा टीपू सुल्तान ने कोडागु पर प्रशासन किया। उस समय कोडगु का राजा ''वीरराज'' टीपू का बंदी था। उसके हाथ से बचकर वीरराजा ने अंग्रेजों की सहायता से कोडागू को अपने वश में कर लिया। टीपू की मृत्यु के उपरांत अंग्रेज तथा कोडगू के राजा मित्रता से रहे।

कोडगू तथा अंग्रेज: कुछ समय बाद अंग्रेजों ने कोडगू को अपने वश में कर लिया (1834)। कोडगू के अंतिम राजा चिक्कवीर राजेंद्र को राज्य से निष्कासित कर कोडगू पर खुद प्रशासन करने लगे। कोडगू का विभाजन कर, कोडगू के भाग 'अमरसूल्या' को केनरा जिले में विलीन कर दिया।

NOT TO BE REPUBLISHED © KSTBS

अमरसूल्या संघर्ष : केनरा जिले में किसानों पर भू-कर अधिक होने के कारण वहाँ के किसान अंग्रेजों के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष करने उतरे। उन्होंने अंग्रेजों को कोडगू से खदेड़ने का संकल्प किया। इस संघर्ष को 1837 को अमरसूल्या संघर्ष कहते हैं। आंदोलनकारों ने सूल्या, पुत्तूरु, कासरगोडू तथा मंगलुरू को 13 दिनों तक अपने वश में कर लिया था । परंतु अंग्रेजों ने इस संघर्ष को दबा दिया। कई आंदोलनकारों को फाँसी दी गयी। इस संघर्ष के प्रमुख नेता थे -पुट्टबसप्पा, कल्याण स्वामी और गुडडेमने अप्पय्य गौडा।



गुड्डेमने अप्पय्य गौडा का कांसे की प्रतिमा मडिकेरी

कोडगु में स्वाधीनता आंदोलन : स्वतंत्रता के आंदोलन में कोडगू के स्वतंत्र प्रेमी सक्रियता से शामिल हुए । स्वतंत्रता के बाद कोडगू कुछ समय तक प्रत्येक राज्य था। 1956 में कोडागू कर्नाटक में विलीन हो गया।

कोडगू के दो आँखों के तारे : कोडगू का नाम जगत विख्यात करने वालों में ''फील्ड मार्शल के .एम . कार्यप्पाजी'' प्रमुख हैं। अंग्रेजों के जमाने में ही वे प्रथम भारतीय जनरल थे। स्वतंत्र भारत के थलसेना, नावसेना तथा वायुसेना के प्रथम अधिपति थे। अपने प्रशासन, साहस, शौर्य के लिए प्रसिद्ध कार्यप्पाजी को 'फील्ड मार्शल' नामक अत्युन्नत उपाधि प्रदान की गयी।



फील्ड मार्शल के. एम. कार्यप्पा



जनरल के. एस. तिम्मय्या

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

एक और महान देशभक्त कोडगू के जनरल ''के. एस. तिम्मय्या'' हैं। वे भारत तथा पाकिस्तान के युद्ध में भारत की विजय के कारणीभूत रहे। ये दोनों वीर कोडगू की आंखों के तारे' नाम से प्रसिद्ध हैं। सेना शक्ति के साथ-साथ पहचाने गए कोडगू खेल, साहस, लोककला तथा प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी प्रसिद्ध है।

कित्तूरु

बेलगाँव जिले का कित्तूरु लग-भग दो शताब्दियों से पहले प्रभावशाली राज्य था। व्यापार तथा खेती के लिए प्रसिद्ध था।



वीर नारी कित्तूर की रानी चेन्नम्मा, कांसे की प्रतिमा

रानी चेन्नम्मा : वीर-नारी कित्तूरु रानी चेन्नम्मा राजा मल्लसर्ज देसाई की छोटी पत्नी थी। मल्लसर्ज और उसके उत्तराधिकारी बेटे का भी देहांत हुआ। चेन्नम्मा ने शिवलिंगसर्ज को दत्तक लेकर राज्य का प्रशासन शुरू किया। धारवाड के कलेक्टर थैकेरे ने दत्तक स्वीकार करना उचित नहीं है इस तरह झूठा बहाना बनाया। कित्तूर का प्रशासन अंग्रेज सरकार को ही निभाने के लिए सिफारिश की। इस विषय को जानकर चेन्नम्मा क्रोध से आग बबूला हुई। अंग्रेजों की दमन नीति का विरोध कर राज्य में स्वतंत्रता के लिए संग्राम छेडने का निर्णय लिया। थैकेरे ने 500 सैनिकों के साथ कित्तूरु पर आक्रमण किया। भीषण युद्ध हुआ।

चेन्नम्मा ने अपने सैनिकों के साथ अंग्रेजों के विरुद्ध पराक्रम के साथ युद्ध किया। अंग्रेजी सेना बिखर गई। थैकेरे को गोली लगने से वह मर गया।

फिर से अंग्रेजी सेना ने कित्तूरु को घेर लिया। कित्तूरु की सेना छोटी थी। केवल 6000 सैनिक थे। अंग्रेजों की सेना बहुत बडी थी। युद्ध तीन दिनों तक चला। चेन्नम्मा की ओर रहने वालों ने ही उसे धोखा दिया। इससे कित्तूरु की सेना हार गई,चेन्नम्मा बंदी बनाई गई। उसे अंग्रेजों ने बैलहोंगल के कारागृह में रखा । पाँच वर्षों तक कारागृह में रहकर रानी स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले वीरों को संदेश भेज कर हौसला बढ़ाती रही।

NOT TO BE REPUBLISHED © KTBS

अंग्रेजी सत्ता का विरोध करने वाली प्रथम भारतीय महिला की कीर्ति चेन्नम्मा को प्राप्त है। ये स्वतंत्रता संग्राम की 'ध्रुवतारा' बनकर चमक रही हैं। उसके स्मरणार्थ आज भी लोक गीत (लावणी) आदि गाए जाते हैं।

संगोल्ली रायण्णा : संगोल्ली रायण्णा चेन्नम्मा का निष्ठावान सेवक था। सामान्य जनता के बीच में इस योद्धा का उगम हुआ। इसने चेन्नम्मा को बंदी बनाने के बाद कित्तूरु का नेतृत्व कर सेना का संगठन किया। अंग्रेजों के दफ्तरों को जलाकर खजानों को लूटा। गेरिल्ला युद्ध में निष्णात रायण्णा अंग्रेजों के लिए सिंहस्वप्न बना गया था। सीधे युद्ध में उसे पराजित करना असंभव होने से अंग्रेजों ने षड्यंत्र रचा।


संगोल्ली रायण्णा

पैसों के लालच में आकर देशद्रोहियों ने रायण्णा को धोखे से बंदी बनाकर अंग्रेजों को सौंप दिया। उसे और उसके छः साथियों को भी फाँसी दी गई। अंतिम दर्शन के लिए आई उसकी माता केंचव्वा के चरणों में गिरकर वर माँगते हुए हँसते - हँसते फाँसी पर चढ़ा गया । उसके सारे साथियों की समाधि नंदगढ़ में बनाई गई । रायण्णा के अनुयायियों ने आंदोलन जारी रखा।

रायण्णा की समाधि पर वट के पौधे को उसके अनुयायी बिच्छुगत्ती चेन्नबसप्पा ने बोया। कहा जाता है चेन्नबसप्पा ने वैराग्य लेकर वही निवास किया था। यह वटवृक्ष आज भी है। संगोल्ली रायण्णा के बाद अनेक वीर युवकों ने आंदोलन को जारी रखकर कित्तूरु की जनता का स्वतंत्र प्रेम दिखाया।

तुलुनाडू

प्राचीन काल में कर्नाटक के तटवर्ती इलाके का एक भाग (अधिकांश आज के दक्षिण कन्नड तथा उडुपी जिले) तुलुनाडू नाम से जाना जाता था । पुराण साहित्य में यह क्षेत्र परशुराम का क्षेत्र कहलाया। यहाँ के अधिकांश लोगों की भाषा तुलु है। कोंकणी और ब्यारी भाषा का प्रयोग करने वाले अधिकांश लोग भी तुलुनाडू में हैं।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

इतिहास में तुलुनाडू को कदंब, आलुप, होय्सल, विजयनगर के राजघराने प्रशासन करते आए। तुलुनाडू में आलुप वंश के राजाओं ने दीर्घ समय तक प्रशासन किया। उद्यावार (उदयापुर), मंगलूरू (मंगलपुर), बारकूरु-आदि तुलुराज्य की राजधानियाँ बनी थीं।

'चौट' राजघराने की 'उल्लाल की रानी अब्बक्का'' ने (16 वीं शताब्दी) पुर्तगालियों के खिलाफ.संघर्ष करके उन्हें हरा दिया था।


धर्म : तुलुनाडू के राजाओं में अधिकांश लोग जैन थे। यहाँ बौद्ध, जैन , वीरशैव, नाथ, इस्लाम, ईसाई जैसे अनेक धर्म के लोग रहते हैं । नागाराधना, भूताराधना ये तुलुनाडू के दो आराधना पंथ हैं।

नागमंडल एक विस्तार नागराधना है और नाग तथा भूत की 'कोला' और 'नेम' के नाम से आराधना की जाती है।

- द्वैतमत स्थापक मध्वाचार्य तुलुनाडू के हैं। मंगलूरु के कद्री में स्थित 'मंजुनाथ का मंदिर' तुलुनाडू का प्राचीन मंदिर है।
- तुलुनाडू में ईसाईयों ने शिक्षा केंद्रों की स्थापना द्वारा, शिक्षा क्षेत्र को अमूल्य देन दी है। उन्होंने ही मंगलुरू में मुद्रणालय की स्थापना की हैं । 'फर्डिनांड किटेल' से रचा हुआ कन्नड़ शब्दकोश 'बासेल मिशन मुद्रणालय' में मुद्रित हुआ ।
- तुलु शब्दकोश की रचना जर्मन से आए 'मेन्नर' ने की। आरंभ में तुलुनाडू में ईसाई धर्म का प्रचार विदेशी पाद्रियों ने किया। आगे चलकर यह कार्य देशियों ने आगे बढाया। कई सुंदर गिरजाघर यहाँ हैं।
- प्राचीन काल से ही अरब देश के साथ तुलुनाडू व्यापार संबंध बनाये रखा था। परिणाम स्वरूप यहाँ इस्लाम धर्म प्रचुरता में आया। मुसलमानों ने प्रार्थना के लिए जगह-जगह पर मस्जिदों का निर्माण कर लिया।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

वास्तु, शिल्प : कद्री मंजूनाथ मंदिर में सुंदर ''अवलोकितेश्वर'' की बडा कारय शिल्प है। यह 1000 साल पुराना है। मूडबिदरे का हजार खंभों का जैन मंदिर, कार्कल, वेणूरु, धर्मस्थल में स्थित गोमट मूर्ति जैन संस्कृति के संकेत हैं। यहाँ प्रसिद्ध दैव 'कोटी चेन्नय्या' के गरोडी दिखाई देते हैं।



अवलोकितेश्वर - मंगलूरु



हजार स्तंभ का विहार (जैन मंदिर) मूडबिदरे

लोक कथा : कंबुल(कंबल) कोलिअंका चेन्ने आदि तुलुनाडू के कुछ लोककथा के खेल हैं। यक्षगान तथा ताल मद्दले यहाँ की प्राचीन कलाएँ हैं।



यक्षगान वेषधारी

अंग्रेजी प्रशासन: 19वीं शताब्दी के प्रारंभ में कर्नाटक के तटवर्ती प्रदेशों में अंग्रेजों ने प्रशासन किया । उस समय तटवर्ती प्रदेश को 'केनरा' जिला कहते थे। आगे चलकर केनरा जिले को दो जिलों में विभाजित किया गया। वे हैं -उत्तर भाग 'उत्तर कन्नड'. (नार्थ केनरा), और दक्षिण भाग 'दक्षिण कन्नड'. (साउथ केनरा)।


स्वतंत्रता संग्राम : तुलुनाडू के स्वतंत्रता सेनानियों में 'कार्नाडू सदाशिवराव' और अत्तावर यल्लप्पा अग्रगण्य हैं।

* देशभक्त 'कार्नाडू सदाशिवराव' की हरिजन सेवा स्मरणीय है। ये दलित वर्गों के कई बच्चों को अपने घर में ही खाने की व्यवस्था करते थे। देश के लिए अपना सर्वस्व त्याग करनेवाले तारे है ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

* अत्तावर यल्लप्पा नेताजी सुभाषचंद्र बोस से स्थापित 'आजाद हिंद सरकार' के मंत्रीमंडल में मंत्री थे। उन्होंने नेताजी के आजाद हिंद फौज में पंद्रह साल सेनाधिकारी के रूप में सेवा की थी।

* अस्पृश्यता के खिलाफ आंदोलन, दलित वर्ग की बालिकाओं के लिए शिक्षा आदि दलितोंद्धार कार्य करने वालों में से कुद्मुल रंगराव अग्रणी थे। गांधीजी जब मंगलुरू आए थे तब उन्होंने रंगराव को उनके कार्यों के लिए बहुत तारीफ़ की थी।



कार्नाडु सदाशिव राव।



अत्तावर यल्लप्पा



कुद्मुल रंगराव

NOT TO BE REPUBLISHED @KSBB

बैंकिंग क्षेत्र में तुलुनाडू ने इतिहास निर्माण किया है। केनरा, कार्पोरेशन, सिंडिकेट, कर्नाटक बैंक तथा विजया बैंक स्वतंत्र-पूर्व में ही यहाँ प्रारंभ हुए । देश के सारे भागों में प्रसिद्ध बैंक, कई शाखाओं के साथ भारत की वित्त व्यवस्था को विशेष देन हैं। लाखों लोगों को उद्योग भी दे रहे हैं।

1956 में उत्तर तथा दक्षिण कन्नड.जिले कर्नाटक के साथ विलीन हो गए।(इससे पहले दक्षिण कन्नड.जिला मद्रास संस्थान के प्रशासन में था) दक्षिण कन्नड.जिले का विघटन करके 'उडुपी' जिला बना।) (सा.श .1997)

हैदराबाद कर्नाटक

आखेटकों का आंदोलन :

विजयनगर साम्राज्य के पतन के बाद हैदराबाद- कर्नाटक (इसे अब कल्याण-कर्नाटक कहा जाता है) के शिकारी नायकों का प्राबल्य था । ये आंदोलनकार थे। इनका 1800 के बाद अंग्रेजों के खिलाफ़ किये आंदोलन अनगिनत था ।

कारण : स्थानीय जमींदारों का शोषण तथा अंग्रेज द्वारा लागू शस्त्रास्त्र-कानून, जंगली कानून तथा उनका शोषण, ऐसे शोषणों से तंग आकर होकर स्थानीय मुखिया तथा सामान्य जनता विरोध करने लगे। सा.श. 1800 के बाद हुए पच्चीसों से भी अधिक आंदोलन में ज्यादातर आखेटकों के आंदोलन ही ज्यादा हैं। इनका उद्देश्य अंग्रेजों को भारत से खदेड़ना था।

हलगली आखेटकों का संघर्ष :

हलगली बागलकोट जिले के मुधोल तालुक का एक गाँव है। आज भी इस गाँव पहलवानों के लिए मशहूर है। भारत के स्वाधीनता संग्राम में इस गाँव का नाम सुनने में आया था। यहाँ के ज्यादातर लोग आखेटक थे। शिकार करने तथा आत्मरक्षा के लिए उनके पास शस्त्रास्त्रों का संग्रह था।

1857 में अंग्रेजों द्वारा जारी किये शस्त्रास्त्र कानून के अनुसार भारतीय सरकार की अनुमति लेकर ही अपने साथ शस्त्रास्त्र रख सकते थे। स्वभावतः शूर तथा स्वाभिमानी आखेटकों को यह असह्य था। इससे अंग्रेजों ने आखेटकों पर आक्रमण किया। जङ्ग, बाल, रामी आदि नायकों ने वीरावेश से युद्ध किया।

आक्रमण से कई वीरों की मौत भी हुई। 290 लोगों को बंदी बनाकर 19 लोगों को फाँसी दी गई। इनके संघर्ष की वीर गाथा कर्नाटक के स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में अमर है।

रामी : हलगली संघर्ष में 3 अंग्रेजी सैनिकों को गोली मारकर हत्या करने वाली आखेटकों की वीर महिला थी। इस संघर्ष में रामी ने वीरगति प्राप्त की।

इनके ऊपर लिखे गए लोकगीत (लावणी) एसे शुरू होते हैं।
हलगली बेडरू हुलिगिंत शूररु
चलिसदे निंतु होराडी मडिदवरु
कुल हिरिमे मेरेसि होग्यारा ।।

सिंधूर लक्ष्मण :

सिंधूर लक्ष्मण अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करने वाला एक महावीर था।

लक्ष्मण सांग्ली जिले के 'जत' तालूक के सिंधूर ग्राम में शिकारी साबू तथा नरसव्वा नामक दंपति का पुत्र था। इसकी समाधि बीलगी में है।

© DIET NOT TO BE REPUBLISHED

सिंधूर गाँव ईनामदार (गौडा) के प्रशासन से पीड़ित था । मगर लक्ष्मण उनके खिलाफ उठा। कालांतर में वह अंग्रेजों का भी विरोधी बन गया।

लक्ष्मण अंग्रेजों के खजानों तथा अमीरों से लूटे हुए धन को गरीबों में बाँटता था। इसने शोषितों की सेवा द्वाराकई जनप्रिय कार्य किये। गाँव के पडाव सम्मुख बुलाकर चोरी के बारे में जब पूछा गया तब लक्ष्मण का अपमान हो गया। और वहाँ से भाग गया। पुलिस अधिकारी को मारने के कारण उसे पकड़ने के लिए अंग्रजों ने बहुत कोशिश की । बाद में उसे गोली मारकर हत्या की गई। यह आज भी इतिहास के पन्नों में अमर है।

सुरपुर के नायक :

यादगिरि जिले का सुरपुर कृष्णा नदी तथा भीमा नदी के बीच में स्थित है । सा. श. 1636 से 1558 तक 12 नायकों ने शासन किया है । गड्डिपिड्डु नायक इस वंश का स्थापक था । इनके पूर्वज विजय नगर की सेना में थे । विजयनगर की अवनति के बाद बिखरे अलग - अलग समूहों में ये भी एक था । बाद में विजयपुर के आदिलशाहियों से सरदेशगति पाकर वागिनगेरी में प्रशासन प्रारंभ किया । पीतांबरी बहरीपिड्डु नायक (सा.श. 1687-1726) ने सा.श. 1707में सुरपुर का निर्माण करके, इसे अपनी राजधानी बना लिया ।



सुरपुर के राजा वेंकटप्पा नायक

बाद में अंग्रेज तथा हैदराबाद के समझौते के अनुसार यह संस्थान उनके अधीन आया । राजा कृष्णप्प नायक के बाद उसके बेटे राजा नाल्वडी वेंकटप्प नायक ने (सा.श. 1843-1858) अधिकार पाया । उसी समय उत्तर भारत में प्रथम स्वातंत्र संग्राम (सा.श. 1257) की आंधी सुरपुर पहुँची । नाल्वडी वेंकटप्पा नायक ने दक्षिण भारत के सभी राजाओं को एकत्रित करके, अंग्रेजों के विरुद्ध संग्राम करने की योजना बनाई। अरब, रोहिल्लों को भी अपनी सेना में शामिल किया ।

साथ में सेना प्रशिक्षण देने लगा । यह सब जानकर अंग्रेज अधिकारी थार्नहिल् ने 24 दिसंबर 1857 को कैप्टन क्यांबल् को तीव्र कार्याचरण करने के लिए पत्र लिखकर आदेश दिया।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अंग्रेज सेना 1858 में सुरपुर पर आक्रमण किया । दोनों के बीच भयंकर युद्ध हुआ। सुरपर सेना ने स्टुआर्ट को हरा दिया । न्यूबेरी का अंत हुआ । इधर नाल्वडी वेंकटप्प नायक अरब, रोहिल की सेना लाने हैदराबाद की ओर गया । उधर अंग्रेज सेना सुरपुर में घुसकर, सुरपर का पतन किया । हैदराबाद में भटकते वेंकटप्पा नायक को देखा हुआ वनपर्ती राजा से संदेश पाकर, हैदराबाद निजाम का प्रधानमंत्री सालारजंग ने अंग्रेजों से कुछ मिलने की लालच से उसे अंग्रेजों के हवाले कर दिया। अंग्रेज नाल्वडी वेंकटप्प नायक को सिकंदराबाद में बंदी बनाकर रखा। बाद में पूछताछ करके मृत्यु दंड देने का नाटक किया ।

अंग्रेज मेडोस् टेलर की प्रार्थना से उन्नत अधिकारी गवर्नर जनरल ने राजा का मृत्युदंड सजा के बदले मरने तक तडीपार की सजा दी । राजा को मद्रास के पास चंगल्पेट दुर्ग में रखने जाने की राह में जब विश्रांति के लिए रुके थे तब अंग्रेज वेंकटप्प नायक को धोखे से मार दिए। इसे आत्महत्या कहकर झूठी अफवाह फैला दिए ।

बाद में अंग्रेज सुरपुर को हैदराबाद निजाम को भेंट में दिया । आगे के संस्थानिक निजाम के अधीन में ही रहे । अंत में 1948 सितंबर 17 को हैदराबाद निजाम संस्थान सुरपुर के साथ भारत एकता में विलीन हो गया ।

सुरपुर नायकों की देन राजकीय चरित्र की तरह सांस्कृतिक क्षेत्र को भी अमूल्य है । इनके कई जनपर कार्यों से आज भी जनमानस में हैं । तालाब, कुँए, देवालय, राजमहल, किले आदी के निर्माण करवाए । अनेक लोगों को जाहगीर दिए । इसके अलावा अपने कुलदेवता तिरुपति वेंकटरमण तथा गोपालस्वामी के नित्य पूजा के लिए और उत्सवों के लिए जहगीर, जमीन दान में दिया । इनके दरबार में कई कलाकार, गायक, चित्रकार, शिल्पी, साहित्यकार आदी आश्रय पाए थे । अनेक मौल्यवान साहित्यिक कृति आए । वे सर्वधर्म सहिष्णु थे ।

चित्रकला में सुरपुर नायक राजवंश में अग्र स्थान पर था । वहाँ के चित्रों की तकनीक तथा विन्यास उच्च स्तर के हैं । मैसूर की सांप्रदायिक कलाकृति, विजयनगर शैली के चित्र, विजयपुर आदिलशाही वंश के कलाकृतियों से सुरपुर नायकों की कलाकृति अपने आप में एक विशिष्टता लिए हुए है।

NOT TO BE REPUBLISHED © KTBS

लंदन का कला संग्रहालय, इंग्लेंड के विविध नगर, दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, प्राच्यवस्तु संग्रहालय और सालारजंग वस्तु संग्रहालय में आज भी ऐसी कलाकृतियों को देख सकते हैं ।

हैदराबाद- कर्नाटक मुक्ति आंदोलन

हैदराबाद -कर्नाटक का मुक्ति आंदोलन दमनकारी राजा के खिलाफ हुए जन आंदोलन के उज्जवल इतिहास का उदाहरण है। साथ ही महान त्याग तथा बलिदान के लिए अमिट साक्षी है।

पहले हमारे देश में 562 छोटे-छोटे राज्य (संस्थान) अंग्रेजों के अधीन में थे। इनमें से हैदराबाद प्रमुख था।

संघर्ष की पृष्ठभूमि -

हैदराबाद संस्थान में हिंदुओं की स्थिति अत्यंत शोचनीय थी। सार्वजनिक रूप से वे अपना धार्मिक आचरण नहीं कर सकते थे।

सारे संस्थान में शिक्षा को नजर - अंदाज किया गया था। सब जगह उर्दू ओतप्रोत कन्नड भाषा तथा साहित्य पर पुरा असर पडा था।

निजाम ने 'कालगप्ति' नामक 53 कठोर नियमों को लागू करके आम जनता के मूलभूत अधिकार तथा स्वतंत्रता का दमन किया।


आंदोलन की तीव्रता :

इस आंदोलन के जनप्रिय नेता ''स्वामी रमानंद'' तीर्थ थे। उन्होंने पूरे हैदराबाद संस्थान में घूमकर अहिंसात्मक सत्याग्रह आंदोलन का संगठन किया। इस आंदोलन के एक और प्रसिद्ध नेता ''हर्डेकर मंजप्पा'' थे। वे 'कर्नाटक के गांधी' नाम से विख्यात हैं। उन्होंने मद्यपान विरोध, अस्पृश्यता निवारण आदि जनस्नेही कार्यक्रमों को जनप्रिय बनाया।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



स्वामी रमानंद तीर्थ



हर्डेकर मंजप्पा

वंदे मातरम आंदोलन :

इसी बीच ''वंदे मातरम'' के गायन पर सरकार ने पाबंदी लगा दी। इसके खिलाफ हुए आंदोलन के धीर नायक थे-रामचंद्र राव। वे 'वंदे मातरम रामचंद्र राव'नाम से ही प्रसिद्ध हैं। वंदे मातरम गीत गाने के अपराध में सैकडों लोगों को बंदी बनाया गया।

कांग्रेस संस्था को संस्थान में निषेध था। उसने हैदराबाद, स्वतंत्र भारत में मिल जाने का प्रस्ताव निजाम के सामने रखा। सा.श.1947 अगस्त 15 के दिन स्वतंत्र भारत के झंडे को हैदराबाद में फहराने के इरादे से लोग संकल्प बद्ध थे। निजाम की सरकार ने लोगों पर कई प्रतिबंध लादे।

इसी समय रजाकार संस्थान में खून-खराबे करने लगे। ''इन्हें निजाम का प्रोत्साहन प्राप्त था। इसी समय हर जगह से लगातार वंदे मातरम गूँजने लगा था।''

शरणगौडा इनामदार : हैदराबाद को विमोचन आंदोलन में भुगत कार्यवाही करने वाला नौजवान था शरणगौडा इनामदार। इनसे संगठित नौजवानों के समूह रजाकारों के खिलाफ बिजली की तरह टूट पडते थे। इससे कई ग्राम रजाकारों के अत्याचारों से मुक्त हुए। इससे प्रभावित होकर लोगों ने सम्मान से शरणगौडा इनामदार को सरदार कहा।



शरणगौडा इनामदार

रजाकारों के उपद्रव से लाखों लोग हैदराबाद छोडक़र पडोस के स्वतंत्र भारत की ओर जाने लगे। हजारों नौजवानों ने हैदराबाद की सीमाओं में डेरे लगाकर रजाकारों के खिलाफ संघर्ष किया।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



सरदार वल्लभभाई पटेल

सा.श.1947 में देश को स्वतंत्रता मिलने के बाद भी हैदराबाद संस्थान भारत के साथ विलीन नहीं हुआ था । इसी बीच रजाकारों के हिंसाचार लगातार जारी थे। अंत में हैदराबाद की समस्या को तय करने के लिए तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल जी को सरकार ने अधिकार दिया। उनके आदेशानुसार सा.श. 1948 के सितंबर 17 में भारतीय सेना का प्रवेश हैदराबाद में हुआ। इसके बाद हैदराबाद संस्थान भारत में विलीन हो गया।

1951 में हैदराबाद प्रांत में हुए चुनाव में लोगों ने अपने प्रतिनिधियों को पहली बार चुन लिया। अग्रमान्य जननायक स्वामी रामानंद तीर्थ कलबुर्गी क्षेत्र की ओर से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए।

कालगणना (सा.श)

चिक्क देवराजा ओडेयर	-	1673-1704
बेंगलूरु को करार पर लिया गया	-	1689
दलवाइयों का प्रशासन	-	1704-1761
हैदर अली	-	1761-1782
पहला मैसूर युद्ध	-	1767-1769
दूसरा मैसूर युद्ध	-	1780-1784
टीपू सुल्तान	-	1782-1799
तीसरा मैसूर युद्ध	-	1790-1792
चौथा मैसूर युद्ध	-	1799
केलदी राजाओं का काल	-	1499-1763
बुजुर्ग वेंकटप्पा नायका	-	1586-1629

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

शिवप्पा नायका	-	1645-1660
रानी चेन्नम्मा जी	-	1672-1697
हैदर अली ने केलदी राज्य को हराया	-	1763
पहला केंपेगौडा	-	1510 -1570
दूसरा केंपेगौडा	-	1585-1633
मदकरी नायक	-	1754-1779
कित्तूरु चेन्नम्मा	-	1824
संगोल्ली रायण्णा	-	1829
आलुपों का प्रशासन काल	-	7-14वीं शताब्दी
अंग्रेजों का प्रशासन	-	1801-1947
हलगली ग्राम के आखेटक नायकों पर अंग्रेजों का आक्रमण, रामी का आक्रमण	-	1857
सुरपुर नायकों का शासन काल	-	1636-1858
पीतांबरी बहरी पिड्डुनायक	-	1687-1726
नाल्वडी वेंकटप्पा नायक	-	1843-1858
सुरपुर पतन	-	फरवरी 9, 1858
सुरपुर संस्थापक का भारत एकता में विलीन होना	-	सितंबर 7, 1948
सिंधूर लक्ष्मण की अंग्रेजों से गोली मारकर हत्या	-	1922 जुलाई 22
हैदराबाद निजाम की शरणागति-हैदराबाद संस्थान भारत के गणराज्य में विलीन हुआ	-	1948 सितंबर 17

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

नए शब्द :

1. गंडबेरुंड -दो सिर वाला काल्पनिक पक्षी।
2. मांडलिक-एक प्रांत पर प्रशासन करने वाला
3. वरह- वराह मुद्रावाला सोने का सिक्का।
4. सीमे- राज्य
5. गरोडी-आराधना केंद्र

जानिए :

1. नल दमयंती के बीच पत्र व्यवहार करके मदद करने वाले हंस के उदाहरण डाक (अंचे-हंस) शब्द को चिक्का देवराज ने प्रचार किया।
2. दूसरा केंपेगौडा द्वारा निर्मित रक्षक नगर द्वार हैं- उत्तर में मखरी वृत्त; दक्षिण में लालबाग; पूर्व में हलसूरु; तथा पश्चिम में गवीगंगाधरेश्वर।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास:

I. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :

1. कोडगू पर शासन करने वाला एक प्रमुख राजवंश ———— है ।
2. चन्नम्मा का वफ़ादार सिपाही है ———— ।
3. ———— राजवंश ने तुलु भूमि पर लंबे समय तक शासन किया ।
4. उल्लाल की रानी ———— है ।
5. कन्नड के पहला शब्दकोश की रचना ———— ने की ।
6. हजार खम्भों की बसदी के नाम से प्रसिद्ध शहर है ————।
7. सुरपुरा साम्राज्य के संस्थापक ———— ।
8. हलगली विद्रोह में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़नेवाली बहादुर महिला ———— ।

9. कर्नाटक के गांधी नाम से प्रसिद्ध है ————— ।

10. वंदे मातरम् संघर्ष के वीर नेता ————— थे।

II. समूह में चर्चा करके उत्तर दीजिए :

11. चिक्क देवराज की प्रजोन्मुखी उपलब्धियाँ कौन-सी हैं?

12. तीसरे मैसूर युद्ध के परिणाम क्या है?

13. बुजुर्ग वेंकटप्पा नायक की उपलब्धियाँ कौन-सी हैं?

14. 'शिस्तु' इसका अर्थ क्या है?

15. केलदी के राजाओं की उपलब्धियों को लिखिए ।

16. मदकरी नायक के बारे में टिप्पणी लिखिए ।

17. मूसल की ओबव्वा को हम आज भी क्यों याद करते हैं ?

18. पहले केंपेगौड़ा की दो प्रमुख उपलब्धियों को लिखिए ।

19. दूसरे केंपेगौड़ा के बारे में टिप्पणी लिखिए ।

20. अमर सूल्या आंदोलन क्यों चला ?

21. कित्तूर की रानी चेन्नम्मा अंग्रेजों के खिलाफ क्यों भड़क उठी ?

22. कार्नाडू सदाशिव राव को हम क्यों याद करते हैं?

23. कुद्मुल रंगराव ने दलितोद्धार के लिए कौन-कौन से काम किए?

24. शिकारी नायकों के दंगों के कारण क्या है?

25. सिंधूर लक्ष्मण कौन था?

26. नाल्वडी वेंकटप्प नायक के बारे में टिप्पणी कीजिए ।

27. स्वामी रमानंद कौन थे?

28. हैदराबाद मुक्ति आंदोलन में शरण गौडा इनामदार की भूमिका क्या है?

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

क्रियाकलाप :

1. मानचित्र में मैसूर की ऐतिहासिक जगहों को पहचानिए ।
2. टीपू सुल्तान ने भारत में विदेशियों के प्रशासन को समाप्त करने का प्रयत्न किया। मगर सफ़ल नहीं हुआ क्यों? चर्चा करके लिखिए।
3. बेंगलूरु के नाडप्रभू ने बेंगलूरु के आस-पास कई तालाबों का निर्माण कराया। आज ज्यादातर तालाब गायब हैं। इसके परिणामों की चर्चा कीजिए। सरकार को भेजने के लिए एक रपट तैयार कीजिए।
4. फील्ड मार्शल कार्यप्पा तथा जनरल तिम्मय्या के बारे में जानकारी संग्रह करके लिखिए।
5. कित्तूरु चेन्नम्मा से संबंधित लोकगीतों (लावणी) को संग्रह कीजिए।
6. कुद्मुल रंगराव और कार्नाडु सदाशिव राव की जीवनी पढ़िए।
7. भारत की आर्थिक प्रगति में कर्नाटक के तटवर्ती राज्यों की भूमिका के बारे में एक विचार गोष्ठी का आयोजन करके एक रपट तैयार कीजिए।
8. शिकारियों के संघर्ष से संबंधित लोकगीत (लावणी) तथा गीतों का संग्रह कीजिए।
9. ''भारत के गणराज्य में सरदार पटेल की भूमिका'' इस विषय पर एक विचार गोष्ठी आयोजन करके रपट तैयार कीजिए।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

☆ ☆ ☆

अध्याय 8	भक्ति पंथ और सूफी परंपरा

F4M9C8

पाठ परिचय

दक्षिण भारत में आल्वा, दास और उत्तर भारत में संत, सूफी आदी भक्ति पंथ द्वारा समाज को जागृत कराया । इस पाठ में भक्ति पंथ का उद्देश, अर्थ और लक्षणों को बताया है। दक्षिण भारत के अंडाल्, अक्कमहादेवी, कनकदास, पुरंदरदास, भारत के कबीरदास, गुरुनानक, तुलसीदास, मीराबाई, श्री चैतन्य धर्मियों के बीच किया सामरस्य तथा स्थानीय भाषाओं की संपन्नता को दी गई देन के बारे में विवरण दिया है ।

सामर्थ्य

1. भक्ति पंथ के उपदेश सामाजिक समरसता को उनकी क्या देन है, समझना ।
2. दास तथा संतों के उपदेशों को समझकर अनुकरण करने की कोशिश करना ।
3. सूफी के उपदेशों का विशिष्ट तत्वों से विद्यार्थियों को परिचय कराना ।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

भारत बहुत संस्कृतियों का समाज से भरा देश है । इस समाज में जाति - व्यवस्था, कंदाचार, अंधविश्वास आदि घर कर चुकी थी । जनसामान्य को 'मोक्ष' मृगतृष्णा बन गया था। उसके लिए आमलोग योग्य नहीं है - ऐसी भावना मध्य युग के समाज में थी । ऐसे समय में उदित कुछ भक्ति पंथ तथा सूफी परंपरा के संत धार्मिक और सामाजिक सुधार के लिए आगे आए ।

उन्होंने विश्व बन्धुत्व को महत्व देकर, मोक्ष साधना के लिए भक्ति को ही उत्तम मार्ग बताया। इस संप्रदाय को भक्ति पंथ कहते हैं ।

भक्ति संस्कृत पद भुज् मूल से आया है । भुज् का अर्थ ज्ञान है ।

भक्ति पंथ का सार

1) भक्ति पंथ ऊँच - नीच भेदभाव का खंडन किया । समानता का अनुसरण करने को बताया ।
2) भक्ति पंथ के संतों ने कंदाचार का विरोध करके, उसका खंडन किया ।
3) संतों ने लोगों का हृदय जोड़ने का काम किया ।

4) सूफी संतों ने बताया कि - प्रेम और मानव सेवा ही धर्म है । भगवान एक ही है, कई भगवान नहीं है । नाम अलग अलग हैं ।

दक्षिण भारत की भक्ति परंपरा

अंडाल् :


अंडाल्

तमिलनाडु के 12 विष्णुभक्त आल्वाओं में 'अंडाल्' भी एक थी। यह विष्णुचित्त द्वारा पली बेटी थी । इसे पेरियाल्वार नाम से भी बुलाते थे । अंडाल् का मूल नाम गोदादेवी था । यह कृष्णभक्त थी। श्रीविल्लीपुत्तूर के कृष्ण देवालय की मूर्ति को इसके पिता फूल माला बना कर अर्पित करते थे । आंडाल् कृष्ण से ही प्रेम करके, उसे ही अपना पति मानती थी । इन्होंने 'तिरुप्पामै' नामक ग्रंथ की रचना करके भगवान को समर्पित किया । तमिलनाडु में यह 'तिरुप्पामै' वृताचरण बहुत प्रसिद्ध है ।

अल्वाओं की भावना थी कि - सब विष्णुभक्त समान हैं । उनके जन्म के बारे में किसी को भी नहीं पूछना चाहिए । जाति-भावना घोर पाप है ।

अक्कमहादेवी


अक्कमहादेवी

12वी शताब्दी के वचन आंदोलन में भाग लेने वाली वीर महिला अक्कमहादेवी थी । कन्नड वचन साहित्य को इसकी देन अपार है । शिवमोग्ग जिले का उडुतडी में अक्कमहादेवी का जन्म हुआ । निर्मलशेट्टी, सुमती इसके माता-पिता थे । बचपन से शिवभक्ति में लीन थी । वह सबसे बताती कि - म ल्लिकार्जुन ही मेरा पति है । माता पिता ने जबर्दस्ती राजा कौशिक के साथ शादी करवायी। अपने गुरु लिंग, जंगम की सेवा में अडचन होने के कारण पति का घर त्याग दिया । अपना पहनावा भी छोडकर निकली । बाद में कल्याण जाकर, वहाँ बसवेश्वर में स्थापित अनुभवमंटप में रहने लगी । वहाँ कई वचनों को 'चन्नमल्लिकार्जुन'

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अंकित नाम से रचना की । सभी शिवशरणों को अक्कमहादेवी पर अपार गौरव था । अंतिम दिनों में श्रीशैल जाकर, वे वहाँ के कदलीवन में शिवैक्य हुई ।

पुरंदरदास (सा.श. 1480-1564)


पुरंदरदास

पुरंदरदास कन्नड दास साहित्य के एक प्रमुख व्यक्ति हैं। इनका जन्म पुरंदरगढ में हुआ । इनका मूल नाम श्रीनिवास नायक था। पिता वरदप्प नायक तथा माता लीलावती थी । इनकी पत्नी लक्ष्मीबाई धर्मनिष्ठ स्त्री थी ।

कंजूस तथा नास्तिक श्रीनिवास नायक भगवान की परीक्षा में हारकर, अपनी सब संपत्ति का त्याग करके भगवान के नामस्मरण में लीन हो गए । वे कीर्तन गाते-गाते कई ग्रामों से होकर, कृष्णदेवराय के दरबार में पहुँचे । वहाँ व्यासराय ने इन्हें दीक्षा देकर, 'पुरंदर' नामकरण किया । इस तरह वे पुरंदरदास बन गए । इनके कीर्तनों में मानवीय मूल्यों का समावेश है। इन्होंने अपने कीर्तनों में छुआछूत का खंडन किया । इनके कीर्तनों में तत्व, नीति तथा संगीत का संगम देख सकते हैं। इन्हें 'कर्नाटक संगीत पितामह' कहते हैं । इन्होंने पुरंदर विठ्ठल अंकितनाम से कई कीर्तनों की रचना की है। उनके गुरु व्यासराय ने इनकी प्रशंसा इस प्रकार की है - 'दासरेंदरे पुरंदरदासरय्या'।

कनकदास (सा.श. 1508-1606)


कनकदास

दास साहित्य के एक और प्रमुख कीर्तनकार कनकदास लगभग सा.श. 1508 में हावेरी जिले, बंकापूर तालूक के बाड ग्राम में जन्म लिया । मूल नाम तिम्मप्पा था । बीरप्पा, बच्चम्मा इनके माता-पिता थे । वे योद्धा भी थे और कवि भी। बाड ग्राम के आस-पास रहनेवाले 78 ग्रामों के प्रधान तथा ढणायक थे । अपार कनक मिलने के कारण कनकनायक हो गए । यह लोगों में प्रचलित कथा है । पारिवारिक जीवन से विमुक्त होकर, व्यासराय से शिष्यत्व स्वीकार कर ये कनकदास बन गए । इन्होंने कई कीर्तनों की रचना की है । 'आदिकेशव' इनका अंकितनाम है। कागिनेले का आदिकेशव इनका इष्ट दैव था । अपने कीर्तनों में समाज के अंधविश्वासों

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

का खंडन करके, भगवान से मिलने के सरल मार्ग का उपदेश दिया है । अपने कीर्तनों में जातिपद्धति की विडंबना दिखाई हैं ।

कनकन किंडी : उडुपी के देवालय में कनकदास को वहाँ के पुरोहितों, ने प्रवेश नहीं दिया । तब कनकदास की भक्ति पर प्रसन्न होकर श्रीकृष्ण ने पश्चिम की तरफ अपना मुँह मोडकर उन्हें दर्शन दिया, ऐसा माना जाता है ।

कनकदास ने हरिभक्तिसार, नलचरित्र, रामधान्य चरिते नाम के षट्पदी काव्य तथा मोहन तरंगिनी नामक सांगत्य कृति की रचना की है ।

शिशुनाल शरीफ

शिशुनाल शरीफ कन्नड का पहला अनुभावी कवि है । इन्हें 'कर्नाटक का कबीर' कहा जाता है । 1819 में शिशुनाल ग्राम में इनका जन्म हुआ । इनके पिता इमाम साहेब और माता हज्जमा थी। बचपन में ही हिन्दू-मुस्लिम धर्मों के बारे में ज्ञान था । इन्होंने मुल्की परीक्षा पास करके कुछ काल शिक्षक बनकर सेवा की । गुरु-गोविंदभट्ट से दीक्षा पाकर कई तत्व पदों की रचना की । इनके पदों में रिवायन् (मोहरम् पद) हैं। उनमें कालग पद, धार्मिक नीति पद, अलाविपद, सवाल-जवाब पद हैं । शिशुनाल में इनकी समाधि है। हिन्दू-मुस्लिम दोनों इनकी आराधना करते हैं । इन्होंने जाति-धर्म की सीमा पार कर, मानवीय मूल्यों का बीज बोया ।




शिशुनाल शरीफ

उत्तर भारत की भक्ति परंपरा

कबीरदास (सा.श. 1398-1518)

भक्तिपंथ का प्रसिद्ध संत कबीर रामानंद के शिष्य थे। इन्होंने हिन्दू - मुस्लिम धर्मों के बीच सामरस्य लाने का प्रयत्न किया । कबीर वारणासी के बुनकर मुस्लिम दंपती नीरु तथा नीमा द्वारा पले बेटे थे। इन्होंने जातिपद्धति दिखावे का जीवन, जाति श्रेष्ठता, धार्मिक-असमानता आदि का खंडन किया । अल्लाह और राम दोनों एक ही भगवान के दो नाम हैं । इन्होंने बताया कि हिन्दू - मुस्लिम दोनों एक ही मिट्टी से तैयार किए मटके हैं ।



कबीरदास

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

कबीर ने बताया कि - वह राम और अल्लाह दोनों का बेटा है । देह दंडित करने से, उपवास, तीर्थयात्रा, पवित्र स्थान से भगवान को नहीं देख सकते। लेकिन पवित्र भक्ति मार्ग से ही भगवान को देख सकते हैं । कबीरदास ने अपने तत्वों को लोगों की समझ में आने के लिए दोहा (दो पंक्ति के पद्य) नामक छोटे काव्यों में उपदेश किया । इनके अनुयायियों को 'कबीरपंथी' कहते हैं ।

गुरुनानक (सा.श. 1469-1539)

गुरुनानक सिक्ख धर्म के संस्थापक थे । वर्तमान पाकिस्तान के तलवंडी ग्राम में 1469 में जन्म हुआ । मेहताकलु (कालुचंद) और तृप्ता इनके माता-पिता थे । उन्होंने हिंदू मुस्लिम दोनों धर्मों का समान अंशों को बताया । 'ग्रंथसाहिब' नामक सिक्खों का पवित्र ग्रंथ में जपजी नाम के पद्य हैं । भगवान का नामस्मरण करना और अच्छे काम करने को सिक्ख पंथ ने बहुत महत्व दिया है। स्त्री-पुरुषों की समानता को बल दिया है । भगवान के अस्तित्व में उन्हें अचल भरोसा था । सारी दुनिया से उन्होंने बताया कि - भगवान एक ही है, वह सत्य, नित्य है । जीवन में धोखा देना, चोरी करना, हिंसा नहीं करना चाहिए । गुरु से भक्ति, भक्ति से मुक्ति पा सकते हैं । सामाजिक अनिष्ट मूर्ति पूजा, जातिपद्धति, सतीपद्धति आदि का विरोध किया । देश संचार करते समय वे कर्नाटक भी आए थे । जहाँ वे बीदर में ठहरे थे, उस स्थान को 'नानक झरा' (मीठा पानी का झरना) कहते हैं ।



तुलसीदास (सा.श. 1532-1623)

उत्तर भारत के भक्तिमार्ग प्रतिपादकों में तुलसीदास अग्रगण्य हैं । ब्राह्मण परिवार में जन्म हुआ । हिन्दी साहित्य क्षेत्र को उनका योगदान बहुत है । उन्होंने 'रामचरितमानस' नामक ग्रंथ लिखा । यह हिन्दी साहित्य क्षेत्र की श्रेष्ठ कृति है । उत्तर में यह 'तुलसी रामायण' नाम से प्रसिद्ध है । रामभक्त तुलसीदास ने जन-मन में दैवभक्ति, परिशुद्ध जीवन, प्रेम, प्यार, सहनशीलता, उदारता आदि गुणों के बीज बोने का काम किया।



तुलसीदास

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

चैतन्य (सा.श. 1485-1533)


चैतन्य

चैतन्य का जन्म पश्चिम बंगाल के नवद्वीप (नाडिया) में हुआ । जगन्नाथ मिश्रा तथा सचीदेवी इनके माता-पिता थे । चैतन्य का पहला नाम विश्वंभर था । ईश्वरीपुरी इनके गुरु थे। चैतन्य ने अपने 25वे साल में ही संसार त्यागकर, सन्यास स्वीकार किया । जाति भेद का खंडन किया। मुक्ति पाने के लिए भक्तिमार्ग अपनाने को कहा । विश्वप्रेम को ही भगवान से प्यार पाने का पहला कदम बताया । भारत के सभी स्थानों की तीर्थ यात्रा करके प्रेम का संदेश दिया । प्रेम, भाईचारा, दानशीलता इनके उपदेश के प्रमुख सार था । वर्तमान हरेकृष्ण पंथ इनसे प्रभावित है। बंगाल की जनता उन्हें श्रीकृष्ण का अवतार मानकर, ''चैतन्य महाप्रभु'' कहती है ।

मीराबाई (सा.श. 1498-1569)



''कलियुग की राधा'' नाम से प्रसिद्ध संत मीराबाई भारत की महान कीर्तनकार थी । राजस्थान के राजघराने में इनका जन्म हुआ । मीराबाई राजा रतनसिंग की बेटी थी । मेवाड का राजकुमार के साथ विवाह हुआ । ये बचपन से अध्यात्म की ओर झुकाव होने के कारण अपना समय भगवान की पूजा, ध्यान, कीर्तन में बिताती थी । इनकी कृष्ण की आराधना को सास ने विरोध् किया । इसे सहन न करते हुए मीराबाई राजमहल छोडकर श्रीकृष्ण क्षेत्र बृंदावन चली गई । उनकी रचनाओं में भक्ति, प्रेम भरपूर है । गिरिधर गोपाल इनके आराध्य दैव थे। अपने सैकडों भजनों द्वारा मीराबाई आज भी जन मानस में शाश्वत हैं।

भक्ति पंथ का परिणाम

- भक्ति संत हिन्दू - मुस्लिम भेद भाव दूर करने में सफल हुए ।
- भक्ति संतों ने स्थानीय भाषा में साहित्य रचना की । इससे भारतीय देशी भाषाएँ समृद्ध हुए।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

सूफी परंपरा

जिस तरह हिन्दुओं में कबीर कनकदास, श्री चैतन्य आदि ने धार्मिक जागृति की, उसी तरह मुस्लिमों में सूफी संतों ने धार्मिकजागृती करने का काम किया । हिन्दू मुस्लिम एकता के लिए काम किया । सूफी पंथ अरेबिया में उदय होकर, भारत में आया ।

सूफी शब्द 'साफ' शब्द से आया है । साफ का अर्थ शुद्ध है । सूफी संत मुस्लिम अनुभावी हैं। सादा ऊन की कमीज पहनते थे।

सूफी पंथ का सार

1) भगवान एक ही है । वह सर्वशक्त है । हम सब उसके बच्चे हैं । इन विचारों को प्रतिपादित किया ।
2) उत्तम कायक (काम) को महत्व दिया ।
3) सभी समान हैं, तत्व का प्रचार किया ।
4) जाती पद्धति का विरोध किया ।



कालानुक्रम योग, वेदांत तथा बौद्ध मत के चिंतनों से सूफी संत प्रभावित हुए । सूफियों का मूलतत्व यह है कि धर्म का अर्थ प्रेम, मानव की सेवा ।

निजामुद्दीन औलिया

ये भारत के एक प्रमुख सूफी संत थे। ये दिल्ली में बस गये थे। और गरीबी का जीवन व्यतीत किया। एक पूस की मस्जिद उनकी गतिविधि का केंद्र था। उसने दिल्ली के सुल्तान द्वारा दान दिये हुए एक गाँव को अस्वीकार कर दिया। ये अपने दर्शन के लिए आनेवाले भक्तों को सदाचार और दया का संदेश देते थे।

ख्वाजा बन्दे नवाज

बंदेनवाज प्रसिद्ध सूफी संत थे। ये दिल्ली के नासिरुद्दीन के शिष्यों में से एक थे। बंदेनवाज़ का अर्थ है - 'अपनी शरण में आये लोगों का रक्षक' । इनका एक और नाम था गेसुदराज । जिसका अर्थ है 'लंबे बालों वाला' । इनका मूल नाम है सय्यद महमद हसैनी। वे संस्कृत, अरबी, फारसी और दक्खनी (उर्दू) जैसे कई भाषाएँ जानते थे। वे कलबुर्गी में आकर बस गये। बादशाह फिरोज़ शाह इनका बहुत आदर करते थे। इन्होंने दक्खनी भाषा में कई साहित्यिक रचना की है। जिसे

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

जैसे आज भी कलबुर्गी में स्थित उनकी दरगाह के साहित्य भंडार में देखा जा सकता है। हर साल कलबुर्गी में इनकी उरुसु (जयन्ती) मनाई जाती है ।

चिश्ती पंथ

सूफी संप्रदाय में चिश्ती संप्रदाय सबसे महत्वपूर्ण है। इसके संस्थापक मुयिनुद्दीन चिश्ती थे। वे अजमेर आकर बस गये। धर्मपरायणता, गुरु की सेवा, सही रास्ते पर चलना चिश्ती के अनुयायियों के लक्षण थे। चिश्ती को हिंदू मुस्लिम सौहार्द की चिंता थी। उन्होंने लोकप्रिय दक्खिनी (उर्दू) भाषा में रचनाएँ की। फ़तेहपुर सिक्री का सलीम चिश्ती प्रसिद्ध था।



सलीम चिश्ती की कब्र, आग्रा

लाहौर (वर्तमान पाकिस्तान)	:	शेख इस्माइल
अजमेर	:	ख्वाजा मोइनुद्दीन चिस्ती
दिल्ली	:	निजामुद्दीन औलिया
अर्काट्	:	टिप्पु मस्तार औलिया
कलबुरगी	:	ख्वाजा बंदे नवाज

काल गणना (सा.श.)

निजामुद्दीन औलिया	-	1238-1325
कबीरदास	-	1440-1518
गुरुनानक	-	1469-1539
पुरंदरदास	-	1480-1564

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

चैतन्य	-	1485-1533
मीराबाई	-	1498-1569
कनकदास	-	1508-1606
तुलसीदास	-	1532-1623

अभ्यास

I रिक्त स्थानों को सूक्त शब्द से भरिए ।

1. अक्कमहादेवी के वचनों का अंकितनाम ..... ।
2. पुरंदरदास ..... के दरबार में थे ।
3. 'आदिकेशव' ..... का अंकितनाम है ।
4. 'कर्नाटक का कबीर' ..... को कहते हैं ।
5. चैतन्य का पहला नाम ..... था ।
6. सूफी संत स्वराज बन्दे नवाज का एक और नाम ..... है।

II नीचे के प्रश्नों का एक वाक्य में उत्तर दीजिए ।

7. आंडाल का मूल नाम क्या था ?
8. अक्कमहादेवी का जन्म कहाँ हुआ ?
9. कर्नाटक संगीत का पितामह कौन है ?
10. कनकदास के माता-पिता का नाम बताइए ।
11. कन्नड का पहला मुस्लिम कवि कौन है ?
12. सिक्खों का पवित्रग्रंथ का नाम बताइए ।
13. कलियुग की राधा किसे कहते हैं ?
14. सूफी पद का अर्थ क्या है ?
15. भारत के सूफी संत कौन-कौन हैं ?
16. चिश्ती पंथ का स्थापक कौन है ?

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

III दो-तीन वाक्यों में उत्तर दीजिए ।

17. कबीरदास के संदेशों को बताइए ।

18. गुरुनानक के उपदेश क्या हैं।

19. भक्ति पंथ के परिणाम - कौन कौन से हैं?

20. सूफी पंथ का सार संग्रह करके लिखिए ।

IV नीचे के 'ए' सूची से संबंधित 'बी' सूची के विषयों को जोडकर लिखिए ।

ए	बी
1. गुरुनानक	अ) सूफी संत
2. चैतन्य	आ) सिक्ख धर्म
3. निजामुद्दीन औलिया	इ) कलियुग की राधा
4. मीराबाई	ई) हरेकृष्ण पंथ

चर्चा कीजिए ।

भक्ति संतों के उपदेशों की प्रस्तुतता के बारे में चर्चा कीजिए ।

कार्यकलाप

1. भक्ति संतों का छविचित्र विवरणों के साथ संग्रह कीजिए ।
2. श्री चैतन्य, गुरुनानक, मीराबाई, तुलसीदास, कबीर, सूरदास तथा सूफी संतों का जीवनी पढिए ।
3. मीरा भजन सुनिए ।
4. सूफी पंथ के बारे में विषय संग्रह कीजिए । भारत के बहु धर्मीय समाज पर उनका प्रभाव और वर्तमान में उनके प्रस्तुतता के विचार में संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए ।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

नागरिक नीति

अध्याय 9

विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका शब्दावलियों का परिचय

K9Q5Y2

पाठ परिचय

कार्यपालिका और राजनैतिक व्यवस्था के संरक्षक के रूप में न्यायपालिका की मूल अवधारणा का एक संक्षिप्त परिचय दिया गया है जो कानून बनानेवाले विधायिका अधिनियमों को लागू करती है ।

क्षमताएँ :

1. विधायिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका का अर्थ एवं महत्व जानना ।
2. विधायिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका की संरचना के बारे में जानना ।
3. विधायिका,कार्यपालिका और न्यायपालिका की अधिकारों और कार्यों को समेकित करना।
4. विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के प्रकारों की पहचान करना ।
5. न्यायपालिका द्वारा किये गये कार्यों की सराहना करते हैं।

©KTRS NOT TO BE REPUBLISHED

परिचय :

विधायिका सरकार का पहला अंग है जो राज्य के हितों को तैयार और स्पष्ट करती है और विधायिका एवं न्यायपालिका के कामकाज का आधार भी है। इसलिए विधायिका को जनमत के बैरोमीटर के रूप में जाना जाता है।

अर्थ : विधायिका या संसद शब्द फ्रांसीसी शब्द 'PARLOR' और लैटिन शब्द 'PARLIAMENTUM' से लिया गया है, जिसका अर्थ है बोलना और चर्चा करना ।

विधायिका को जनता की राय का दर्पण कहा जाता है क्योंकि यह वह मंच है जहाँ किसी देश के लोगों के प्रतिनिधि लोगों की राय व्यक्त करने के लिए एक साथ आते हैं। किसी राष्ट्र के लिए आवश्यक नए कानून बनाने और मौजूदा कानूनों में संशोधन करने और बेकार कानूनों को निरस्त करने की अंतिम शक्ति विधायिका के पास है। इसलिए विधायिका को किसी राष्ट्र की कानून बनाने वाली कारखाना के रूप में भी जाना जाता है ।

विभिन्न देशों के विधानमंडलों के नाम :

1. भारत - संसद (Parliament)
2. मालदीव - मज्लीस (Majlis)
3. जर्मनी - बुंडेस्टाग. (Bundestag)
4. इस्रेल - नेस्सेट (Knesset)
5. फ्राँस - नेशनल असेंबली. (National Assembly)
6. डेन्मार्क - फोकेटिंग (Folketing)

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

विधायिका (विधानमंडल) का महत्व :

विधायिका सरकार की तीन शाखाओं में से पहली है । जनता के प्रतिनिधियों वाली विधायिका राष्ट्र की संप्रभुता का प्रतीक है। विधानमंडल अपने कानूनों के माध्यम से नागरिकों की इच्छा व्यक्त करने का एक प्रभावशाली माध्यम हैं ।

विधायिका के महत्व को निम्नलिखित बिंदुओं से देखा जा सकता है।



विधानमंडल की प्रतिनिधि तस्वीर (कर्नाटक विधान सभा)

1. कानूनों की रचना : विधानमंडल को संवैधानिक रूप से ऐसे कानून बनाने की सर्वोच्च शक्ति प्राप्त है जो राज्य के लिए आवश्यक हैं ।

2. सरकार का गठन : जिस पार्टी को आम चुनाव में जनादेश मिलता है वह विधानसभाओं में बहुमत साबित करके सरकार बनाती है।

3. संविधान सुधार : विधानमंडल संविधान में संशोधन करना, नये कानून बनाना, नये अनुच्छेद जोड़ना जैसे कदम उठाता है।

4. सार्वजनिक घाटे का उन्मूलन : विधानमंडल नागरिकों की शिकायतों पर खुलकर चर्चा करने का एक महत्वपूर्ण मंच है विधानमंडल के सदस्य सार्वजनिक मुद्दों की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करते हैं।

5. राष्ट्रीय जीवन का दर्पण : विधायिका लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए आवश्यक सार्वजनिक नीतियाँ बनाकर राष्ट्र की समग्र प्रगति को दर्शाती है।

कुल मिलाकर विधायिका सरकार का एक महत्वपूर्ण अंग है। विधायिका और न्यायपालिका की तरह ही राष्ट्र के उत्थान के लिए कार्य करती है।

NOT TO BE REPUBLISHED © KSTBS

विधायिका रचना:

विधानमंडल का गठन शासन व्यवस्था में विधायिका का महत्वपूर्ण स्थान है। विधायिका की संरचना में दो प्रणालियाँ होती है।

1. एक सदनीय विधानमंडल - इसमें केवल एक सदन होता है।
2. द्विसदनीय विधानमंडल- इसमें दो सदन होते हैं।

द्विसदनीय विधायिका प्रणाली में दो सदन होते हैं। एक ऊपरी सदन (upper house) और एक को निचला सदन (lower house) कहा जाता है।

विधायिका के प्रकार

विधायिका को दो प्रकारों में वर्गीकृत किया जा सकता है

1. एक सदनीय विधानमंडल (unicameralism)
2. द्विसदनीय विधानमंडल (bicameralism)

1. **एक सदनीय विधानमंडल :** इस विधानमंडल में एक ही सदन होता है । यहाँ लोगों की इच्छा केवल एक ही सदन में व्यक्त की जाती है। एक सदनीय विधायिका बहसों की अनावश्यक पुनरावृत्ति से बचती है। यह देश की भलाई के लिए बचत करता है। एक सदनीय व्यवस्था वाले प्रमुख देश ग्रीस, फ़िफ़नलैंड, स्वीडन, डेनमार्क, युगोस्लाविया, पुर्तगाल, न्यूज़ीलैंड आदि हैं।
2. **द्विसदनीय विधानमंडल :** इस विधानमंडल में दो सदन होते हैं। द्विसदनीय विधानमंडल दोनों सदनों में लोगों की इच्छा पर बहस होती है और कानून बनाये जाते हैं। देश की विधायिका व्यवस्था का जन्म ऐतिहासिक संयोग से इंग्लैण्ड में हुआ । आज विश्व के अधिकांश देश इस प्रथा को अपना चुके हैं। उदाहरण के लिए भारत की संसद द्विसदनीय विधायिका है। इसके निचले सदन को 'लोकसभा और ऊपरी सदन को राज्यसभा कहा जाता है। इसी प्रकार, इंग्लैंड की संसद एक द्विसदनीय विधायिका है जिसमें निचले सदन को हाउस ऑफ़फ़ कॉमन्स और ऊपरी सदन को हाउस ऑफ लॉर्ड्स कहा जाता है।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

विधानमंडल के अधिकार एवं कार्य :

विधायिका में कई मुद्दों और विधेयकों पर बहस जनमत संग्रह का निर्माण करती है।कार्यपालिका सरकार का बाह्य रूप है जबकि विधायिका उसका आंतरिक रूप है। विधायिका के पास व्यापक शक्तियाँ हैं।

अभ्यास

I. एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए :-

1. विधायिका का मूल शब्द क्या है?
2. विधायिका क्या है?
3. एक सदनीय विधायिका क्या है?
4. द्विसदनीय विधायिका क्या है?

गतिविधियाँ

- स्कूल में एक कृत्रिय संसद (mock parliament) बनाएँ ।
- संसदीय सत्र आयोजित करें और स्कूल के मामलों पर चर्चा करें।
- विधानसभा सत्रों को टेलीविजन पर देखने को कहें।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

कार्यपालिका

परिचय :

सरकार की तीनों शाखाओं में कार्यपालिका सबसे महत्वपूर्ण अंग है । कार्यपालिका वह अंग है जो विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों को लागू करती है। यह राष्ट्र के समग्र शासन को बनाए रखता है। इसलिए इसे प्रशासनिक अंग कहा जाता है। प्रत्येक स्तर पर व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए कार्यपालिका की पहचान सरकार के साथ की जाती है। क्योंकि अधिकांश सरकारी अधिकारी कार्यपालिका शाखा में केंद्रित हैं।

अर्थ :

कार्यांग /कार्यपालिका शब्द अंग्रेजी के एग्जीक्यूटिव (executive) का एक रूपांतरण है।यह मध्यकालीन लैटिन शब्द एक्सीक्यू (Exsequi) से आया है। इसका मतलब है 'कार्य करना'।

संकीर्ण अर्थ में कार्यपालिका को राज्य का मुख्य कार्यकारी एवं उसका सलाहकार माना जाता है।उदाहरण के लिए भारत में राष्ट्रीय अध्यक्ष और मंत्रिमंडल शामिल होते हैं, जबकि अमेरिका में राष्ट्रीय अध्यक्ष और उनके सचिव शामिल होते हैं।

व्यापक अर्थ में कार्यपालिका का अर्थ कानून को लागू करने से संबंधित सभी प्राधिकारी हैं। इसका मतलब है राष्ट्र के प्रमुख, मंत्री और सचिव, विभागों के प्रमुख, क्लर्क और अन्य नागरिक सेवा श्रेणी के कर्मचारी भी शामिल होते हैं।



© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

कार्यपालिका की एक प्रतिनिधि छवि (दिल्ली के कार्यपालिका कार्यालय की प्रतिनिधि छवि)

परिभाषाएँ :

राज्यपाल के अनुसार : कार्यपालिका सरकार का वह अंग है जो विधायिका संविधान और न्यायपालिका के निर्णयों के माध्यम से व्यक्त राज्य की इच्छा को क्रियान्वित करती है।

विलॉबी के अनुसार : कार्यकारी शक्ति या उसका कार्य संपूर्ण सरकार का प्रतिनिधित्व करना और यह सुनिश्चित करना है कि उसके कानून उसके विभिन्न अंगों की मांगों को पूरा करें।

महत्व :

प्रत्येक राजनीतिक व्यवस्था में कार्यपालिका का केन्द्रीय स्थान अपनाता है तथा उसका महत्व इस प्रकार है।

1. **कार्यपालिका ही सरकार की मशीनरी है :** कार्यपालिका के बिना राज्य की कल्पना नहीं की जा सकती, जिस प्रकार मस्तिष्क के बिना शरीर की कल्पना नहीं की जा सकता।कार्यपालिका राष्ट्र के संपूर्ण प्रशासन के लिए उत्तरदायी है । कार्यपालिका की संरचना और कार्यप्रणाली पूरी सरकार की ताकत का प्रतिबिंब है।

2. **कानून को लागू करना :** यदि कार्यपालिका का अस्तित्व नहीं है तो विधायिका द्वारा बनाए गए कानून लागू नहीं हो सकते। विधायिका द्वारा चाहे कितने भी अच्छे कानून बनाए उन्हें सही ढंग से लागू करने की जिम्मेदारी कार्यपालिका की होती है।

3. **प्रभावी लोकतंत्र के लिए एक उपकरण :** आज लोकतंत्र सरकार का एक रूप ही नहीं बल्कि लोगों की जीवन शैली बन गया है। लोकतंत्र के हर स्तर पर प्रभावी होने के लिए कार्यपालिका आवश्यक है । इस संबंध में, दक्षिणी नेतृत्व वाली एक कार्यकारिणी आवश्यक है।

© CBSE NOT TO BE REPUBLISHED

4. **कल्याणकारी राज्य का एक साधन :** सभी आधुनिक राज्यों का लक्ष्य एक कल्याणकारी राज्य की स्थापना करना है। कार्यपालिका का महत्व अधिक बढ़ रहा है क्योंकि वह नागरिकों के विकास के लिए बड़े पैमाने पर कार्य करती है।

5. **राष्ट्र की गरिमा का प्रतीक :** अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के विकास, समझौते करने और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में कार्यपालिका बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक शांति और मैत्रीपूर्ण युद्ध एक विदेश नीति को लागू करता है और राष्ट्र की प्रतिष्ठा को बढ़ाता है।

लिप्टमैन का कहना है कि मतदाताओं द्वारा सरकार पर थोपी गई नई ज़िम्मेदारियाँ और सरकार द्वारा प्राप्त प्रत्येक अतिरिक्त शक्ति के कारण कार्यकारी शाखा के महत्व में वृद्धि हुई है।

कार्यपालिका /कार्यकारी के प्रकार :

कार्यपालिका के प्रकार बिल्कुल ऐसे ही नहीं कहे जा सकते। ऐसा इसलिए है क्योंकि एक ही राष्ट्र में दो या तीन प्रकार की कार्यपालिकाएँ एक साथ मौजूद हो सकती हैं। इसके प्रकार इस प्रकार हैं :

1. **नाम तो सिर्फ कार्यकारी है :** नामांकन कार्यकारिणी वह प्रणाली है जिसमें सरकार का प्रमुख राज्य के प्रमुख के नाम पर शक्ति का प्रयोग करता है। जबकि भारत के राष्ट्रपति और ग्रेट ब्रिटेन की रानी या राजा केवल नाम के कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्य करते हैं, मंत्रिमंडल, जिसमें प्रधान मंत्री भी शामिल है, वास्तविक कार्यकारी के रूप में उनके नाम पर शक्ति का प्रयोग करता है।

2. **वास्तविक कार्यपालिका :** वास्तविक कार्यपालिका वह प्रणाली है जिसमें कार्यपालिका का मुखिया वास्तविक अधिकार का प्रयोग करता है। उदाहरण के लिए भारत के कैबिनेट है जिसमें प्रधान मंत्री शामिल होते हैं।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

3. **संसदीय कार्यपालिका :** संसदीय कार्यपालिका एक ऐसी प्रणाली है जिसमें कार्यपालिका विधानमंडल द्वारा चुनी जाती है और उसके विश्वास में कार्य करती है। कार्यपालिका तब तक सत्ता में है जब तक उसे विधायिका के निचले सदन का विश्वास प्राप्त है। वर्तमान में, राज्य का प्रमुख केवल नाम के लिए कार्यकारी अधिकारी होता है और वास्तविक अधिकार प्रधानमंत्री के मंत्रिमंडल के पास होती है।

4. **अध्यक्षात्मक कार्यपालिकाः** अध्यक्षात्मक कार्यपालिका एक ऐसी प्रणाली है जिसमें कार्यपालिका का प्रमुख सीधे लोगों द्वारा चुना जाता है और विधायिका द्वारा नहीं बनाया जाता है और विधायिका के प्रति गैर जिम्मेदारी होता है। डी.वी. वर्णी सरकार का मुखिया होता है और राज्य का मुखिया राज्य का मुखिया होता है । उदाहरण के लिए अमेरिका ।

5. **एकल कार्यकारी :** एकसदनीय कार्यपालिका वह होती है जिसमें सभी राज्य प्राधिकरण केंद्र सरकार के हाथों में केंद्रित होते हैं। प्रोफ़ेसर गवर्नर ने सरकार की सभी शक्तियों को संवैधानिक रूप से केंद्रीय अंगों में निहित कर दिया है जिसके माध्यम से प्रांतीय या स्थानीय सरकारें अपनी शक्तियों और स्वायत्तता के साथ अस्तित्व में आई हैं। कार्यपालिका को एक व्यक्ति कार्यपालिका कहा जाता है। उदाहरण के लिए इंग्लैंड़ ।

6. **बहु-व्यक्ति कार्यकारी :** बहु-व्यक्ति कार्यकारिणी एक ऐसी प्रणाली है जिसमें कार्यपालिका की शक्ति किसी एक व्यक्ति में निहित नहीं होती बल्कि कई व्यक्तियों या संगठनों के बीच वितरित होती है। उदाहरण के लिए स्विट्जरलैंड़।

7. **राजनीतिक कार्यकारी :** जनता द्वारा एक निश्चित अवधि के लिए चुनी गई कार्यपालिका को राजनीतिक कार्यपालिका कहा जाता है। उदाहरण के लिए राष्ट्रों के मंत्रिपरिषद ।

© IITBS NOT TO BE REPUBLISHED

8. **स्थायी कार्यकारी:** स्थायी कार्यपालिका नौकरशाही वर्ग है जो सेवानिवृत्ति तक सत्ता में रहता है और कानूनों को लागू करता है। वह राजनीतिक कार्यपालिका के निर्देशों का पालन करने और उन्हें लागू करने के लिए जिम्मेदार है । जो भी पार्टी सरकार बनाती है उसका एक निश्चित कार्यकाल होता है लेकिन यह नौकरशाही वर्ग स्थायी है और राजनीतिक कार्यपालिका की रीढ़ की हड्डी के रूप कार्य करता है।

कुल मिलाकर, कार्यपालिका पर राष्ट्र के संपूर्ण प्रशासन की जिम्मेदारी होती है। आधुनिकता और विज्ञान के उदय के साथ कार्यपालिका की जिम्मेदारी बढ़ती जा रही है । कार्यपालिका राज्य की जीवनधारा है। लोकतंत्र में, सैद्धांतिक रूप से विधायिका सर्वोच्च अंग है, कार्यात्मक रूप से कार्यपालिका समग्र राज्य प्रशासन के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास

I. रिक्त स्थानों को उपयुक्त शब्दों से भरिए :

1. कानून को लागू करनेवाला अंग है _____।
2. सभी आधुनिक राज्यों का लक्ष्य _____ राज्य की स्थापना करना है ।
3. वंशानुगत विधि _____ के माध्यम से राज्य के प्रमुख का चयन करती है।
4. भारत के राष्ट्रपति का चुनाव _____ चुनाव के माध्यम से किया जाता है।

II. एक वाक्य में उत्तर दीजिये :

5. कार्यकारी शब्द किस मूल शब्द से आया है?
6. प्रशासनिक अंग किसे कहा जाता है?
7. कार्यपालिका का वास्तविक मुखिया प्रधान कौन है?
8. प्रत्यक्ष चुनाव पद्धति क्या है?

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

9. कार्यपालिका का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
10. कार्यपालिका के कोई दो महत्व बताइए ।
11. कार्यपालिका द्वारा किये जाने वाले चार कार्य लिखिए ।

गतिविधियाँ

- स्थानीय निकायों के प्रशासनिक अधिकारी से संपर्क करें और उनके प्रशासनिक कार्यों की सूची बनाए ।
- किन्हीं पाँच देशों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के शीर्षक लिखें और चित्र एकत्रित करें।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

न्यायपालिका / न्यायतंत्र

परिचय :

राजनीतिक व्यवस्था में न्यायपालिका महत्वपूर्ण है। न्यायपालिका सरकार की तीसरी भुजा है जो विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों, कार्यपालिका के आदेशों की व्याख्या करती है और न्याय प्रशासन का संचालन करती है। सज्जनों की रक्षा और दुष्टों को दण्ड देना इसका कर्तव्य है। एक सुव्यवस्थित राष्ट्र का निर्माण न्यायिक व्यवस्था से ही संभव हो सकता है।



न्यायपालिका की एक प्रतिनिधि छवि

अर्थ :

न्यायपालिका या judiciary शब्द लैटिन भाषा के जस्टिसिया (justitia) शब्द से आया है।

परिभाषा :

जॉन रॉल्स के अनुसार, न्यायपालिका सरकार का अंग है जो नागरिकों के अधिकारों को निर्धारित और संरक्षित करती है, अपराधियों को दंडित करती है, न्याय कायम करती है और निर्दोषों को नुकसान से बचाती है।

महत्व

'जब न्याय की रोशनी अंधेरे से निकलती है, तो अंधेरे की क्रूरता आश्वस्त हो जाती है', लॉर्ड ब्रायस का यह कथन न्यायपालिका के महत्व को दर्शाता है। निम्नलिखित तथ्य इसकी पुष्टि करते हैं।

NOT TO BE REPUBLISHED

1. **कानून की रक्षा करना :** मनुष्य चाहे कितने भी अच्छे क्यों न हो जाएं, जब उन्हें कानून का कोई डर नहीं होता तो वे स्वाभाविक रूप से कानून का उल्लंघन करते हैं। ऐसे में कानून की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों को दंडित करके न्यायपालिका लोगों को अपनी सीमा के भीतर समाज में रहने में सक्षम बनाती है।
2. **अधिकारों और स्वतंत्रता की सुरक्षा:** न्यायपालिका की जिम्मेदारी है कि वह सरकारी और निजी अतिक्रमण से नागरिकों के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा करे । इसलिए इसे अधिकारों और स्वतंत्रता का रक्षक बताया गया है। यह सरकार को अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन करने से रोकता है। इससे सरकार की मनमानी पर अंकुश लगता है। नागरिकों की स्वतंत्रता की रक्षा करता है।
3. **नागरिक सुरक्षा और कल्याण:** नागरिकों का कल्याण और सुरक्षा किसी राष्ट्र की न्यायिक प्रणाली पर निर्भर करती है। न्यायपालिका स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से लोगों के जीवन और संपत्ति की रक्षा करने के लिए जिम्मेदार है। जहां न्यायपालिका ठीक से काम करती है, वहां लोग सुरक्षित महसूस करते हैं। इससे समाज के विकास में भी मदद मिलती है.
4. **राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थापना:** न्यायपालिका राज्य में कानून लागू करती है और इसका उल्लंघन करने वालों को दंडित करती है। क्षेत्राधिकार सिविल कानून, आपराधिक कानून और संवैधानिक कानून से भी संबंधित है। इससे राज्य में व्यवस्था बनाये रखने में मदद मिलेगी ।
5. **जनता में विश्वास का निर्माण:** संविधान की ताकत न्यायपालिका की प्रभावी कार्यप्रणाली पर निर्भर करती है। यह सुनिश्चित करना कि लोगों का संविधान में विश्वास हो । यह न्यायपालिका की जिम्मेदारी है. यह इस सिद्धांत को जीवित रखता है कि कानून की नजर सभी समान हैं।

'यह सुनिश्चित करना न्यायपालिका का कर्तव्य है कि देश के सामाजिक और आर्थिक कार्यक्रम कमजोरों के पक्ष में और गरीबों के पक्ष में हैं। जस्टिस भगवती का बयान न्यायपालिका की महत्ता पर जोर देता है ।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

संरचना :

न्यायपालिका की संरचना एक देश से दूसरे देश में भिन्न होती है। प्रत्येक देश की अपनी न्यायपालिका होती है जो संबंधित देश की राजनीतिक व्यवस्था के अनुकूल होती है। कुछ देशों में एकीकृत न्यायपालिका है कुछ देशों में अभी भी एकीकृत न्यायिक प्रणाली है।

एकीकृत न्यायिक व्यवस्था का निर्माण :

एकीकृत न्यायिक प्रणाली में एक राष्ट्र के भीतर सभी अदालतें एक पदानुक्रमित सिद्धांत के आधार पर गठित और कार्य करती हैं। एकीकृत न्यायिक प्रणाली वाले देशों में सर्वोच्च न्यायालय केंद्र से संबंधित विवादों का निपटारा करता है जबकि राज्य से संबंधित विवादों का निपटारा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किया जाता है राज्य उच्च न्यायालय, जिलावार सत्र न्यायालय, तालुक स्तर के मजिस्ट्रेट न्यायालय न्यायाधीश न्याय का निर्णय करते है। ये सभी एक ही आदेश से बंधे हैं। उदाहरण के लिए भारत, केनडा ।

अधीनस्थ न्यायालयों द्वारा निर्णय पारित करते समय हम सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के निर्णयों को उदाहरण के रूप में रखते हैं । हमने सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसलों को जर के तौर पर रखा है. सर्वोच्च न्यायालय अंतिम अपील का न्यायालय है।सभी प्रकार के मामलों के निपटान के बाद पारित निर्णयों की समीक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट से अपील सभी प्रकार के मामलों के निपटान के बाद पारित निर्णयों की समीक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट से अपील यह यहाँ अपरिहार्य है. सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों की समीक्षा के लिए कोई अपीलीय अदालत यहां मौजूद नहीं है ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

एकीकृत न्यायपालिका की संरचना:

संघीय न्यायिक प्रणाली में, केंद्र और राज्यों की अलग-अलग और स्वतंत्र न्यायिक प्रणालियाँ होती हैं। राज्यों में उच्च न्यायालय स्वतंत्र रूप से राज्यों से संबंधित कार्य करते हैं उदाहरण के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका के केंद्र में सर्वोच्च न्यायालय है।यह संवैधानिक रूप से गठित है। राज्यों में न्यायालयों का गठन केंद्रीय विधानमंडल (कांग्रेस) की विधियों द्वारा किया जाता है। ये राज्यों में स्वतंत्र रूप से कार्य करते हैं।

स्विट्जरलैंड में भी समन्वित न्यायिक व्यवस्था है। केंद्र और राज्य दोनों में स्वतंत्र न्यायिक प्रणालियाँ हैं। न्यायाधीशों का चयन वहाँ की संघीय विधानसभा द्वारा किया जाता है। संवैधानिक कानून से भी संबंधित है। इससे राज्य में व्यवस्था बनाये रखने में मदद मिलेगी।

न्यायपालिका के कार्य :

शासन व्यवस्था में न्यायपालिका का महत्वपूर्ण स्थान है। यह न्याय कार्य करके समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। इस के कार्य इस प्रकार हैं।

1. **कानून की व्याख्या :** न्यायपालिका स्पष्ट एवं अति संरक्षित कानून की भी आवश्यकता अनुसार व्याख्या करती है। हम संविधान के अधीन हैं, लेकिन जैसा कि संवैधानिक न्यायाधीश ने कहा'- जस्टिस ह्यूग्स के कथन यह समर्थन करता है।

2. **न्याय निर्णय:** न्यायपालिका का मुख्य कार्य है कि लागू कानून के अनुसार न्याय निर्णय करना। यह व्यक्तियों के बीच या व्यक्तियों और सरकारों के बीच, राज्यों के बीच विवादों पर निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार है।

3. **आज्ञाएं जारी करना:** अपने अधिकारों का उल्लंघन होने पर नागरिक अदालतों का दरवाजा खटखटा सकते हैं। उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए न्यायपाल आदेश जारी करता है और अधिकारों की रक्षा करता है। इन्हें 'रिट' आदेश कहा जाता है।

4. **सलाह देना:** भारत जैसे देश में न्यायपालिका कठिन सवालों का सामना करने पर सरकार को सलाह देती है। लेकिन करने का कोई अनिवार्य नहीं है। अमेरिका यह लागू में नहीं है।

5. **न्यायिक समीक्षा:** न्यायिक समीक्षा विधायिका द्वारा अधिनियम कानून की संवैधानिकता और कार्यपालिका द्वारा जारी आदेशों की जांच करने, उनकी वैधता और अमान्यता घोषित करने की शक्ति है। विधायिका और कार्यपालिका की अपनी अपनी अधिकारों का दुरुपयोग को रोकने के लिए न्यायिक समीक्षा की शक्ति है। उदाहरण के लिए अमेरिका और भारत ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

न्यायपालिका पर समग्र रूप से समाज की शक्ति और व्यवस्था बनाए रखने की पूरी जिम्मेदारी है। क्या सुनिश्चित करता है कि विधायिका अधिनियम कार्यकारी आदेश नागरिकों के हितों के अनुरूप हो। इसलिए एक स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक न्यायपालिका स्वस्थ समाज की कुंजी है।

अभ्यास

I. रिक्त स्थान को उपयुक्त शब्दों से भरिए ।

1. न्यायपालिका का मूल शब्द _____
2. अधिकारों के रक्षक के रूप में को _____ कहा जाता है।
3. 'हम संविधान के अधीन हैं, लेकिन जैसा कि संवैधानिक न्यायाधीश ने कहा' यह कथन मका है। _____
4. उच्चतम न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश _____

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

5. न्यायपालिका के दो महत्व बताइए ।
6. न्यायपालिका के कोई दो कार्य बताइए।

गतिविधियाँ :

- अपनी कक्षा में एक कृत्रिम न्यायालय की व्यवस्था करें और इस विषय पर चर्चा करें ।
- अपने नज़दीकी न्यायालय में जाएं और उसकी गतिविधियाँ देखें।

☆ ☆ ☆

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

नागरिक शास्त्र	
अध्याय 10	**केंद्र सरकार**

N7B2U5

पाठ परिचय

इस पाठ में केंद्र सरकार के शासकांग तथा कार्यांगों की रचना और व्याप्ति का परिचय दिया गया है। संसदों की अर्हता तथा कार्य; राष्ट्रपति की अर्हता तथा कार्यों के बारे में बताया गया है। मंत्रीमंडल की रचना तथा कार्यों के बारे में प्रस्तुत किया गया है।

सामर्थ्य :

1. केंद्र सरकार की रचना तथा कार्यों के बारे में जानना।
2. शासकांग तथा कार्यांगों की रचना और उनके अधिकारों के बारे में विचार विमर्श करना।
3. लोकसभा तथा राज्यसभा की रचना और कार्य पद्धति के बारे में जानना।
4. राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री के अधिकार और कार्यों के बारे में जानना।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

संयुक्त भारत : भारत 28 राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेश को मिलाकर एक संयुक्त संघ बना है। संयुक्त संघ के सरकार को केंद्र सरकार कहते हैं। सरकार के तीन अंग हैं।

शासकांग : शासन या कानून बनाना इसका प्रमुख कार्य है। साथ ही यह कार्यांगों पर नियंत्रण रखने का कार्य करता है।

कार्यंग : यह शासन को प्रशासन के द्वारा कार्य रूप में लाता है।

न्यायांग : न्यायांग न्याय निर्णय करता है।

न्यायांग संविधान और कानूनों के बारे में स्पष्टता तथा न्याय निर्णय देता है। मुकद्दमों को सुलझाता है। (उदाहरण व्यक्ति-व्यक्ति के बीच, व्यक्ति-सरकार के बीच, सरकार-सरकार के बीच आदि।)

अब हम यह जानेंगे कि इन अंगों की रचना कैसे होती है? इनके अधिकार और कार्य कौन से हैं।

केंद्र शासकांग:

केंद्र शासकांग को 'सांसद' या 'पार्लिमेंट' कहते हैं। भारत के राष्ट्रपति तथा दो सदनों से मिला हुआ है। दो सदन इस प्रकार हैं-'लोकसभा' तथा 'राज्यसभा'। संसद अपनी सभा नई दिल्ली में रहे पार्लिमेंट भवन में चलाता है। यहाँ संसद सदस्य चर्चा कर पूर्ण देश को अन्वाय होने वाले शासन बनाते हैं।

लोकसभा: लोकसभा संसद का निचली स्तरीय सदन है। सांसदों को 18 वर्ष उम्र वाली प्रजा निर्वाचित करती है। अधिकतम सदस्यों की संख्या 552 है।

सांसद: सांसदों की अधिकारावधि 5 वर्ष की होती है। सांसदों की इच्छानुसार उतनी बार चुनाव में स्पर्धा कर सकते हैं। 5 वर्ष की अवधि के बाद लोकसभा का विसर्जन होता है।

सांसदों की योग्यता:

1. भारत के नागरिक होना चाहिए।
2. उनकी आयु कम से कम 25 वर्ष होनी चाहिए।
3. किसी भी सरकारी पद पर नहीं होना चाहिए।
4. मानसिक अस्वस्थ नहीं होना चाहिए।
5. न्यायालय से जेल की सज़ा प्राप्त नहीं होना चाहिए।
6. वेह दीवालिया नहीं होना चाहिए। तात्पय है कि आर्थिक रूप से सब कुछ खोया व्यक्ति नहीं होना चाहिए ।
7. समयद-समय पर संसद के निर्धारित योग्यताओं के अनुसार हो ।

लोकसभाध्यक्ष: सांसद आपस में से ही एक को लोकसभा के अध्यक्ष (स्पीकर) के रूप में चुन लेते हैं। लोकसभाध्यक्ष के अधिकार तथा कर्तव्य इस प्रकार हैं सदन में चर्चा करने के विषयों का निर्णय लेना। सदन में अनुशासन का पालन और शांति तथा संयम बनाए रखना। ठीक तरह से चर्चा करना तथा निर्णय लेना।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

राज्यसभा: राज्यसभा सांसद का उच्च सदन है। राज्यसभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 250 है। ये जनता से सीधे निर्वाचित नहीं होते। उनमें से 238 सदस्यों को सभी राज्यों के विधायक चुनते हैं। 12 सदस्यों का राष्ट्रपति द्वारा नामांकन किया जाता है।

राज्यसभा सदस्य: राज्यसभा सदस्यों की उम्र कम से कम 30 वर्ष की होनी चाहिए। राज्यसभा सदस्यों की अधिकारावधि 6 वर्ष की होती है। भारत के उपराष्ट्रपति ही राज्यसभा के सभाध्यक्ष होते हैं।

संसदों के अधिकार: लोकसभा तथा राज्यसभा सदस्यों को एम.पी (मेंबर ऑफ पार्लिमेंट) कहते हैं। इनको सदन में वाक स्वतंत्र्य रहता है। इनके द्वारा सांसद में व्यक्त किए हुए अभिप्रायों को किसी भी न्यायालय में प्रश्न नहीं कर सकते।

विपक्ष नेताओं का पात्र तथा कार्य: विपक्षी नेताओं की स्थिति सम्मानजनक है । प्रशासित सरकार गलतियाँ करने पर उन्हें अवगत कराना। सरकार के नीति नियमों का परामर्श करना। सरकार, मंत्रीमंडल तथा अधिकारियों को सतर्क करना। विरोध पक्ष के नेताओं के लिए गौरवान्वित स्थान है।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

संसद के अधिकार तथा कार्य:

सांसद के कुछ मुख्य अधिकार तथा कार्य इस प्रकार हैं :


1. शासन (कानून) रचना का अधिकार: सांसद का मुख्य कार्य ही शासन रचना । आवश्यकता के अनुसार संसद शासनों के लोप-दोष निकालता है, इसके अलावा रद्द भी कर सकता है। मुख्य रूप से केंद्र मंत्रीमंडल (प्रधानमंत्री सहित)पर नियंत्रण कर सकता है। (यदि बर्ताव तथा नीतियाँ असंतोषजनक होतो बहुमत से मंत्रीमंडल को विसर्जन करने का प्रमुख अधिकार है।)

2. आर्थिक अधिकार: आर्थिक विधेयक (बिल) पहले लोकसभा में ही पेश होता है। संसद की अनुमति के बिना सरकार किसी भी तरह का कर संग्रह नहीं

कर सकती और ना ही धन खर्च कर सकती। अर्थात देश की आर्थिक व्यवस्था पर सांसद का संपूर्ण नियंत्रण रहता है।

3. प्रशासनिक अधिकार: संसद में पूछे जाने वाले प्रश्नों को जिम्मेदारी से उत्तर देने का कर्तव्य गौरवान्वित मंत्रियों का है। सांसद मंत्रियों की कार्यतत्परता का अवलोकन कर, होने वाली गलतियाँ तथा अधिकार पर टिप्पणी कर सकता है।

4. संविधान के लोप-दोष सुधारने का अधिकार: सामान्यतः सांसद को संविधान के दोषों को सुधारने का अधिकार है।



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


केंद्र-कार्यांग:

केंद्र-कार्यांग में राष्ट्रपति प्रधानमंत्री तथा उनका मंत्रीमंडल शामिल रहता है।


राष्ट्रपति

भारत गणतंत्र के उच्च अधिकारी को 'राष्ट्रपति' कहते हैं। इन्हें देश का 'प्रथम नागरिक' कहा जाता है। इनका अधिकृत निवास ही राष्ट्रपति भवन है। सांसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य तथा सभी राज्य विधानसभा के निर्वाचित सदस्य राष्ट्रपति का निर्वाचन करते हैं।

भारत के राष्ट्रपति बनने के लिए उनकी आयु कम से कम 35 वर्ष की होनी चाहिए तथा लोकसभा के सदस्यों की सारी क्षमताएँ होनी चाहिए। राष्ट्रपति की अधिकारावधि 5 वर्ष की है।



नया संसद भवन, नई दिल्ली



राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली

अधिकार:

1) राष्ट्रपति, लोकसभा में बहुमत पाये पक्ष के नेता को प्रधानमंत्री के रूप में चुनते हैं। प्रधानमंत्री की सलाहानुसार अन्य मंत्रियों को नियुक्त करते हैं।

2) किसी भी अपूर्ण शासन को कानून बनने के लिए राष्ट्रपति का अंकित चाहिए।

3) वे रक्षा विभागों के दंडनायक भी हैं। युद्ध ललकारने का अधिकार भी इन्हीं को है।

4) इन्हें उच्च तथा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति करने का अधिकार है। अपराधियों को क्षमादान करने और दंड कायम करने का अधिकार है।

© SCERT NOT TO BE REPUBLISHED

उपराष्ट्रपतिः केंद्र सांसद के दोनों सांसद उपराष्ट्रपति का निर्वाचन करते हैं। भारत के उपराष्ट्रपति बनना हो तो उन्हें कम से कम 35 वर्ष की उम्र होनी चाहिए और राष्ट्रपति बनने के पूर्ण योग्यताएँ रहनी चाहिए। इनकी अधिकारावधि 5 वर्ष की है। वे राज्यसभा के अध्यक्ष होते हैं। राष्ट्रपति की गैरमौजूदगी में उनके कार्य निभाते हैं।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री का महत्वः सांसदीय पद्धति में प्रधानमंत्री का पात्र महत्व का है। देश की सुरक्षा बनाए रखने में इनकी जिम्मेदारी बहुत है। प्रधानमंत्री जी-

1. लोकसभा के नायक हैं।
2. खातों के बँटवारे में उन्हें पूर्ण अधिकार है।
3. सरकार के प्रधान हैं।
4. मंत्रीमंडल के पुनर्गठन का अधिकार उन्हें हैं।
5. विभिन्न विभागों के मंत्रियों की नियुक्ति करने के लिए राष्ट्रपति को सिफारिश करते हैं।
6. मंत्रियों को निष्कासित करने के लिए राष्ट्रपति को सिफारिश करते हैं।

केंद्र मंत्रीमंडल की रचनाः राष्ट्रपति चुनाव में बहुमत पाए पक्ष के नेता को सरकार रचना के लिए निमंत्रण देकर उनको प्रधानमंत्री बनाते हैं। उसके बाद प्रधानमंत्री की सलाह के अनुसार बचे हुए मंत्रियों को नियुक्त करते हैं। प्रधानमंत्री तथा मंत्रीयों के मिलने से केंद्र मंत्री मंडल (कैबिनेट) की रचना होती है. इस तरह मंत्रीमंडल की रचना-पद्धति को संसदीय पद्धति (कैबिनेट पद्धति) कहते हैं।

मंत्री एक सचिव खाता के राजनीतिक प्रधान होते हैं। मंत्रियों की जिम्मेदारी कैबिनेट व्यवस्था की नींव है। अर्थात अपने सचिवालय के कार्यों पर मंत्री वैयक्तिक रूप से जिम्मेदार होते हैं।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

सचिवों के लिए खाताओं को प्रधानमंत्री खुद बाँटते हैं। विशेष संदर्भ में प्रधानमंत्री किसी भी मंत्री से इस्तीफा माँग सकते हैं। प्रधानमंत्री के इस्तीफा देने से उनके साथ रहे मंत्रीमंडल भी विसर्जित होता है। मंत्रीमंडल लोकसभा पर निर्भर होता है। लोकसभा अविश्वास मत से मंत्रीमंडल का विसर्जन होता है।

जानिए:

1. नई दिल्ली का सांसद भवन, राष्ट्रपति भवन आदि भव्य इमारतों का निर्माण अंग्रेजों के समय हुआ था। राष्ट्रपति भवन में 340 कमरे हैं। इसका निर्माण कार्य 1929 में पूर्ण हुआ।
2. सांसद, मासिक वेतन और क्षेत्र भत्ता पाते हैं। साथ ही मोबाइल, दूर भाष, कार्यालय खर्च, प्रयाण भत्ता, मुफ्त में बिजली, पानी, स्थानीय दूर भाष-आदि- की व्यवस्था होती है।
3. नये संसद भवन का निर्माण केंद्रीय विस्तार योजन के हिस्से के रूप में किया गया है। और 28.05.2023 को इसका उद्घाटन किया गया है। इसमें 888 सीटों वाली लोकसभा हॉल और 384 सीटों वाली राज्यसभा हॉल है ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास:

I. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :

1. भारतीय गणतंत्र का सर्वोच्च अधिकारी ———— में है ।
2. संसद के दो सदन ———— और ———— हैं ।
3. संसद के निचले सदन को ———— कहा जाता है ।
4. राज्यसभा सदस्य का कार्यकाल ———— वर्ष है ।

II. समूह में चर्चा करके उत्तर दीजिए :

5. केंद्र सरकार के तीन अंग कौन-कौन से हैं। उनके कार्य क्या क्या हैं ?
6. लोकसभा सदस्यों की योग्यताएँ कौन-कौन-सी हैं?
7. संविधान के संशोधनों को सुधारने का अधिकार किसको है?
8. प्रधानमंत्री का महत्व क्या है?
9. केंद्र मंत्री-परिषद की रचना कैसे होती है?

III. चर्चा कीजिए :

10. लोकसभा सदस्य को प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम बनाने के लिए हम क्या कर सकते हैं ?

क्रियाकलाप:

- आपके लोकसभा क्षेत्र के सदस्य से भेंट कीजिए। उनके कार्य तथा अधिकार के बारे में जानिए।
- आपके स्कूल में लोकसभा सदन के कार्यकलाप के कृत्रिम रूप का प्रदर्शन कीजिए।
- भारत के प्रधानमंत्रियों की सूची बनाकर स्कूल में प्रदर्शित कीजिए।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

संघीय भारत

28 राज्य तथा 8 केंद्रशासित प्रदेश, कोष्ठक में राजधानियों के नाम दिए गए हैं-

राज्य

1. आंध्र प्रदेश (अमरावती)
2. अरुणाचल प्रदेश (इटानगर)
3. असम (दिसपुर)
4. बिहार (पटना)
5. गोवा (पणजी)
6. गुजरात (गांधीनगर)
7. हरियाणा (चंडीगढ़)
8. हिमाचल प्रदेश (शिमला)
9. कर्नाटक (बेंगलुरु)
10. केरल (तिरुवनंतपुरम)
11. मध्यप्रदेश (भोपाल)
12. महाराष्ट्र (मुंबई)
13. मणिपुर (इंफ़ाल)
14. मेघालय (शिलांग)
15. मिजोराम (एजवाल)
16. नागालैंड (कोहिमा)
17. उड़ीसा (भुवनेश्वर)
18. पंजाब (चंढीगढ़)
19. राजस्थान (जयपुर)
20. सिक्किम (गंगटोक)
21. तमिलनाडू (चेन्नई)
22. त्रिपुरा (अगरतला)
23. उत्तर प्रदेश (लखनऊ)
24. पश्चिम बंगाल (कोलकत्ता)
25. छत्तीसगढ़ (रायपुर)
26. झारखंड (राँची)
27. उत्तरांचल (देहरादून)
28. तेलंगाना (हैदराबाद)

केंद्र शासित प्रदेश।

1. जम्मू और कश्मीर
   (श्रीनगर-गर्मीयों के दिन
   जम्मू - सर्दी के दिन)
2. लदाक (लेह)
3. अंडमान तथा निकोबार द्वीप
   (पोर्ट ब्लेयर)
4. चंढीगढ़ (चंढीगढ़)
5. दादर और नगर हवेली, दमन
   तथा दीव (सिल्वास)
6. लक्षद्वीप (कवरत्ति)
7. पुदुचेरी (पुदुचेरी)
8. दिल्ली
   (राष्ट्रीय राजधानी प्रदेश)

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

अध्याय 11	राज्य सरकार

L6L2D8

पाठ परिचय

इस पाठ में राज्य सरकार के अंग शासकांग, कार्यांग तथा न्यायांग का परिचय है। साथ में द्विसदन व्यवस्था, उच्च तथा निम्न सदन के महत्व का परिचय दिया गया है। विधायकों की योग्यताएँ तथा कार्य; मुख्यमंत्री तथा राज्यपाल की क्षमता तथा अधिकारों के बारे में यहाँ विवरण दिया गया है।

सामर्थ्य:

1. राज्य सरकार का गठन तथा कार्यों को जानना।
2. राज्य सरकार का कार्यक्षेत्र जानना।
3. राज्य सभा-विधान परिषद, लोक सभा-विधान सभा को परस्पर तुलना करके समझना।
4. राज्यपाल की क्षमता तथा अधिकार, मुख्यमंत्री के अधिकार तथा कर्तव्यों को जानना।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

निम्नांकित चित्र को देखिए



विधानसभा का संयुक्त अधिवेशन

विधान सभा तथा विधान परिषद में शासनों (कानून) को बनाया जाता है। (शासकांग)



विधानसौधा, बेंगलुरु



कर्नाटक का उच्च न्यायालय, बेंगलूरु



सुवर्णसौधा, बेलगावि

राज्यों में राज्य सरकार हैं। उनका अधिकार क्षेत्र छोटा है फिर भी इन्हें अपना ही स्वयं अधिकार या स्वायत्तता है। राज्य मुख्यतः भाषा के आधार पर गठित हुए हैं। कर्नाटक में कन्नड़ राजभाषा है।

हमारा संविधान सभी राज्यों में एक रूप राज्य प्रशासन बनाया है। सामान्यतया राज्य सरकार केंद्र सरकार का ही नमूना है।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

राज्य शासकांग

शासकांग, कार्यांग तथा न्यायांग-ये सरकार के तीन अंग हैं। राज्यपाल तथा विधानमंडल (दोनों सदन) मिलकर शासकांग होता है। शासकांग राज्य के लिए शासन बनाता है।

भारत के मात्र छः राज्यों में शासकांग 'विधानसभा' तथा 'विधान परिषद' नामक दो सदन हैं। इस पद्धति को 'द्विसदन पद्धति' कहते हैं। बाकी सभी राज्यों में केवल विधानसभा है। यह 'एकसदन पद्धति है।' कर्नाटक में द्विसदन पद्धति है।

विधानसभा (निम्न सदन)

रचना: यह आम चुनावों में निर्वाचित सदस्यों का सदन है कर्नाटक के विधानसभा में कुल 224 स्थान हैं।

विधानसभा को राज्यपाल आंग्लो-इंडियन समुदाय के एक सदस्य का नामांकन करते हैं। राज्यपाल एंग्लो-इंडियन समुदाय से संबंधित एक व्यक्ति को विधान सभा के सदस्य के रूप में नामित करते हैं। इससे पहले राज्यपाल के पास एंग्लो इंडियन समुदाय के एक सदस्य को विधानसभा के सदस्य के रूप में नामित करने का अवसर था। लेकिन 2020 के 104वे संविधान संशोधन के अनुसार इस अवसर को जारी नहीं रखा गया है ।

विधानसभा के सदस्य (एम.एल.ए) आपस में से एक को सभाध्यक्ष (स्पीकर) के रूप में चुनते हैं। विधानसभा की अधिकारावधि 5 वर्ष की हैं। यह स्थायी सभा नहीं है। विधानसभा सदस्यों की योग्यताएँ -

- ❋ भारत का नागरिक होना चाहिए।
- ❋ न्यूनतय 25 वर्ष की उम्र होनी चाहिए।
- ❋ सरकार में किसी भी लाभदायक पद पर नहीं रहना चाहिए।
- ❋ पूर्णत: आर्थिक रूप से दिवालिया नहीं होना चाहिए।

संसदों की जिम्मेदारियाँ:

क्षेत्र में भ्रमण करके लोगों के सुखदुख- में भाग लेकर समस्याओं का समाधन करना उनकी बड़ी जिम्मेदारी है। जन कल्याण योजनाओं में विशेष ध्यान रखकर अपनी जिम्मेदारियों को आसानी से निभा सके, इस कारण सरकार ने उनको मासिक वेतन और कुछ सुविधाएँ भी दी हैं । उनके कुछ कर्तव्य और सुरक्षा भी प्रप्त हैं।

विधानसभा के अधिकार तथा कार्य

- वस्तुत: विधानसभा ही राज्य का शासकांग है।
- आर्थिक विषयों में विधानसभा का निर्णय ही अंतिम होता है।
- प्रमुखतया मंत्रीमंडल का (मुख्यमंत्री सहित) सरकार पर नियंत्रण है। मंत्रीमंडल के कार्य / नीतियाँ - अतृप्त होने पर अविश्वास पारित कर बहुमत साबित करने से मंत्रीमंडल निष्कासित (रद्द) होता है।
- विधानसभा के सदस्य राष्ट्राध्यक्ष के चुनाव में भाग लेते हैं।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

विधानपरिषद (उच्च सदन)

रचना : विधान परिषद के सदस्यों (एम.एल.सी) की संख्या विधानसभा की कुल संख्या के एक तिहाई से (1/3) से अधिक नहीं होनी चाहिए। कर्नाटक विधान परिषद सदस्यों का बल 75 होना अनिवार्य है। कुछ सदस्यों को राज्यपाल द्वारा नामांकित किया जाता है। इसके अतिरिक्त सदस्य विधान सभा के सदस्य स्थानीय संस्थाएँ, स्नातक तथा पंजीकृत शिक्षकों द्वारा चुने जाते हैं।

विधान परिषद के सदस्यों की अधिकारावधि छः वर्ष की होती है। सदस्यों की आयु न्यूनतम 30 वर्ष होनी चाहिए।

राज्य कार्यांग :

राज्य कार्यांग राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री तथा उनके मंत्रीमंडल से युक्त है। सामान्यतया उसकी रचना तथा कार्य केंद्र कार्यांग से मिलता-जुलता है।

राज्यपाल :

राज्यपाल, संवैधानिकता से मात्र ही कार्यांग के मुखिया (मुख्यस्थ) हैं। कार्यांग के वास्तविक मुखिया मुख्यमंत्री हैं। राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्राध्यक्ष करते हैं। राज्यपाल की अधिकार-अवधि 5 वर्ष होती है।

राज्यपाल की योग्यता: • भारत का नागरिक होना चाहिए। • कम से कम 35 वर्ष की आयु होनी चाहिए। • सांसद अथवा राज्य शासकांग का सदस्य नहीं होना चाहिए।

राज्यपाल के अधिकार :

राज्यपाल मुख्यमंत्री की नियुक्ति द्वारा उनके सलाहानुसार अन्य मंत्रियों को नियुक्त करते हैं। ✻ शासन सभा द्वारा अंगीकृत विधायकों को लागू करने के लिए राज्यपाल की अनुमति चाहिए।✻ राज्य में संवैधानिक अस्थिरता पैदा होने पर, राज्यपाल राष्ट्रपति को विवरण देकर राज्य सरकार को बर्खास्त (रद्द) कर सकते हैं।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

* राष्ट्राध्यक्ष राज्य सरकार का विसर्जन करते है, राज्य में राष्ट्रपति का शासनावधि में राज्यपाल ही राज्य का शासन वास्तविक रूप से करते हैं।

मुख्यमंत्री

केंद्र में जिस प्रकार प्रधानमंत्री सरकार के मुखिया होते हैं ठीक उसी प्रकार राज्य में मुख्यमंत्री सरकार को मुखिया होते हैं। विधानसभा चुनाव में बहुमत पाए पक्ष के नेता को मुख्यमंत्री के रूप में राज्यपाल नियुक्त करते हैं।

मुख्यमंत्री के अधिकार तथा कर्तव्य :

* मुख्यमंत्री के सलाह के अनुसार राज्यपाल मंत्रियों की नियुक्ति करते हैं।
* मुख्यमंत्री को, मंत्रियों के लिए खाता बँटवारा करना तथा बदलने का अधिकार है।
* मंत्रियों को पदच्युत (निष्कासित) करने का अधिकार मुख्यमंत्री को है।
* केंद्र तथा राज्य के बीच उत्तम संबंध बनाए रखने के संबंध में मुख्यमंत्री प्रमुख पात्र निभाते हैं।
* कुल मिलाकर राज्य की प्रगति मुख्यमंत्री के नेतृत्व के मंत्रीमंडल के उत्तम प्रशासन द्वारा संभव है।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास

I. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :

1. शिक्षकों के प्रतिनिधि ———— सदन के सदस्य होते हैं ।
2. सुवर्णसौधा ———— शहर में स्थित है ।
3. विधानसभा की कार्यवाही ———— के नेतृत्व में संचालित की जाती है ।
4. राज्यपाल की नियुक्ति ———— द्वारा की जाती है ।
5. कर्नाटक विधानसभा के सदस्यों की संख्या ———— है ।

II. समूह में चर्चा करके उत्तर दीजिए :

6. द्विसदन पद्धति किसे कहते हैं?
7. अपने विधानसभा क्षेत्र के विधायक कौन हैं?
8. राज्यपाल के किन्हीं तीन अधिकारों तथा कर्तव्यों को बताइए।
9. मुख्यमंत्री के मुख्य अधिकार तथा कर्तव्य कौन-कौन से हैं?
10. विधानसभा सदस्यों के कर्तव्य क्या है?

गतिविधियाँ :

- विधान सभा तथा विधान परिषद की कार्यवाही अपने बड़ों के साथ जाकर देखिए या दूरदर्शन में देखिए।
- आपके निर्वाचन क्षेत्र के विधानसभा सदस्य (विधेयक) की भेंट करके उनके कर्तव्यों के बारे में जानिए।
- कर्नाटक के मुख्यमंत्रियों की सूची तैयार करके विद्यालय में प्रदर्शित कीजिए।

☆ ☆ ☆

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

भूगोल विज्ञान

अध्याय 12	भारत का प्राकृतिक विभाजन

P5R9J7

पाठ परिचय

इस पाठ में द्ववारा हमें यह जानना है कि हमारा देश भारत है (मातृभूमि) और हमारा राज्य कर्नाटक है। विश्व में भारत की स्थिति और उसके आकार और विस्तार उसके विभिन्न भौगोलिक स्वरूपों को जानना। हमारी मातृभूमि कर्नाटक का स्थान विस्तार पड़ोसी राज्य, कर्नाटक की भूमि विशेषताओं पर संक्षिप्त जानकारी और विभागों का परिचय।

सामर्थ्य:

1. भारत और कर्नाटक की भौगोलिक भूमिका समझना।
2. भारत और कर्नाटक राज्य के विभिन्न प्राकृतिक प्रभावों को समझना।
3. भारतीय रेगिस्तान और द्वीप समूह के बारे में जानना।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

भारत भौगोलिक संदर्भ

भारत पूरी तरह से उत्तर गोलार्ध में बसा हुआ है। यह एक दक्षिण एशियाई पर्याय द्वीप है। भारत दुनिया का सातवें सबसे बड़ा देश है और दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2022 में पेश किये गये आंकड़ों के मुताबिक चर्चा है कि भारत दुनिया में पहले स्थान पर है । जो कश्मीर से दक्षिण कन्याकुमारी शिर तक तथा पश्चिम के कछ से पूर्व में अरुणाचल प्रदेश तक फैला हुआ है। अक्षांश 8^0 उत्तर से 37^0 उत्तरी अक्षांश और रेखांश 68^0 पूर्व से 97^0 पूर्व देशांतर रखा तक फैला हुआ है। कर्काटक संक्रांति वृत्त देश के मध्य से गुजरा है।

भारत के पड़ोसी देश उत्तर पश्चिम में पाकिस्तान और अफगानिस्तान उत्तर में नेपाल, भूतान और चीन और पूर्व में बांग्लादेश और मैनमार हैं। श्रीलंका दक्षिण पूर्व में स्थित है और पाक जलडमरू मन्नार घाटियों द्वारा भारत से अलग हैं।

भारत से ओतप्रोत जल निकाय है। पूर्व में बंगाल की खाड़ी पश्चिम में अरब सागर और दक्षिण में हिंद महासागर। इसलिए भारत लंबी तट रेखा और द्वीपों से युक्त है।

भारत में 28 राज्य व 9 केंद्र शासित प्रदेश और दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है।



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

भारत का प्राकृतिक विभाजन

भारत में विभिन्न प्रकार की विशेषताएँ हैं। भू स्वरुप के आधार पर भारत को चार प्रमुख प्राकृतिक श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है :

1. उत्तरी-पर्वत
2. उत्तरी-मैदान
3. वैकल्पिक-पठार
4. तटीय-मैदान

1. उत्तरी पर्वत: इसमें ज्यादातर हिमालय पर्वत श्रृंखलाएँ शामिल हैं। हमारे देश के उत्तर, उत्तर पूर्व और पूर्व की प्राकृतिक सीमा है। ये दुनिया के सबसे ऊँचे पर्वत हैं, जो बर्फ से ढके हुए हैं। उनमें से कई सबसे ऊँची चोटियाँ, गहरी घाटियाँ, हिमनद, पर्वत घाटी हैं। यहाँ का माउँट एवरेस्ट (8848 मी) दुनिया में सबसे ऊंचा है। मगर माउँट गॉडविन ऑस्टिन (k2, 8611 मी) भारत की सबसे ऊँची चोटी है।


हमारे देश की अर्थव्यवस्था में हिमालय पर्वतों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। वे प्राकृतिक सीमाओं के रूप में कार्य करते हैं। मध्य एशिया से आने वाली ठंडी हवाओं को रोकना और मानसूनी हवाओं को नियंत्रित करके और अधिक वर्षा लाते हैं। यहाँ से कई नदियाँ निकलती हैं और कई हिल स्टेशनों का घर है।

2. उत्तरी मैदान: ये हिमालय और वैकल्पिक पठारों के बीच फैले हुए हैं। हिमालय में उत्पन्न होने वाले सतलज, गंगा, ब्रह्मपुत्र और उनकी उप नदियों द्वारा लाई गई जलौद मिट्टी से बने हुए हैं।

इस प्रकार यह उपजाऊ, विस्तृत और समतल मैदान है। ये कृषि, परिवहन, शहर, गाँव-आदि के विकास के लिए प्रोत्साह दायक हैं। इन सभी लाभों के कारण मैदानों में अधिक जनघनित्व है।

3. वैकल्पिक पठार: भारत के प्राकृतिक विभाजन में यह सबसे विस्तृत है। अधिकांश प्राचीन चट्टानों से बने हुए यह भारत के दक्षिण में स्थित है। नर्मदा सोने फाड़ी हुई इस मंडल को दो भागों में विभाजित करती है। इससे उत्तरी भाग को मालवा पठार, तथा दक्षिणी भाग को दखन पठार कहते हैं।

NOT TO BE REPUBLISHED © KTBS



मालवा पठार उत्तर में अरावली और दक्षिण में विंध्य पर्वत से घिरा हुआ है। अरावली श्रृंखला की सबसे ऊँची चोटी गुरुशिखर है (1722 मीटर)।

दख्खन पठार उत्तर में सातपुर, मैकेला, अमरकंटक, और राजमहल पहाड़ियों में पश्चिम घाट और पूर्व में पूर्वी घाट से घिरा हुआ है। पश्चिमी घाट दक्षिण की ओर अण्णामलाई, कार्डमोम, पलनी पहाड़ आदि के रूप में आगे बढ़ते हैं। अण्णामलाई

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

में अमुड़ी (2695 मीटर) जो दक्षिण भारत की सबसे ऊँची चोटी है। पश्चिमी घाट और पूर्वी घाट नीलगिरी पहाड़ियों से मिलते हैं। यहाँ उदक मंडल नामक एक प्रसिद्ध हिल स्टेशन है। पश्चिमी घाट, पूर्वी घाट से ऊँचे है। पश्चिमी घाटों से दक्षिण भारत की अनेक नदियाँ निकलती हैं।

पर्याय पठार समृद्ध खनिज संपदा से युक्त है। यहाँ बहने वाली नदियाँ फसलों की खेती में मदद करती हैं। कई झरने हैं, जो जल विद्युत के लिए उपयोगी हैं।

4. तटीय मैदानः वैकल्पिक पठार के दोनों किनारे तटीय मैदानों से घिरे हुए हैं। इसे पश्चिमी तट और पूर्वी तट में विभाजित किया जा सकता है।

पश्चिम तटीय अरब सागर और पश्चिमी घाट के बीच स्थित है। यहाँ कल (उत्तर) से कन्याकुमारी (दक्षिण) भूमि-सिरा तक फैला हुआ है। सीधा है और इसमें एक संकीर्ण शिला रचित आकृति है।


पूर्वी तट बंगाल की खाड़ी और पूर्वी घाट के बीच स्थित है। उत्तर में गंगा नदी का मुहाना से लेकर दक्षिण में कन्याकुमारी तक फैला हुआ है। यह चौड़ा है। पूर्वी और पश्चिमी तटों पर प्रमुख बंदरगाह हैं।

द्वीपः भारत के प्रांतीय जल राशी में 247 द्वीप है। इनमें से 204 बंगाल की खाड़ी में है। उन्हें अंडमान-निकोबार द्वीप समूह कहा जाता है। अरब सागर में शेष 43 द्वीपों लक्षद्वीप समूह के रूप में जाना जाता है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह ज्वालामुखी जनित सख्त चट्टानों से बने हैं। लक्षद्वीप मूंगों के टीलों से निर्मित है।

© MTBS NOT TO BE REPUBLISHED

रेगिस्तान :

भारत में एक रेगिस्तान है। इसे थार मरुस्थल कहा जाता है। यह भारत के उत्तरपश्चिम में फैला हुआ है। इसका एक तिहाई क्षेत्रफल राजस्थान में है। शेषभाग पंजाब, हरियाणा और गुजरात राज्यों में फैला हुआ है। रेगिस्तान में कुछ नमक की झीले पाई जाती है। कई लवणीय झीले हैं जो नियमित नमक की आपूर्ति करती है। जैसेः सांबार, दिडवान, सारगोल, आदि। सांबार झील भारत की सबसे बड़ी नमक झील है।



कर्नाटक का भौगोलिक संदर्भ:

हमारा राज्य कर्नाटक, भारत के दक्षिण पश्चिम में स्थित है। क्षेत्रफल के हिसाब से आठवाँ सबसे बड़ा भारतीय राज्य है। 11^0 और 18^0 उत्तरी अक्षांश और 74^0 और 78^0 पूर्व रेखांश के बीच फैला हुआ है।


हमारे राज्य में जल और थल दोनों सीमाएँ हैं। उत्तर में महाराष्ट्र, पूर्व में आंध्र और तेलंगाना और दक्षिण पश्चिम में केरल है। पश्चिम में अरबी समुद्र है। राज्य में 31 जिला और 239 तालुक हैं।

NOT TO BE REPUBLISHED © KTBS

कर्नाटकः प्राकृतिक विभागः

कर्नाटक भारतीय प्रायद्वीप पठार का एक हिस्सा है। और इसकी सतह विविध विशेषताएँ रखती हैं। प्राकृतिक भू-स्वरुप के आधार पर कर्नाटक को तीन प्रमुख प्राकृतिक भागों में विभाजित किया जा सकता है:

1 तटीय क्षेत्र, 2 पहाड़ी क्षेत्र, 3 मैदान क्षेत्र



कर्नाटक का प्राकृतिक विभाग

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

1. तटीय क्षेत्रः

यह कर्नाटक के पश्चिम भाग में पहाड़ी क्षेत्र और अरबी सागर के बीच पाया जाता है। यह उत्तर में गोवा तट से लेकर दक्षिण मे केरल तट तक(324 कि.मी.) फैला हुआ है। इनमे उत्तर कन्नड, उडुपी और दक्षिणकन्नड जिले के समुद्र तट शमिल है।

राज्य का तट उत्तर में संकरा और दक्षिण में चौड़ा है। इसके द्वारा कर्नाटक में पश्चिम की ओर बहने वाली कई नदियों को पार करती है। तट के पास कुछ द्वीप है। जैसेः सेंटमेरी द्वीप (कोकानट द्वीप) आदि । इस तट में साथ भारत के प्रमुख बंदरगाह में से एक नवमंगलुरू बंदरगाह है। इसे 'कर्नाटक का प्रवेश द्वार' कहा जाता है।

2. पहाड़ी क्षेत्र (मलेनाडू) :

यह पहाड़ी क्षेत्र है जो मैदानी इलाकों के बीच फैला हुआ है। 'सह्याद्री श्रृंखला' हमेशा लोकप्रिय रही है। यह कर्नाटक का सबसे प्राकृतिक हिस्सा है। यहाँ अधिक वर्षा होने के कारण घने जंगल और भारी वन्यजीव अभयारण्य है। यहाँ से कई नदियाँ निकलती है। यहाँ खूबसूरत झरने (जोग) और पर्यटन के आकर्षणीय केंद्र है। राज्य में सर्वाधिक वर्षा प्राप्त करनेवाला आगुंबे इसी श्रेणी में पाया जाता है। ऊँची पहाड़ियाँ भी हैं। इनमें से एक मुल्लय्यनगिरि (1913 मीटर) राज्य में सबसे ऊँचा हैं।

3. मैदानी क्षेत्र :

यह पहाड़ी क्षेत्र (मलेनाडू) के पूर्व में स्थित है। और यहाँ उपगिरि से युक्त सतह की विशेषताएँ हैं। इसे तुंगभद्रा नदी के बहाव के आधार पर दो खंडों में विभाजित किया जा सकता है। वे हैं-उत्तरी मैदान और दक्षिणी मैदान।

i. **उत्तरी मैदानः** समतल सतह वाला पठार व समतल चोटी वाली पहाड़िया है। मैदान का कुछ भाग बसाल्ट चट्टानों से बना है। और काली मिट्टी से ढँका हुआ है। यह पूर्व की ओर ढलुवा है। इसकि क्रय में कृष्णा और भीम नदियाँ आती है। उत्तरी मैदान में बहुत कम वर्षा होती है।

ii. **दक्षिण मैदानः** इसे मैसूर का पठार कहते हैं। इसमें बहुत सारे ऊँचे टीले की सतह और पहाड़ियों की पंक्तियाँ है। जैसे बिलीगिरीरंगना पहाड़, मलेमहादेश्वर पहाड़,

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

नंदी पहाड़, चामुंडी पहाड़ आदि। उत्तरी मैदानों की तरह इसका ढलान पूर्व की ओर है। कावेरी नदी उसी के अनुसार बहती है। इस प्राकृतिक विभाजन का अधिकांश लाल मिट्टी से बना है। इस खंड में उत्तरी मैदान की तुलना में अधिक वर्षा होती है।

जानिए:

- इंडिया नामक देश के नाम के आधार पर पहचानने वाला महासागर है। हिंद महासागर है (इंडियन ओशन)
- गंगा भारतीयों की पवित्र नदी है।
- भारतीय मानक समय (Indian standard time) हमारे देश के मध्य से गुजरने वाली $82^{1}/_{2}^{0}$ पूर्वी रेखान्श/देशांतर रेखा पर आधारित है।
- याणा उत्तर कन्नड जिले का एक पहाड़ है। जो दो बलुआ पत्थरों से बनी है। यहाँ से नीचे की ओर धाराएँ बहती हैं। यह घने जंगलों से घिरा हुआ है और एक पर्यटन स्थल है।
- विशिष्ट अफ्रिका आधारित फूलदान आकार का एक विशाल बेयोबाब वृक्ष उपवन हावेरी जिले के सवणूर में है। (इसे गोरखनाथ वृक्ष भी कहा जाता है)
- (विजयपुर) और बागलकोट जिले के मुधोला हौउंडस नाम का शिकारी कुत्ता प्रसिद्ध हैं और वे विदेशों में निर्यात किए जाते हैं।
- बागलकोटे जिले में बनहट्टी के हथकरघा वस्त्र (साड़ी) इलकल की रेशमी साड़ी और अथणी के जूते प्रसिद्ध हैं और उनकी बहुत माँग है।
- रायचूर जिले में मस्की के पास एक पहाड़ सोते हुए बुद्ध के आकार में है। बसवकल्याण (बीदर) से होकर बहनेवाली चुलुकी नदी बसवण्णा के लिए प्रेरणादायक थी।
- दावणगेरे सूती वस्त्र उद्योग के लिए प्रसिद्ध है। उसे कर्नाटक का मैनचेस्टर कहा जाता है।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

अभ्यास:

I. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :

1. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत विश्व में ———— स्थान पर है ।
2. कर्नाटक में ———— जिले हैं ।
3. भारत में ———— राज्य तथा ———— केंद्र शासित प्रदेश हैं ।
4. भारत की सबसे ऊँची चोटी (शिखर) ———— है ।
5. ———— को कर्नाटक के प्रवेश द्वार के रूप में माना जाता है ।
6. कर्नाटक में सर्वाधिक वर्षावाला क्षेत्र ———— है ।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

7. भारत किन-किन अक्षांशों और देशांतरों के बीच फैला हुआ है?
8. कर्नाटक के पड़ोसी राज्यों की सूची बनाइए ।
9. भारत के प्राकृतिक विभागों के नाम लिखिए ।
10. कर्नाटक के प्राकृतिक विभाग कौन-कौन हैं ?
11. कर्नाटक के उन जिलों की सूची बनाइए जिनके तटीय प्रदेश हैं ।

गतिविधियाँ:

- भारत और कर्नाटक के बाहरी मानचित्र में प्राकृतिक विभाजनों को पहचान करना।
- अध्यापकों की सहायता से भारत और कर्नाटक में पाए जाने वाले प्रमुख पर्वतों वैकल्पिक पठार और मैदानों के पहचानिये।
- अपने आस-पास के क्षेत्र को देखें प्राकृतिक विशेषताओं, वनस्पतियों और फसलों की एक सूची तैयार कीजिए।

☆ ☆ ☆

NOT TO BE REPUBLISHED © KTBS

अध्याय 13	उत्तरी अमेरिका

G1S1T2

पाठ परिचय

पिछली कक्षा में आपने एशिया, यूरोप और अफ्रिका देशों के भौगोलिक लक्षण और उनकी प्रमुखता के बारे में अध्ययन किया है । इस कक्षा में आप उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, आस्ट्रेलिया और अंटार्कटिक भागों की अत्यधिक जानकारी प्राप्त करेंगे ।

इस पाठ में उत्तरी अमेरिका का स्थान, विस्तार, भौगोलिक परिवेश, प्राकृतिक विभाग, जलवायु तथा प्राकृतिक वनस्पति, व्यवसाय, प्रमुख खनिज और उद्योगधन्धों, जनसंख्या का विकास, वितरण और घनत्व का परिचय दिया गया है ।

सामर्थ्य (कौशल)

1 उत्तरी अमेरिका का स्थान, विस्तार और भौगोलिक परिवेश की जानकारी प्राप्त करना।

2 उत्तरी अमेरिका के प्राकृतिक विभाग और उनकी विविधता की तुलना करते हुए जानकारी प्राप्त करना।

3 उत्तरी अमेरिका की नदी और महासरोवरों के बारे में जानकारी प्राप्त करना ।

4 उत्तरी अमेरिका के विविधता युक्त जलवायु का प्राकृतिक वनस्पति और प्राणीवर्ग पर पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी प्राप्त करना।

5 उत्तरी अमेरिका के व्यावसायिक विकास के बारे में जानना ।

6 प्रमुख खनिजों की बहुलता का उपयोग कर उत्तरी अमेरिका उद्योग धन्धों का विकास किस प्रकार कर रहा है, इसे जानना।

7 उत्तरी अमेरिका की जनसंख्या का मूल, घनत्व और वितरण की जानकारी प्राप्त करना ।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उत्तरी अमेरिका हाल ही में ज्ञात हुआ भू-भाग है । इस भू भाग में अनेक निवासी यूरोपीय और अन्य देशों से स्थानांतरित होकर आए हैं । उनमें स्पेन वासियों ने मेक्सिको के स्वर्ण का उपयोग किया तो फ्रांस वासियों ने केनडा में ऊन (Fur)

का व्यापार से समृद्धि पायी । ब्रिटिश (अंग्रेजों) ने केनडा के अटलाण्टिक और न्यू इंग्लैण्ड में मत्स्य उद्योग के साथ-साथ वहाँ के वनप्रदेशों को लूट लिया ।



उत्तरी अमेरिका (राजनैतिक)

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

उत्तरी अमेरिका के समृद्ध संसाधन वहाँ के विज्ञान और तकनीकी विकास के लिए आधार रहे हैं । विस्तृत स्थानीय बाज़ार, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापारिक संबंध, उत्तम यातायात-आदि के कारण उत्तरी अमेरिका विश्व के अत्यंत विकसित प्रदेशों में से एक है । इसी कारण उत्तरी अमेरिका के राष्ट्र समृद्ध और आर्थिक रूप से बलशाली भागों में गिने जाते हैं । अतः इस भू - भाग को आदर्श रूप में अन्य भू-भागों से तुलना करना समझना आवश्यक है ।

1. स्थिति, स्थान एवं विस्तार

उत्तरी अमेरिका पूर्णतः भूमध्य रेखा के उत्तरी भाग में स्थित है । यह 7^0 उत्तरी अक्षांश से 84^0 उत्तर अक्षांश रेखा तक फैला हुआ है। कर्कटिक संक्रांति रेखा ($23\frac{1}{2}^0$ उत्तरी अक्षांश) इस भू-भाग के दक्षिणी भाग सें उत्तर मेरु वृत्त ($66\frac{1}{2}^0$ उत्तरी आर्कटिक वृत्त) उत्तरी भाग से होकर गुजरती है ।

उत्तरी अमेरिका पूर्व में अटलाण्टिक महासागर, पश्चिम में पेसिफिक महसागर और उत्तर में आर्कटिक (उत्तरी शीत) सागर से घिरा हुआ है । बेरिंग जलडमरूमध्य इसे एशिया महाद्वीप से अलग करता है। पनामा भू डमरू के द्वारा यह दक्षिण अमेरिका से भू सम्पर्क बना रखा है । अनेक छोटे - छोटे जल भाग यहाँ देखे जा सकते हैं । उदाहरण के लिए - मेक्सिको की खाड़ी, हड्सन की खाडी, अलास्क खाड़ी, कैलिफोर्निया की खाडी आदि । वेस्ट इन्डीज और क्यूबा द्वीप केरेबियन सागर में स्थित हैं । केनाडा के पूर्वी तट पर न्यूफाउन्डलैण्ड प्रदेश है। आर्कटिक महासागर में असंख्य द्वीप हैं, जिनमें ग्रीनलैण्ड सबसे बड़ा है । उत्तरी अमेरिका के दक्षिणी छोर पर स्थित भू-भाग मध्य अमेरिका कहलाता है ।

उत्तरी अमेरिका के भू-भाग का विस्तार (16.46% एशिया और आफ्रिका के बाद तीसरे अत्यंत विशाल भू-भाग के रूप में प्रचलित है । यह भारत से लगभग सात गुना (24.24 दस लाख कि.मी. क्षेत्रफल) बड़ा है । उत्तरी अमेरिका में 24

© KSEEB NOT TO BE REPUBLISHED

राज्य हैं । केनाडा, अमेरिका, संयुक्त राज्य और मेक्सिको, ये तीनों राष्ट्र आकार में विशाल हैं । उत्तरी अमेरिका के भौतिक रूपरेखा में केरेबियन द्वीपों को भी शामिल किया गया है ।

क्या आप जानते हैं ?

देश	**विशेषता**
मेक्सिको	ट्रांस केनेडियन रेलवे ।
कनाडा	बर्फ (हिम) हॉकी, बर्फ (हिम) भालु
यू.एस.ए.	ग्रैंड केनन, होम्स, बाररिंगर क्रेटर, वाल्केनो (ज्वालामुखी)
वेस्ट इंडीस	क्रिकेट, द्वीप

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

2. प्राकृतिक विभाग


उत्तरी अमेरिका भू-भाग को चार प्रमुख प्राकृतिक विभागों में बाँटा गया है ।

1 पश्चिमी पर्वतश्रेणियाँ अथवा राकी पर्वत।

2 केन्द्रीय तथा महा मैदान।

3 कैनेडियन प्रदेश।

4 अपलेशियन उन्नतप्रदेश (पठार)।



उत्तरी अमेरिका (प्राकृतिक)


NOT TO BE REPUBLISHED © SCERT BS

1. पश्चिमी पर्वत श्रेणियाँ:

ये पर्वत श्रेणियाँ भारत के हिमालय पर्वत के समान ही परतदार पर्वत श्रेणियाँ हैं। पश्चिम के ये पर्वत उत्तरी भाग में अलस्का से दक्षिण में पनामा तक विस्तृत हैं। ये पठार भू - भाग से युक्त हैं । उदाहरण - कोलेरेडो, मेक्सिको, यूकटन, पठार



रॉकी पर्वत श्रेणी



अलास्का पर्वत श्रेणी



मेक्सिको के पर्वत (मेकिन्ले)

NOT TO BE REPUBLISHED

पश्चिम की पर्वत श्रेणियों में राकी पर्वत अत्यंत प्रमुख पर्वतावलियाँ हैं । इस प्रदेश में माउंट मेकिन्ले (6194 मीटर) अत्यंत ऊँचा शिखर है ।

मृतसागर (घाटी) (समुद्रतल से 86 मीटर निम्न भू-भाग) अत्यंत निम्न या ढलाऊ भाग वाला क्षेत्र है । केलिफोर्निया का वैटने पर्वत तथा श्वेत पर्वत अपनी ऊबड़-खाबड़ भूमि से युक्त लक्षणों व प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए प्रख्यात हैं। इन पठारी प्रदेश के बीच कुछ अन्तरपर्वतीय पठारों को देखा जा सकता है । कोलम्बिया, कोलेरेडो तथा मेक्सिको के पठार इनमें प्रमुख हैं । कोलेरेडो नदी अपने पठारी प्रदेश के अपार घिसाव से ''महागुफा कंदर'' (ग्रैण्ड केनन) के निर्माण का कारण बनती है ।

ओल्ड फेथफुल गीसर विश्व के प्रसिद्ध गीसर (गरम जल का स्रोत) है । ये अमेरिका के संयुक्त राज्य के येल्लोस्टोन राष्ट्रीय उद्यान वन में है ।



प्राचीन विश्वसनीय गीसर

2. महा और केंद्रीय मैदान

केन्द्रीय महा मैदानों को ''प्रेरीस का मैदान'' भी कहा जाता है । ये पूर्वी भाग में अपलेशियन और पश्चिम में पर्वतश्रेणियों के बीच पाए जाते हैं । ये मैदानी प्रदेश अत्यंत विस्तृत, (उत्तरी अमेरिका के कुल भू-भाग की 3/5 भाग) सपाट, एक समान लक्षण वाले होकर ढलवाँ प्रदेशों में भी फैले हुए हैं । ये मैदानी भाग मिसीसिपी और मिसौरी नदियों तथा उनकी उपनदियों द्वारा निर्मित हैं । ये विश्व के अत्यंत उपजाऊ मैदानों में से एक हैं । उत्तम कृषि प्रदेशवाले हैं । इस प्रदेश का उत्तरी भाग हिमनदी (बर्फीली नदियों) से भूनग्न प्रदेश होने के कारण यहाँ असंख्य जलप्रपाती खड्डे निर्मित हो गए हैं। ये खड्डों सरोवर (समुद्र) युक्त हैं ।

धूल का कटोरा (Dust Bowl) - यह धूल से युक्त स्थानीय आँधी से निर्मित हुआ है । अमेरिका और कनाडा के प्रैरीश प्रदेशों में यह कृषि के लिए नुकसान (हानी) पहुँचाता है ।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

3. केनेडियन भूपटल :

केनेडियन भूपटल उत्तरी अमेरिका के उत्तरी भाग में है, जो हडसन की खाडी के चारों ओर फैला हुआ है । यह भारत के दक्कन के पठार के समान विश्व के अति प्राचीन शिला खण्डों से निर्मित हुआ है ।

4. अपलेशियन उन्नत प्रदेश:

पूर्वी उन्नत प्रदेशों को 'अपलेशियन' के नाम से भी जाना जाता है । ये भू-भाग के पूर्वी किनारों पर न्यूफाउंड लैण्ड प्रदेश से अलबामा तक विस्तृत हैं । अपलेशियन प्राचीन परतदार पर्वत रहे हैं जो भू-नग्नीकरण के कारण वे वर्तमान ऊँचाई युक्त हैं।



अपलेशियन परतदार पर्वत

अपलेशियन पर्वत श्रेणी के पूर्वी भाग तटीय पठार और आटलाण्टिक तटीय भागों में देखे जा सकते हैं । सेंट लारेंस घाटी और लेब्रेडोर पठार अपलेशियन श्रेणी द्वारा अलग होते हैं । ये कोयला, सीसा, जस्ता, लौह जनित, ताँबा, जलशक्ति और जंगली पेडों जैसे संसाधनों से समृद्ध हैं । ये प्रदेश विस्मयकारी रूप से अत्यधिक जनसंख्या वाला है। जो उत्तरी अमेरिका की आर्थिकता में प्रमुख देन है ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

नदियाँ और विशाल सरोवर (झील):

उत्तरी अमेरिका में कुछ बड़ी तो कुछ छोटी नदियाँ हैं । इस भाग के केनेडियन भूपटल में एक ही प्रकार के भौतिक लक्षणवाले अनेक सरोवर निर्मित हुए हैं । जो हिमनदियों के फलस्वरूप निर्मित हैं ।



उत्तरी अमेरिका की नदियाँ.

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

नदियाँ : मिसीसिपी और मिसौरी नदियाँ उत्तरी अमेरिका की अत्यंत बडी नदियाँ हैं। ये इस भूमि के कुल $^{2}/_{3}$ भाग में बहती हैं। मिसीसिपी अत्यंत बडी नदी है जो मेक्सिको की खाडी में जाकर मिलती है।

कोलेरेडो नदी कोलेरेडो पठार के साथ-साथ बहती हुई है महाकन्दर (महागुफा) का निर्माण करती है । जो प्राकृतिक सौन्दर्य और पर्यटन (प्रवास उद्यम) का केन्द्र बन गया है । महाकन्दर को ''विश्व का प्राकृतिक विस्मय'' कहा जाता है ।

महाकंदर - (अरिजोना, यू.एस.ए.)

गहराई - लगभग 1800 मीटर

चौडाई - 3 से 29 कि.मी.




ग्रैंड केनियन (महाकंदर)

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

सेंट लारेन्स अमेरिका के संयुक्त राज्य और कनाडा के अत्यंत प्रमुख नदी है । यह महासरोवरों द्वारा बहती है । एक वर्ष की अवधि में यह तीन महीने तक हिम (बर्फ) के रूप में ही रहती है ।

सरोवर (झील) :

उत्तरी अमेरिका काफी संख्या में मीठे जल और खारे जल की झील से युक्त है। उनमें केनडियन भूपटल के दक्षिणी सीमा पर स्थित ह्यूरान, ओंटारियो, मिचीगन (मिशीगन) आइरी, और सुपीरियर प्रमुख झील हैं।



उत्तरी अमेरिका की प्राकृतिक वनस्पतियाँ

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED




सुपीरियर झील

कुल मिलाकर झीलों को 'होम्स' कहा जाता है । सुपीरियर झील महान झीलों में सबसे बड़ी झील है और विश्व के अत्यंत बड़ी, मीठे जल की झील है । शिकागो और डेट्राएट नगर मिशीनग झील के तट पर स्थित है । ये सभी झीलें प्रमुख जलमार्ग उपलब्ध कराती हैं ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

जलवायु और प्राकृतिक वनस्पति

जलवायु : उत्तरी अमेरिका अत्यंत विस्तृत, विभिन्नसतही लक्षणों वाला प्रदेश है। जो अलग जलवायु से युक्त है । अलास्का और ग्रीनलैण्ड जम जाने वाली जलवायु से युक्त (टुंड्राप्रदेश) हैं । अमेरिका को संयुक्त राज्य दक्षिण पश्चिमी भाग में मरुस्थल के साथ उष्णता युक्त है । फ्लोरिडा का आग्नेय भाग, केरेबियन और केन्द्रीय अमेरिका का भाग उष्ण क्षेत्र है । इस भाग का केन्द्र तथा दक्षिणी प्रदेश हरिकेन और टोर्नोडो जैसे तीव्र आँधी वाले प्रदेश हैं ।



हरिकेन



टर्नोडो



ट्विस्टर

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

प्राकृतिक वनस्पति : प्राकृतिक वनस्पति और प्राणीवर्ग का जीवन अधिकतर वहाँ की जलवायु मिट्टी और भू स्वरूप व लक्षणों के आधार पर अवलंबित होते हैं। उत्तरी अमेरिका की जलवायु और भूमि का स्वरूप विविधता पूर्ण है । यह अधिक मात्रा में विविधता पूर्ण अर्धशुष्क वनस्पति से युक्त है ।

ये वनस्पति मुख्यतः जलवायु प्रदेशों के अनुरूप वनस्पती है । उनमें टुंड्रा, आदर्श प्रकार की वनस्पति है जो उत्तर के मेरु पर्वत (आर्कटिक वृत्त) पर देखी जा सकती है । इनमें भी मुख्य रूप से कनाडा, अलास्का और ग्रीनलैण्ड में यह देखा जा सकता है। शीत ऋतु दीर्घ और जम जाने तक तथा ग्रीष्म ऋतु अत्यंत कम अवधि तक होती है । यहाँ पायी जानेवाली वनस्पतियों



शंकुधारी वन

में काई और शैवाल (सेवार) मात्र हैं । ग्रीष्म ऋतु में कहीं-कहीं सुगंध तथा द्रव्य से संबंधित फूल वाली वनस्पतियाँ उगती हैं । ऐसे कष्ट और कठिन परिस्थिति में जीवित रहने वाली प्राणीयों में हिम हिरन, कारिबो और शाकाहारी हिमभालू प्रमुख हैं ।

टंड्रा क्षेत्र में दक्षिण की ओर ठंडी समशीतोष्ण प्रकार की जलवायु होती है । यहाँ शीत प्रदेश के अनुकूल प्राणी लोमड़ी देखी जा सकती है । वास्तव में यह शंकुधारी वनों का प्रदेश होने के कारण ''टैगा'' के नाम से जाना जाता है। शंकुधारी वन में सदा हरे भरे होने के कारण इस वर्ग में चीड, समूर, (फर) सजावटी पेड, देवदारु, आदि पेड़ों को देखा जा सकता है । ऊनी (फर) बालों वाले प्राणी इस प्रदेश में देखे जा सकते हैं । उदाहरण - लैनाक्स, साबल, सिल्वर फाक्स आदि ।



बीवर



काला बंदर



हिम भालू (काला)



सिल्वर फाक्स

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



साइप्रस



शाहबलूत की लकडी (चेस्टनेट)

पर्णपाती वनों को सेंट लारेंस और बड़ी झीलों के पूर्वी भाग में देखा जा सकता है । इस प्रान्त के उत्तरी भाग शीत और दक्षिणी भाग गर्मी के गुणों वाला है । जाडे की ऋतु ठंड होती है तो ग्रीष्म ऋतु में गर्मी अधिक और सामान्य वर्षा वाला प्रदेश है । यहाँ पाये जाने वाले वृक्ष निर्दिष्ट अवधि में अपने पत्ते झड़ लेते हैं । उदाहरण के लिए साइप्रस, आक, ओक, और शहबलूत के वृक्ष । यहाँ पाये जाने वाली प्राणियों में - बीवर, काला भालू, हिमचूहा और पोर्कुपाइन (जंगली सुअर) प्रमुख हैं ।

ठंडे समशीतोष्ण क्षेत्र के वनस्पतियों तथा जलवायु को अमेरिका के संयुक्त राज्य के भागों में देखा जा सकता है । रॉकी पर्वत तथा मिसीसिपी - मिसौरी महानदियों के मुहाना के बीच विशाल घास के मैदानी प्रदेश हैं । इन्हें ''प्रेरीस'' कहा जाता है । यह वास्तव में वृक्ष रहित विशाल 'घास के मैदान' हैं । इस मैदानी प्रदेश में गेहूँ की उपज तथा पशुपालन प्रसिद्ध है । इसे विश्व का प्रसिद्ध ''गेहू की काठ की खोली (स्थान)'' अथवा ''रोटी की टोकरी'' कहा जाता है ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



'प्रैरीस' घास के मैदान

शंकुधारी पेड़ तथा पर्णपाती वनों के पेड़ समशीतोष्ण मिश्रवनों मे देखे जा सकते हैं । कनाडा और उत्तरी कैलिफोर्निया ऐसे वनप्रदेशी से युक्त हैं । इन वन प्रदेशों में पाए जानेवाले वृक्ष बर्च, बीच, मैपल. ओक आदि प्रमुख हैं ।



लाल वृक्ष (महागनि)




मैपल

कनाडा - झीलों से युक्त देश है । कम जनसंख्या और अत्यधिक टैगा प्रकार के वनों वाला प्रदेश हैं। विश्व का अत्यधिक लकड़ी निर्यात यहाँ से ही होता है ।

मेक्सिको का दक्षिणी भाग तथा वेस्टइंडीज प्रदेश उष्ण क्षेत्र के वनों के लिए प्रसिद्ध है । यहाँ मजबूत लकड़ी वाले पेड़ों को जैसे महोगनी तथा लहठे की लकड़ी वाले वृक्षों के मिश्र वनों को देखा जा सकता है ।

कैलिफोर्निया का पश्चिमी समुद्री तट मेडिटरेनियन (भूमध्यसागरीय) भाग विविध प्रकार की जलवायु वाला है । दक्षिणी कैलिफोर्निया, मेक्सिको तथा आरिजोना स्थानों में इस के पाश्चिमी भाग मरुस्थल जैसा शुष्क वातावरण भी देखा जा सकता है । विविध प्रकार की नागफनी और काँटेदार झाड़ियाँ यहाँ सामान्य रूप में देखी जा सकती हैं । यहाँ मरुस्थल प्रदेश में रात को मरुस्थल के जाड़े के ऋतु कहा जाता है ।







मरुस्थल की वनस्पतियाँ विविध प्रकार की नागफनियाँ

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

कृषि

'कृषि' उत्तरी अमेरिका का एक प्रमुख व्यवसाय है । इस भाग के केन्द्रीय ढलाऊ प्रदेश, विशेषकर कनाडा और अमेरिका के संयुक्त राज्य में अत्यधिक कृषि उत्पन्न राष्ट्र हैं । उत्तरी अमेरिका के कुल भू-भाग में लगभग 10 प्रतिशत प्रदेश मात्र कृषि के लिए उपयुक्त है । किंतु उन कृषि क्षेत्रों से प्राप्त उत्पादन (उपज) की मात्रा काफी होती है। क्यों कि विस्तृत कृषि क्षेत्र, उपजाऊ मिट्टी, आवश्यक सींचाई, यंत्रों की सहायता से उत्पादन और अन्य सुविधाओं के साथ-साथ मानव का सम्पूर्ण श्रम प्राप्त होने के कारण उत्तरी अमेरिका को विश्व का सबसे बडा कृषि प्रदेश कहना उचित होगा ।


विशेष फसलों के उत्पादन में विशेषतायुक्त प्रांतो को ''फसल तालिका (सूची)'', कहा जाता है । उदाहरण के लिए - कार्नसूची (मक्का) सूची, गेहूँ सूची, कपास सूची, तंबाकू-सूची आदि ।

उत्तरी अमेरिका, विशेषकर यहाँ कनाडा और संयुक्तराज्य में गेहूँ एक प्रमुख खाद्य के रूप में उगाया जाता है । प्रैरी प्रदेश गेहूँ उत्पादन के लिए उपयुक्त मिट्टी को उपलब्ध कराता है । यहाँ की जनसंख्या कम है और काफी मात्रा में फसल उत्पादन होने के कारण इसे निर्यात किया जाता है । मक्का यहाँ **'कार्न'** के नाम से प्रसिद्ध है। इसे संयुक्त राज्य तथा मेक्सिको के विशाल प्रदेश में उगाया जाता है । 'मक्का' की काफी मात्रा को यहाँ पशुओं और सुअरों के चारे के रूप में उपयोग किया जाता है । इन्हें मेक्सिको में मांस के लिए पाला जाता है । (मक्का) यह एक खाद्य पदार्थ है । किन्तु आज मक्का ईंधन की फसल के रूप में उगाया जाता है ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



गेहूँ



मक्का

अन्य प्रधान फसलों में बार्ली, ओटस और आलू उगाये जाते हैं । बार्ली, बियर (Beer पेय पदार्थ) तैयार करने में उपयोग किया जाता है । ओटस पशुओं के चारे के रूप में उपयोगी है । इस भाग में आलू को भी उगाया जाता है जो खाद्य पदार्थ के रूप में प्रमुखता रखता है ।

इस भाग में कपास और तंबाकू को वाणिज्य उपज के रूप में दक्षिण में उगाया जाता है । मिसीसिपी नदी घाटी प्रदेश में कपास की उपज देखी जा सकती है । अमेरिका तंबाकू उत्पादन के एिल विश्व प्रसिद्ध राष्ट्रों में एक है । चीन के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका का इस उत्पादन में दूसरा स्थान है ।

'गन्ना' यहाँ की एक और मुख्य उपज है । 'क्यूबा' चीनी उत्पादन के लिए विश्व में तीसरा स्थान तो रखता ही है साथ ही इसे 'विश्व का चीनी का कटोरा' भी कहा जाता है ।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



सेब का बाग



अंगूर

कहवा (कॉफी) और कोक उष्ण क्षेत्र के बागानों की उपज है । इसे केन्द्रीय अमेरिका के भागों तथा वेस्ट इंडीज क्षेत्रों मे उगाया जाता है । कैलिफोर्निया, फ्लोरिडा, न्यूजर्सी और नगर केंद्रों के आस-पास के प्रदेशों में अंगूर, संतरा, नींबू, सेब, अमरूद, आड़ू (सताल) आदि फलों का उत्पादन होता है । कैलिफोर्निया उत्तरी अमेरिका का लगभग 90% प्रतिशत अंगूर का उपयोग कर द्राक्षारस (मदिरा) उत्पादन करता है । इस कारण कैलिफोर्निया ''द्राक्षारस (मदिरा) का राज्य'' कहलाता है ।

उत्तरी अमेरिका के उत्तर - पूर्वी भाग के अटलांटिक महासागर के तट पर ग्रैंड बैंक, न्यू इंग्लैंड का जार्जस बैंक और - न्यूफाउन्डलैंड के समुद्रतट के उथले भागों के प्रदेशों में मछली पकड़ने के क्षेत्र के लिए मशहूर है ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

प्रमुख खनिज तथा उद्यम


उत्तरी अमेरिका काफी मात्रा में संसाधनों से युक्त देश है । उसके प्राकृतिक संसाधनो में विविधता पूर्ण मिट्टी, विस्तृत घास, के मैदान, खनिज, शक्ति संसाधन और वन सम्पदा प्रमुख हैं ।

उत्तरी अमेरिका का भू-भाग विविध बहुमूल्य खनिज के निक्षेपों से परिपूर्ण है । यहाँ के स्वर्ण निक्षेप प्राचीन समय से ही लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहे हैं । इनमें लौहखनिज, ताँबा, निक्कल, चाँदी और जस्ता आदि प्रमुख खनिज निक्षेप हैं। इस भाग में काफी मात्रा में कोयला, पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैसें पायी जाती है ।

उत्तरी अमेरिका में सर्वप्रथम खनिज की खान (स्वर्ण) सोने की खान है। कैलिफोर्निया और यूकाटन घाटी स्वर्ण खानों के प्रमुख प्रदेश हैं । सुपीरियर झील और उसके चारों और के प्रदेश काफी मात्रा में लौह खनिज निक्षेप के लिए प्रख्यात हैं। अत्यंत उत्कृष्ट प्रकार (कोटि) का लौह खनिज केनेडियन भूपटल पर तथा उसके चारों ओर के प्रदेशों में देखा जा सकता है । मेक्सिको विश्व का प्रमुख 'चाँदी' उत्पादन करनेवाला राष्ट्र रहा है । अमेरिका का संयुक्त राज्य विश्व का सर्वाधिक तांबा उत्पादन राष्ट्र है । कनाडा में भी ताँबे की खानें हैं ।




स्वर्ण



लोहा



इस्पात




कोयला


@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED




तांबा



निकल



चांदी



सतु

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उत्तर अमेरिका में यहाँ के अपलेशीयन प्रदेश में उत्तम स्तर (कोटि) के कोयले की खान (निक्षेप) है । अमेरिका का संयुक्त राज्य विश्व का सर्वाधिक कोयला निर्यात करनेवाला देश है । पेसिफिक महासागर के तटीय प्रदेशों में प्राकृतिक गैसों के अधिक निक्षेप हैं । संयुक्तराज्य अमेरिका पेट्रोलियम उत्पादन के यह विश्व में सर्वाधिक परमाणु शक्ति उत्पादन करनेवाला देश भी है ।

उत्तर अमेरिका के देशों में संयुक्त राज्य और कनाड़ा औद्योगिकीकरण का केंन्द्र रहा है । यहाँ उपलब्ध - लौह खनिज, कोयला, ताँबा, बाक्साइट जैसे कच्चे माल काफी उद्योगों में सहायक हैं । विद्युत शक्ति, यातायात और आधुनिक तकनीकी की उपलब्धि इसके विस्तृत उद्योग का प्रमुख कारण बना है ।

आइरी, सुपीरियर और मिशिगन झीलों के प्रदेशों में लौह तथा इस्पात उद्योग का उन्नत विकास देखा जा सकता है । इसके लिए यहाँ के कच्चा माल और जल



पिट्बर्ग (स्टील सिटि)

यातायात विशिष्ट रूप से सहायक रहे हैं । यहाँ के पिटसबर्ग नगर को 'इस्पात नगर' कहा जाता है । लौह उद्योग ही मुख्य उद्योग होने के कारण यह अन्य उद्योगों जैसे आटोमोबाइल्स, जहाज निर्माण, लोकोमोटिव्स, भारी इंजीनियरिंग, विमान निर्माण आदि उद्योगों के विकास के लिए सहायक है ।

पेड़ों की छाल, कागज और समाचारपत्र को अमेरिका के संयुक्त राज्य और कनाडा उत्पादित करता है । मृदु (कोमल) लकड़ी की छाल कागज, कार्ड बोर्ड और समाचार पत्र को तैयार करने के लिए उपयोग किया जाता है । छाल को कृत्रिम रेशे तैयार करने के लिए प्रयोग किया जाता है । कागज, छाल तथा समाचार पत्र के निर्यात करने में कनाडा अत्यंत प्रमुख राष्ट्र है । पेडों को काटने से संबंधित उत्तरी अमेरिका में उत्तम संघटन कार्य है । कनाडा में पेड़ों को काटने के कार्य पर अवलंबित (निर्भर) लोगों को ''लंबर जाक्स'' कहा जाता है । रासायनिक उद्योग कृत्रिम रबड, प्लास्टिक, रासायनिक खाद, और औषधि जैसे विभिन्न वस्तुओं को उत्पादित करते हैं । आजकल प्लास्टिक के बदले लकड़ी का अधिक उपयोग किया जा रहा है । अमेरिका के संयुक्त राज्य के सभी भागों में प्लास्टिक को तैयार किया जाता है । शिकागो नगर प्लास्टिक उद्योग के लिए विख्यात है ।




शिकागो के औद्योगिक नगर

प्रमुख उद्योग में मांस को डिब्बों में भरना एक है, जो कई केंद्रो में होता है । इनमें प्रमुख रूप से शिकागो, कान्सास नगर, और सेंट लुइस में विस्तृत रूप से यह उद्योग फैला हुआ है । विद्युत और इलेक्ट्रानिक्स वस्तुएँ भी अधिक मात्रा में संयुक्त राज्य और कनाडा राष्ट्रों से निर्यात होती हैं ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

जनसंख्या

सामान्यतः उत्तरी अमेरिका के लोग यूरोपीय, अमेरिकी भारतीय और अफ्रीकी लोग हैं । उनमें अधिकतर लोग स्पेनिश (स्पेनीय) अंग्रेजी, फ्रेंच अथवा अमेरिकी भारतीय भाषा बोलने वाले लोग हैं ।



उत्तर अमेरिका - जनसंख्या

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उत्तर अमेरिका के पूर्वी भाग में अत्यंत अधिक जनघनत्व देखा जा सकता है । यहाँ अधिक नगरीकरण है। उदाहरण के लिए न्यूयार्क, वाशिंगटन, शिकागो आदि । किन्तु इस भू - भाग के अधिकतर भाग सामान्यतः बर्फ से ढके होने के कारण खाली लक्षणों से युक्त हैं ।

अमेरिका के संयुक्त राज्य का नगर केंद्र और उद्योगवाले प्रदेश अधिक जनघनत्व से युक्त प्रदेश हैं । उत्तरी अमेरिका के 98% प्रतिशत जनसंख्या नगर की जनसंख्या है ।

नये शब्दः

पैरीस, केरिबियन, पर्वत श्रेणियाँ, राकीस, अपलेशियन, केनेडियन, परतदार पर्वत, भूपटल, महाकंदरा (गुफा), होम्स, हरिकेस, टर्नोडो, टंड्रा, हिम हिरन, कारिषो, कारिबो, तैगा, फसल तालिका कार्न, जाटस, धूल का टोकरा (डस्ट बाउल), कोकिंग, लोको मोटिव्स, लंबरजाक्स ।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास

I. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :

1. उत्तरी अमेरिका महाद्वीप को ———— महाद्वीप कहा जाता है ।
2. कनाडा में लकड़ी काटने के पेशे पर निर्भर लोगों को ———— कहा जाता हैं ।
3. ———— को विश्व का गेहूँ भंडार कहा जाता है ।
4. शंकधारी वन को ———— कहा जाता है ।

II. दो या तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

5. उत्तरी अमेरिका की स्थिति और विस्तार के बारे में लिखिए ।
6. उत्तरी अमेरिका के प्रमुख राष्ट्रों की सूची बनाइए ।

7. उत्तरी अमेरिका का ''ग्रैंड केनन'' कैसे निर्मित हुआ है ?

8. उत्तरी अमेरिका के प्रमुख वनस्पति और प्राणियों के नाम लिखिए ।

9. उत्तरी अमेरिका की प्रमुख नदियों की सूची बनाइए ।

10. उत्तरी अमेरिका में पाए जाने वाले प्रमुख जन और उनकी भाषा के बारे में लिखिए ।

क्रिया कलाप :

- उत्तरी अमेरिका का बाह्य रेखा नक्शा बनाकर उसमें एटलस की सहायता से प्रमुख पर्वत, नदी, झील, मैदानों को नामांकित कीजिए ।
- उत्तरी अमेरिका में पाए जाने वाले प्रमुख वनस्पति वर्ग और प्राणि वर्गें की सूची बनाकर उनके चित्रों का संग्रह कीजिए।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

☆ ☆ ☆

अध्याय 14	दक्षिणी अमेरिका

F6Z7S2

पाठ परिचय

इस पाठ में दक्षिणी अमेरिका की स्थिति, विस्तार और भौतिक अंश, नदी और झील, जलवायु, प्राकृतिक वनस्पति, वन्यजीव, कृषि और पशु-पालन, जनसंख्या नियोजन, जनजाति, वितरण और घनत्व का परिचय प्राप्त करेंगे ।

सामर्थ्य

1 दक्षिणी अमेरिका की स्थिति, विस्तार और भौगोलिक परिवेश की जानकारी प्राप्त करना ।

2 दक्षिणी अमेरिका की नदियों और झीलों के बारे में जानना ।

3 दक्षिणी अमेरिका की जलवायु भिन्नता, विविध प्राणिवर्ग और वनस्पती वर्ग के बारे में जानना ।

4 दक्षिणी अमेरिका की कृषि और पशु-पालन की विशेषताओं को जानना ।

5 दक्षिणी अमेरिका की जनसंख्या, जनांगीय मिश्रण, वितरण, घनत्व आदि जानना।

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

दक्षिणी अमेरिका विश्व का चौथा बडा भू-भाग है । यह लैटिन अमेरिका का एक भाग है । ई सन 1498 में क्रिस्टोफर कोलम्बस इस भूभाग पर पहुँचा और उसे भारत समझकर वहाँ के गेहुँए रंग के स्थानीय लोगों को देखकर उन्हें ''रेड इंडियन'' कहा। तत्पश्चात यूरोपीयन लोग (स्पेनिश और पुर्तगली) इस स्थान को प्राप्त करना चाहते थे ।

दक्षिणी अमेरिका एण्डीजपर्वत तथा अमेजॉन नदी से युक्त विशेष भू-भाग है यह विश्व का सर्वाधिक कहवा उत्पादन क्षेत्र है । इसे सामान्यतः ''कम जनसंख्या वाला प्रदेश'' और ''घास का मैदानी प्रदेश'' कहा जाता है ।

1.स्थिति, विस्तार और भौतिक अंश

इसका अधिकतम भाग मुख्यरूप से दक्षिणी गोलार्ध में देखा जाता है । भूमध्य रेखा और मकर रेखा इस भू-भाग से होकर गुज़रती है ।



दक्षिणी अमेरिका (प्राकृतिक)

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

यह उल्टा त्रिकोणाकार क्षेत्र है । इसका उत्तरी भाग चौडा और दक्षिणी छोर बहुत छोटा है । इसका उत्तरी अक्षांश विस्तार 12^0 उत्तर से 56^0 दक्षिण तक है । तथा 35^0 पूर्व देशांतर से 81^0 पश्चिम देशांतर तक विस्तृत है । दक्षिण अमेरिका पश्चिमी गोलार्ध में स्थित है ।

दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी भाग को छोडकर शेष अन्य भाग जलभाग से घिरा हुआ है। उत्तर में पनामा नहर उत्तरी अमेरिका और दक्षिण अमेरिका को अलग करता है। इसे उत्तर में केरेबियन समुद्र की सीमा, पूर्व में तथा दक्षिण-पश्चिम में अटलाण्टिक महासागर पश्चिम में पेसिफिक (प्रशांत) महासागर और दक्षिण में अंटार्कटिक सागर हिमजल से आवृत्त है ।

दक्षिणी अमेरिका का कुल भूभाग लगभग 178.4 लाख कि.मी. क्षेत्रफल में विस्तृत है। यह भारत से 5.4 गुना बड़ा है । इस भू-भाग में कुल तेरह राष्ट्र हैं। ब्राजील अत्यंत विशाल और फ्रेंच गयाना अत्यंत छोटा राष्ट्र है । बोलीविया और परागुवे को छोड़कर दक्षिण अमेरिका के सभी देश तटीय क्षेत्रों से युक्त हैं । चिली देश सबसे संकीर्ण राष्ट्र है ।

- पनामा नहर (1912) उत्तरी अमेरिका और दक्षिणी अमेरिका के मध्य का मुख्य समुद्री मार्ग है ।
- अर्जेंटाइना और ब्राजील फुटबॉल खेल के लिए प्रसिद्ध हैं ।
- 2020 में जापान के टोकियो में ओलंपिक खेलों का आयोजन हुआ था।
- वेनिजुएला देश मॉडलिंग और विन्यास के लिए प्रसिद्ध है ।
- सावो पोलो-सिटी ऑफ स्कास्केपर (गगन चुम्बी का शहर) के नाम से प्रसिद्धध है।

2. ऊपरी (सतही) लक्षण :

दक्षिणी अमेरिका विशेष सतही लक्षणों से युक्त है । यह हिम से आवृत्त शिखर और घने (उष्णक्षेत्र) समभाजक वृत्त के वनों से युक्त हैं । यह भू-भाग अत्यंत

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

उपजाऊ मैदानी प्रदेशवाला है। साथ ही अनुपयुक्त मरुस्थलवाला प्रदेश भी है। इसके प्रमुख प्राकृतिक विभाग ये हैं :

1. एण्डीज पर्वत
2. पूर्वी उन्नत प्रदेश
3. केन्द्रीय निम्न ढलवाँ प्रदेश
4. पश्चिमी तटीय मैदान

1. एण्डीज पर्वत :



एण्डीज पर्वत

पेसिफिक (प्रशांत) महासागर के तटीय क्षेत्र लगभग 6,440 कि.मी. दूर तक फैले हुए विश्व के अत्यंत लम्बी पर्वत श्रेणी वाले क्षेत्र हैं । पेसिफिक सागर के ज्वालामुखी के आग के गोलेवाले प्रदेश में होने के कारण इस भाग में कभी कभी भूकम्प और ज्वालामुखी के भागों को पहचान की जा सकती है । माउन्ट ''अकांकुगुवा'' (6,960 मीटर) अर्जेंटाइना चिली सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित अत्यंत ऊँचे शिखर है। एण्डीज पर्वतीय प्रदेश ताँबा और टिन (जस्ता) जैसे समृद्ध खनिज पदार्थ से युक्त हैं।

2. पूर्वी उन्नत प्रदेश :




एन्जल जलप्रपात

यह प्रदेश दो विभिन्न उन्नत प्रदेशों से युक्त है । - (1) उत्तरी क्षेत्र का गयाना उन्नत प्रदेश (भूपटल) (2) दक्षिणी ब्राजील का उन्नत प्रदेश (भूपटल) ये प्रदेश भारत के दक्षिणी पठार के समान ही प्राचीन शिलाखण्डों द्वारा निर्मित हैं । ओरिनोको नदी की उपनदी 'चूरन' द्वारा विश्व का अत्यंत ऊँचा एन्जल जलप्रपात (974 मीटर) गयाना भू-भाग में निर्मित है ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

3 केन्द्रीय (निम्न) ढलवाँ प्रदेश :

केन्द्रिीय ढलवाँ (निम्न) प्रदेश एण्डीज पर्वत तथा पूर्व उन्नत भू-भाग के बीच देखे जा सकते हैं । यह विशाल नदी के जलानयन प्रदेश से जुडा हुआ हैं। अमेजॉन, ओरिनोको और लाप्लाटा नदी मुखज भूमि है। उनमें अमेजॉन नदी बेसिन प्रदेश-सबसे बड़ा और सबसे प्रसिद्ध है।



टिटिकाक झील

4 पश्चिमी तटीय मैदान

ये छोटे मैदानी प्रदेश है । जो पेसिफिक महासागर और एण्डीज पर्वत श्रेणी के बीच देखे जा सकते हैं । पश्चिमी तटीय भाग जहाँ-तहाँ सांघितुम्त हैं इन्हे छोडकर अधिकतर भाग कटे-फटे से हैं । क्यों कि तटीय भागों से एण्डीज पर्वत ढलवाँ रूप में एकदम से ऊँचे हो गए हैं । केन्द्रीय चिली और कोलम्बिया के पश्चिमी तटीय क्षेत्र में छोटा तटीय मैदान देखा जा सकता है । यह तटीय क्षेत्र भी कटा - फटा सा है । कई बडे नगर तटीय मैदानी क्षेत्र में बसे हैं । तटीय दक्षिणी भाग में और अन्य किनारों पर कुछ द्वीप हैं ।

© IBO NOT TO BE REPUBLISHED

नदियाँ और झीलें

अमेजॉन,पराना, फरग्वे, उरग्वे और ओरिनोको दक्षिण अमेरिका की प्रमुख नदियाँ हैं। ये नदियाँ प्रमुख नदीव्यूह सा बनाती हैं। अमेजॉन (6,450 कि.मी.) नदी का उद्गम एण्डीज पर्वत से होता है यह दक्षिण अमेरिका की सबसे लम्बी नदी होने के साथ-साथ विश्व की अत्यंत बड़ी चौड़ी नदी भी है। यह नदी अपने लम्बे रास्ते तक नौकायान के लिए अनुकूल है । ओरिनोको एक अन्य प्रमुख नदी है । परानाा, फरग्वे, तथा उरग्वे नदियों के समूह को 'लाप्लाटा' कहा जाता है ।

टिटिकाक झील (बोलीविया) विश्व की अत्यंत ऊँची झील है । और दक्षिण अमेरिका के नौकायान में सहायक झील है ।



दक्षिणी अमेरिका की नदियाँ

➢ अमेजॉन - नदी
- अनाकोण्डा और पिरान्ह
- अत्यंत बडी नदी, 1,000 से भी अधिक उपनदियाँ
- विश्व के भू-भाग का लगभग 11.50% भू-भाग

3 जलवायु

दक्षिणी अमेरिका में जलवायु की विविधता देखी जा सकती है । इस भाग की जलवायु में विविधता, यहाँ के अक्षांश की ऊँचाई तथा पेसिफिक और अटलाण्टिक महासागर की निकटता के कारण है ।

इस भाग के उत्तरी क्षेत्र से भूमध्य रेखा होकर गुजरती है, तो दक्षिण में मकर रेखा होकर गुजरती है । इन दोनों अक्षांशो के मध्य का भू-भाग उष्ण क्षेत्र में आता है। उत्तर की ओर चौडा भू-भाग उष्ण क्षेत्र की जलवायु से प्रभावित हैं । इससे यहाँ की जलवायु गर्म और आर्द्रतापूर्ण है । भूमध्य रेखीय प्रदेश होने के कारण अमेजॉन नदी का क्षेत्र (मैदान) उष्ण तथा आर्द्रतापूर्ण जलवायुवाला है । यह प्रदेश अधिकतर प्रतिदिन 'स्थलीय वर्षा' पाता है । इस प्रदेश में होनेवाली भारी वर्षा घने जंगलों के विकास का कारण हैं । अमेजॉन नदी की मुखज (द्रोणी) भूमि भी घने जंगलों से युक्त है । यह वनस्पति तथा प्राणि वर्ग (जीव जन्तु) के लिए आश्रय स्थल है । सरीसृप, पक्षी और बंदर इस प्रदेश में सामान्यतः देखे जा सकते हैं ।

एक भू-भाग की जलराशी सुबह से सूर्य के ताप से बाष्प बनकर ऊपर उठती है और बादल बनकर उसी समय उसी प्रदेश में बरसती है इसे ''स्थानीय (स्थलीय) वर्षा'' कहते हैं । भू-मध्य रेखीय (समभाजक वृत्त) प्रदेश में होने वाली स्थानीय वर्षा को उसी नाम से जाना जाता है । जैसे - दोपहर की वर्षा, चाय-विराम की वर्षा और चार बजे की वर्षा कहते है।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

इस भाग के पश्चिमी तट पर एण्डीस पर्वत फैला हुआ है । समुद्र तटीय क्षेत्रों में बहनेवाले मानसून हवा के रुख की ओर बहकर वर्षा लाती है । किंतु एण्डीज पर्वत के पूर्वी भाग कम वर्षा प्राप्त करते हैं । यही वर्षा छायावाले प्रदेशों में होती है और दक्षिण अमेरिका के समशीतोष्ण क्षेत्र के मरुस्थल भी यहीं हैं । अटाकामा मरुस्थल (चिली) यब धरती का अत्यंत शुष्क प्रदेश है। पिछले 200 वर्षों से यहाँ वर्षा नहीं हुई है।



अटाकामा मरुस्थल

4 प्राकृतिक वनस्पति



सदाबहार वन



सेल्वास

अमेजॉन नदी का मैदान - समभाजक वृत्त (भूमध्य रेखीय) प्रदेश घने तथा ग्रीष्म क्षेत्र के वर्षा वाले जंगलों का है । ये स्थानीय रूप से ''सेल्वास'' कहे जाते है। मजबूत लकडीवाले सदाबहार वन घने तथा छत्राकार, छायावाले वृक्षों से यह भाग परिपूर्ण है । महागनी तथा एबोनी वृक्ष इस प्रदेश में अधिक पाए जाते हैं । जो बहुमूल्य हैं । यहाँ प्राप्त रबड के वृक्ष 'ल्याटिक्स' (रबड का दूध) निकालने के लिए उपयोग किए जाते हैं । भू-मध्य रेखीय प्रदेश के वनों के दोनों पार्श्व भागों में घास के मैदान देखे जा सकते हैं । इन्हें ओरोनोको नदी के मैदान में 'ल्यानास' कहा जाता है । ब्राजील के उन्नत भागों में (वेनेजुएला) कांपास कहा जाता है। ब्राजील के आग्नेय समुद्री तट उष्ण क्षेत्र के पर्णपाती वनों से परिपूर्ण है ।

NOT TO BE REPUBLISHED © BALBHARATI



NOT TO BE REPUBLISHED © KTBS

दक्षिणी अमेरिका की स्वाभाविक सस्यवर्ग

दक्षिण अमेरिका के घास के मैदानी प्रदेश -

- वेनेजुएला के लानास (Lianos)
- ब्राजील के कम्पास (Compos)
- अर्जेंटाइना के पम्पास (Pampos)

ग्रानचाको (शिकार के क्षेत्र) प्रदेश के दक्षिणी भाग (अर्जेंटाइना और उरग्वे अत्यंत विस्तृत समशीतोष्ण क्षेत्र वाले घास के मैदानी प्रदेश है । इन्हें पंपास कहा जाता है । एण्डीज पर्वत के पूर्व का भाग पेंटागोनिया पठारी भाग है। जो छोटी (नाटे) वनस्पतियों से युक्त समशीतोष्ण प्रदेश के मरुस्थल वाला क्षेत्र है । केन्द्रीय प्रदेश मिश्रजाती के वनों से भरा है ।



समशीतोष्ण क्षेत्र के घास के मैदान


5 वन्य जीवजन्तु -

दक्षिण अमेरिका विविधता पूर्ण जीव जन्तुओं, पक्षी सरीसृपवाला देश है । इस देश को ''पक्षियों का धाम'' भी कहा जाता है । ''कांडर'' विश्व का अत्यंत बडा पक्षी है । आफ्रिका के आस्ट्रिच (शुतुरमुर्ग) के समान 'रिया' भी न उडने वाला एक बड़ा पक्षी है । उड़नेवाले बंदर, अजगर (अनकोंडा) यहाँ के वर्षा युक्त जंगल में वास करनेवाली अत्यंत बड़े सरीसृप हैं । प्यूमा (पूमा) और जेगुवार बडे प्राणी है । जो बंदर और अन्य छोटे - छोटे जीवजंतु को अपना आहार बनाते हैं । लामा और अलपाक ऊँट जैसे जानवर हैं । जो लम्बे गर्दन वाले हैं । इन्हें स्थानीय निवासी अपने दैनिक कार्य के लिए उपयोग करते हैं । गाल्पगोस द्वीप बड़े आकार के कछुओं के लिए प्रसिद्ध है । वहाँ की मक्खियाँ और कीट (कीडे-मकोडे) निद्रा-हीनता के कारण वने हैं। अमेजॉन नदी अपने वैविध्यमय मछलियों के लिए प्रसिद्ध है । उनमें स्टिंगरे, एलेक्ट्रिक फिश और पिराहन (विश्व की अत्यंत खतरनाक मछली) प्रमुख हैं । इन नदियों में मगरमच्छ भी हैं ।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED




लामा



जेगुवार



कांडर



अनकोंडा




अलपाक



यूमा



कछुआ



पिरान्हन मछली



रिया

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

कृषि और पशु-पालन

दक्षिण अमेरिका में कृषि योग्य भूमि बहुत कम है । यहाँ केवल 10 प्रतिशत खेती योग्य भूमि में व्यवसाय संबंधी फसल उगाया जाता है । प्रमुख रूप से कृषि प्रदेश अर्जेंटाइना पंपास और उरग्वे ब्राजील के उन्नत प्रदेश के भाग और मध्यचिली के पूर्वी समुद्र तट के भाग हैं । दक्षिण अमेरिका को अत्यंत प्रमुख फसलें मक्का, ज्वार, गेहूँ, धान, कहवा, कपास, गन्ना आदि हैं ।



कहवा (कॉफी)



गन्ना

मक्का दक्षिण अमेरिका की देशीय फसल है और यह गर्म उष्ण प्रदेश में अत्यंत प्रमुख खाद्य पदार्थ है । अर्जेंटाइना तथा चिली देशों के ठंडे समशीतोष्ण प्रदेश में गेहूँ बाह्य देशों को निर्यात होता है । एण्डीज के विशाल पर्वतीय प्रदेश में आलू उगाया जाता है । ब्राजील के समुद्र तटीय प्रदेश में धान उगाया जाता है ।

ब्राजील को ''विश्व का कहवा पात्र'' कहा जाता है । ''कहवा'' ''काफा'' से लिया गया शब्द है । अफ्रिका के इथियूपिया देश के काफी प्रदेश में मुख्य रूप से इसे काफा अथवा काफी (कहवा) कहते है ।

फझेंण्डा ब्राजील में अत्यंत बडा 'कॉफी का बागान' है । यहाँ हजारों कहवा के बगीचे हैं ।

रियो-डि-जेनेटो को ''विश्व का कहवा बंदरगाह'' कहते हैं ।


खाद्य पदार्थों से भिन्न कॉफी (कहवा) और कोको उत्पादन में दक्षिण अमेरिका एक प्रमुख राष्ट्र है । विश्व में सर्वाधिक कहवा उत्पादन ब्राजील में होता है । कोलंबिया तथा इक्वेडोर भी कहवा उत्पादन के अन्य प्रमुख प्रदेश है । ब्राजील के समुद्रीय तट पर काफी मात्रा में कोको का उत्पादन किया जाता है । कोलम्बिया और इक्वेडोर कोको उत्पादन के अन्य राष्ट्र है ।

© SCERT NOT TO BE REPUBLISHED

एण्डीज प्रदेश के शुष्क ढलाऊँ प्रदेश में कपास का उत्पादन किया जाता है । तथा अन्य राष्ट्रों को निर्यात किया जाता है । दक्षिण अमेरिका गन्ना उत्पादन का प्रमुख राष्ट्र है । ब्राजील गन्ना उत्पादन का प्रमुख राष्ट्र है, यह विश्व का दूसरा प्रमुख अधिक गन्ना उत्पादन का राष्ट्र है ।



भेड़ पालन



पशु पालन

पशुपालन के लिए पंपास के घास के मैदान उपयुक्त हैं । पशु पालन में मुख्यतः घोड़े, सुअर, भेड़ तथा गाय, भैंस जानवर आते हैं । एक जमाने में गाय का मांस अधिक मात्रा में निर्यात करने में अर्जेंटाइना विश्व का प्रमुख देश था । मांस के लिए पशु पालन तथा चारे के लिए पंपास उत्तम घास के मैदान हैं । यह उत्तम तथा घने हरे चारे का प्रदेश है । दुग्ध उत्पादन (डेरी उत्पादन) के लिए पशु -पालन के लिए तथा कम मात्रा में चारे का क्षेत्र पेन्टागोनिया का मैदान तथा पर्वतीय भाग भेड़ पालन के लिए उपयुक्त हैं । चरवाहों को ''गौशोस'' कहा जाता है । वे भेड़ों का पालन करते हैं ।

पेसिफिक महासागर के तटीय क्षेत्रों में अति उत्तम मत्स्योद्यम का प्रदेश है। पेरु और चिली देशों के समुद्र तटीय क्षेत्र प्रमुख मत्स्य पालन केन्द्र हैं । किन्तु यहाँ की मछलियाँ खाद्य की तुलना में अधिक मात्रा में उद्योग के लिए उपयोग की जाती हैं । टिटिकाका झील तथा अमेजॉन नदी मीठे पानी की मछलियों को पकड़ने के लिए प्रसिद्ध हैं ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED





मछली पकड़ना


6 जनसंख्या

दक्षिण अमेरिका के निवासी मिश्र जाति के समूह में गिने जाते हैं । यूरोपीय सोने की खोज में आए यहीं निवास करने लगे, यहाँ के बागानों में कार्य करने के लिए आफ्रिका से गुलाम बुलाए गए । इन समूहों के बीच विवाह संबंध स्थापित हुए। जिनके परिणाम स्वरूप मिश्र जाति का निर्माण हुआ । यहाँ तीन प्रमुख जातियाँ हैं।

दक्षिण अमेरिका विश्व के कुल नगरीकरण (47%) से अधिक मात्रा में नगरीकरण (80%) वाला देश है । अत्यधिक जनसंख्या वाले देश उरग्वे में भी (93%) और कम जनसंख्या वाले देश गयाना में (36%) भी नगरीकरण अधिक है ।

घने जंगलोंवाला अमेजॉन क्षेत्र तथा एण्डीज पर्वत, अटाकाया मरुस्थल तथा पेंटागोनिया जैसे घने जंगलोंवाले क्षेत्र में कम जनसंख्या देखी जाती है । ग्रान चाको (शिकार प्रदेश) और गयोना जैसे उन्नत प्रदेशों में भी जनसंख्या बहुत कम है । जनसंख्या का अत्यधिक केन्द्रीकरण बृहत नगरों और बन्दरगाह वाले ब्यूनेस आयर्स, रियो-डि-जेनेरो, वालपेरसो सावो पोलो आदि नगरों में पाये जाते हैं ।

© BSTBS NOT TO BE REPUBLISHED



दक्षिण अमेरिका - जनसंख्या (जन घनत्व)

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

दक्षिण अमेरिका महाद्वीप कम जनसंख्या वाले भू-भाग हैं - अत्यधिक जन मुख्यतः समुद्र तटीय प्रदेशों में निवास करते हैं । भू - भाग का केन्द्रीय भाग कम जनसंख्या वाला है । इस कारण यह भाग ''खोखली भूमि'' कहा जाता है ।

दक्षिण अमेरिका विश्व की कुल जन्म दर के समान ही आँकडे (21/1000) वाला देश है । किंतु मृत्युदर विश्व के कुल (9/1000) दर से कम (6/1000) है। इस कारण दक्षिण अमेरिका की स्वाभाविक जनसंख्या बढत (विकास) दर विश्व के कुल दर से अधिक है ।

नवीन शब्द -

रेड इंडियन, एण्डीज, गयाना, ओरिनोको, अमेजॉन, लाप्लाटा, ग्रान चाको, गालपगोस, होर्नोस, पारान, पुरागुवे, युरुग्वे, टिटिकाक, उष्णोदक, शीतोदक, भूमध्य, सेल्वास, ल्याटेक्स, गौचोस, कांपास, पंपास, पिराना, पेंटागोनिया, अटाकामा ।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास

I. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए :

1. दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप के मूल निवासियों को ———— कहा जाता है ।
2. दक्षिणी अमेरिका का सबसे बड़ा राष्ट्र/राज्य ———— है।
3. दक्षिणी अमेरिका में पाये जाने वाले विश्व का सबसे ऊँचा जलप्रपात ——— है ।
4. विश्व की सबसे ऊँची झील ———— है ।
5. दक्षिणी अमेरिका में पाया जानेवाला घास का मैदान ———— है ।

II. दो या तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

1. दक्षिणी अमेरिका की स्थिति और विस्तार बताइए ।
2. दक्षिणी अमेरिका के प्रमुख 'घास के मैदान' के बारे में लिखिए ।
3. दक्षिणी अमेरिका के प्रमुख वनस्पति और वन्यजीवियों का नाम बताइए ।
4. दक्षिणी अमेरिका में अत्यधिक जनघनत्ववाले प्रमुख नगरों का नाम बताइए।

क्रिया कलाप :

- दक्षिण अमेरिका का बाह्य रेखा चित्र (नक्शा) बनाकर एटलस की सहायता से देशों तथा उनकी राजधानी, प्रमुख पर्वत, नदी, झील, घास के मैदान आदि की सूची बनाकर नक्शे में प्रदर्शित कीजिए ।
- दक्षिण अमेरिका में पाए जाने वाले प्रमुख वनस्पति, पशु पक्षियों की सूची बनाकर उनके चित्रों का संग्रह कीजिए ।

@KTRS NOT TO BE REPUBLISHED

☆ ☆ ☆